लहरें में आज पढ़ें
फोन में गुम हम-तुम

दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज

दिल्ली/एनसीआर ◆ वर्ष/VOL : 3 अंक : 317 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ मार्गशीर्ष 2 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 5.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com | रविवार, 17 नवंबर, 2019 | www.dainiktribuneonline.com



एक देश-एक चुनाव से सहमत
-पेज 12

अग्नि मिसाइल का सफल रात्रि परीक्षण

बालासोर (एजेंसी) : भारत ने 2,000 किलोमीटर की मारक क्षमता वाली अग्नि-2 बैलिस्टिक मिसाइल का ओडिशा के बालासोर से सफल रात्रि-परीक्षण किया है। रक्षा सूत्रों ने कहा कि सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण समन्वित परीक्षण रेंज (आईटीआर) से किया गया। बताया जाता है कि अग्नि-2 मिसाइल का परीक्षण पिछले साल ही कर लिया गया था लेकिन रात के समय इसका परीक्षण पहली बार हुआ है। इसकी मारक क्षमता को दो हजार से बढ़ाकर तीन हजार किमी तक किया जा सकता है। अग्नि-2 मिसाइल न्यूक्लियर हथियार ले जा सकने में सक्षम है।

कुरैशी बने त्रिपुरा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस

अगरतला (एजेंसी) : जस्टिस एके कुरैशी ने शनिवार को त्रिपुरा हाईकोर्ट के नये चीफ जस्टिस के तौर पर शपथ ली। राज्यपाल रमेश बैंस ने यहां पुराने राजभवन में कुरैशी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब, हाईकोर्ट के दो न्यायाधीश, राज्य के मंत्रीगण और वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। जस्टिस कुरैशी मुंबई हाईकोर्ट के न्यायाधीश रह चुके हैं। वह त्रिपुरा हाईकोर्ट के पांचवें चीफ जस्टिस नियुक्त किये गये हैं। उन्हें न्यायमूर्ति संजय करोल की जगह नियुक्त किया गया, जिन्हें पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है।

इलाज के लिए अब विदेश जा सकते हैं नवाज शरीफ

लाहौर (एजेंसी) : पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को बीमार चल रहे पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को इलाज के वास्ते चार सप्ताह के लिये विदेश जाने की अनुमति दे दी। साथ ही अदालत ने इमरान खान सरकार को शरीफ का नाम बिना किसी शर्त के उन लोगों की सूची से हटाने का आदेश दिया, जिनके विदेश जाने पर रोक है। लाहौर हाईकोर्ट ने सरकार को झटका देने वाले अपने आदेश में यह भी कहा कि चिकित्सकों की सिफारिशों के आधार पर विदेश में रहने की अवधि बढ़ाई जा सकती है। शरीफ (69) प्लेटलेट कम होने समेत स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जटिलताओं से जूझ रहे हैं। उनका इलाज फिलहाल लाहौर के पास उनके घर में चल रहा है जहां एक आईसीयू बनाया गया है।

आज के अंक के साथ 4 पेज का साप्ताहिक 'लहरें' भी शामिल है।

ताऊ बोल्या संदीप जोशी

खट्टर ने मंत्रियों को बिठाया चेयर पर

खेल मंत्री चोखा मिल गया, इसनै टारगेट का बी ज्ञान सै अर गोल का बी।

तीसरे ही दिन बांग्लादेश फतह

इंदौर में शनिवार को जीत का जश्न मनाती टीम इंडिया। -एएफपी

कोहली ने तोड़ा धोनी का रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश को इंदौर टेस्ट में तीसरे ही दिन हराकर श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। भारत ने शनिवार सुबह अपनी पहली पारी 493 रन पर घोषित करके 343 रन की बढ़त हासिल की। वहीं, पहली पारी में केवल 150 रन बनाने वाले बांग्लादेश की पूरी टीम दूसरी पारी में 213 रन पर सिमट गयी। भारत के मयंक अग्रवाल को 243 रन की शानदार पारी के लिये 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। विराट कोहली की अगुवाई में भारत ने दसवीं बार पारी के अंतर से जीत दर्ज की, जो भारतीय रिकॉर्ड है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने 9 मैच पारी के अंतर से जीते थे। - पेज 11

दिल्ली हवा के साथ पानी भी खराब

21 शहरों में जांच : मुंबई में पेयजल सबसे साफ, शिमला सातवें, चंडीगढ़ आठवें पायदान पर

ट्रिब्यून न्यूज सर्विस
नयी दिल्ली, 16 नवंबर

दिल्ली की हवा ही नहीं, यहां का पानी भी देशभर में सबसे ज्यादा खराब है। केंद्र सरकार ने देशभर के 21 शहरों के पानी के नमूनों की जांच के बाद कहा है कि मुंबई का पानी सर्वोत्तम और दिल्ली का पानी सबसे खराब है। पानी की गुणवत्ता पर आयी इस रिपोर्ट में शिमला को सातवां और चंडीगढ़ को आठवां स्थान मिला है।

केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री रामविलास पासवान ने शनिवार को यह रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार शुद्ध पेयजल के मामले में प्रथम 5 शहर क्रमशः मुंबई, हैदराबाद, भुवनेश्वर, रांची और रायपुर हैं। बाकी शहरों में क्रमशः अमरावती, शिमला, चंडीगढ़, त्रिवेंद्रम, पटना, भोपाल, गुवाहाटी, बेंगलुरु, गांधीनगर, लखनऊ, जम्मू, जयपुर, देहरादून, चेन्नई, कोलकाता, दिल्ली हैं।

पासवान ने कहा कि मंत्रालय ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) से दिल्ली समेत सभी प्रदेशों की राजधानियों में नल से मुहैया हो रहे पीने के पानी की गुणवत्ता जांच करायी। जांच के नतीजों के आधार पर राज्यों, स्मार्ट शहरों और जिलों को रैंकिंग दी गई। पहले चरण में दिल्ली के विभिन्न स्थानों से पीने के पानी के नमूने लिए गए थे और दूसरे चरण में 20 राज्यों की राजधानियों से नमूने इकठ्ठा किए गये। इन्हें परीक्षण के लिए विभिन्न लैबोरेटरीज में भेजा गया। दिल्ली के विभिन्न स्थानों से लिए गये सभी 11 नमूने, गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतर पाए। जबकि, मुंबई से लिए 10 नमूने सभी 11 मानदंडों पर खरे पाए गए। हैदराबाद, भुवनेश्वर, रांची, रायपुर, अमरावती और शिमला के पानी के एक या उससे अधिक नमूने मानदंडों पर सही नहीं पाए गए। 13 राज्यों की राजधानियों जैसे चंडीगढ़, त्रिवेंद्रम, पटना, भोपाल, गुवाहाटी, बेंगलुरु, गांधीनगर, लखनऊ, जम्मू, जयपुर, देहरादून, चेन्नई और कोलकाता से लिए गए पानी के नमूनों में से कोई भी निर्धारित मानकों पर सही नहीं पाया गया। इस रिपोर्ट में पानी को गंदलेपन, गंध, कुल कठोरता, क्लोराइड, फ्लोराइड, अमोनिया, बोरोन जैसे मानकों पर परखा गया।

पासवान ने कहा कि तीसरे चरण के तहत पूर्वोत्तर राज्यों की राजधानियों, आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा घोषित स्मार्ट शहरों से पानी के नमूने इकठ्ठे किए गये हैं। इनकी जांच की जा रही है। परिणाम 15 जनवरी 2020 तक आ जाने की उम्मीद है।

पानी पर रिपोर्ट जारी करते केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान।

370 जितना ध्यान प्रदूषण पर दे सरकार : सिब्बल

नयी दिल्ली (एजेंसी) : कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल ने प्रदूषण को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ट्वीट किये। उन्होंने कहा, 'क्या अनुच्छेद-370 के पीछे राजनीति हमारे साफ हवा में सांस लेने के अधिकार से अधिक महत्वपूर्ण है? सरकार को वायु प्रदूषण पर भी उतना ही ध्यान देना चाहिए, जितना उसने अनुच्छेद-370 के मामले में दिया था।'

जावड़ेकर के ट्वीट पर केजरीवाल का जवाब

केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने ट्वीट किया, 'अरविंद केजरीवाल को माफी मांगनी चाहिए जिन्होंने 'चौकीदार चोर है' नारे का समर्थन किया था।' इसके जवाब में केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'सर, ये वक्त राजनीति करने का नहीं, बल्कि मिल कर प्रदूषण दूर करने का है। दिल्ली सरकार और दिल्ली के लोग मिलकर वो सब कर रहे हैं जो हमारे हाथ में है। हमें आपका सहयोग चाहिए सर।'

रूसी एस-400 की खरीद से पीछे नहीं हटेंगे : तुर्की

अंकारा, 16 नवंबर (एजेंसी)

अमेरिका की प्रतिबंध लगाने की धमकी के बावजूद सौदा

तुर्की ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका की प्रतिबंध लगाने की धमकी के बावजूद वह रूस से एस-400 प्रक्षेपास्त्र रक्षा प्रणाली की खरीद से कदम पीछे नहीं हटायेगा। तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के प्रवक्ता इब्राहिम कालिन ने एक साक्षात्कार में कहा कि कदम वापस खींचने का सवाल ही नहीं उठता।

तुर्की का रूस से सौदा और जुलाई में इस प्रणाली की आपूर्ति नाटो सहयोगियों तुर्की और अमेरिका के बीच तनाव का एक प्रमुख कारण है। अमेरिका ने पिछले महीने कहा कि अगर तुर्की ने एस-400 प्रणाली सक्रिय नहीं की तो उसे 2017 के कानून के तहत प्रतिबंधों से मुक्त कर दिया जाएगा।

सीएएटीएसए नाम का अमेरिकी कानून रूस से हथियारों की खरीद पर पाबंदी लगाने का अधिकार देता है। इस खरीद के परिणामस्वरूप तुर्की को एफ-35 युद्धक विमान कार्यक्रम से भी हटा दिया गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बुधवार को हुई एर्दोआन की बातचीत के एजेंडे में भी यह मुद्दा शामिल था।

सबरीमाला : कपाट खुले, 10 महिलाओं को लौटाया

सबरीमाला (केरल), 16 नवंबर (एजेंसी)



केरल में सबरीमाला स्थित भगवान अयप्पा के मंदिर के कपाट वार्षिक तीर्थयात्रा मंडल-मकरविलक्कू के लिए शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच खोल दिए गए और पहले दिन कड़ी सुरक्षा के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। वहीं पहले ही दिन पुलिस ने प्रतिबंधित उम्र की 10 महिलाओं को रास्ते से ही वापस भेज दिया। सुप्रीमकोर्ट की 5 सदस्यीय पीठ द्वारा सबरीमला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को प्रवेश और अन्य धर्म से जुड़े मामलों को वृहद पीठ को भेजे जाने के कुछ दिन बाद मंदिर को खोला गया। पिछले साल सुप्रीमकोर्ट द्वारा सभी महिलाओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति देने और राज्य की वाम मोर्चे की सरकार द्वारा इसका अनुपालन करने की प्रतिबद्धता जताने के बाद दक्षिणपंथी संगठनों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने बड़े पैमाने पर प्रदर्शन किए थे। हालांकि, इस साल सुप्रीमकोर्ट ने 10 से 50 आयु वर्ग की महिलाओं को मंदिर में प्रवेश देने संबंधी अपने फैसले पर रोक नहीं लगाई। लेकिन केरल सरकार ने इस बार कहा कि मंदिर आंदोलन का अखाड़ा नहीं है और उन महिलाओं को प्रोत्साहित नहीं करेगी जो प्रचार के लिए आएंगी।

मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, 16 डॉक्टरों पर केस दर्ज

पालघर (महाराष्ट्र), 16 नवंबर (एजेंसी)

यहां एक मेडिकल कॉलेज के 16 डॉक्टरों के खिलाफ एक छात्रा की कथित रूप से रैगिंग करने के लिए मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पालघर पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र के पालघर जिले में डॉ. एमएल ढवले मेमोरियल होम्योपैथिक संस्थान की 23 वर्षीय एक छात्रा ने आरोप लगाया कि गुरुवार को कॉलेज के एक कार्यक्रम की तैयारी के दौरान वरिष्ठ छात्रों के एक समूह ने उसकी रैगिंग की। पालघर पुलिस स्टेशन के जनसंपर्क अधिकारी हेमंत कातकर ने कहा कि पुलिस ने 16 वरिष्ठ डॉक्टरों के खिलाफ रैगिंग रोकथाम नियमावली 1999 की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि अभी कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

विदेशी मुद्रा भंडार 448 अरब डॉलर के नये रिकॉर्ड स्तर पर

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसी)

देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि जारी है। गत 8 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह 1.71 अरब डॉलर बढ़कर 447.81 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 3.5 अरब डॉलर बढ़कर करीब 446.1 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार की वृद्धि में विदेशी मुद्रा आस्तियों की वृद्धि का मुख्य योगदान है। आलोच्य सप्ताह के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.17 अरब डॉलर बढ़कर करीब 415.83 अरब डॉलर पर पहुंच गयीं। इस दौरान स्वर्ण भंडार 44.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 26.91 अरब डॉलर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से विशेष आहरण अधिकार 30 लाख डॉलर गिरकर 1.44 अरब डॉलर पर आ गया।

मझधार में महाराष्ट्र : राकांपा ने कहा

भाजपा को दलबदलुओं के पलटने का डर

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसी)

महाराष्ट्र में सरकार बनाने की कोशिशों के बीच सियासी हमले जारी हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा इस बात से घबराई हुई है कि 21 अक्तूबर को हुए विधानसभा चुनावों से पहले जिन राजनेताओं ने उसका दामन थामा था, वे अब उसका साथ छोड़ सकते हैं। इसलिए भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि वे राज्य में अगली सरकार बनाने जा रहे हैं।

राकांपा के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल के उस बयान के एक दिन बाद की, जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी पार्टी जल्द ही सरकार बनाएगी और उसके साथ निर्दलीयों समेत 119 विधायकों का समर्थन है। मलिक ने कहा कि पाटिल का दावा सही है तो भाजपा ने पहले ही सरकार बनाने का दावा क्यों पेश नहीं किया। मलिक ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस पर भी निशाना साधा। फड़णवीस ने अपनी हालिया टिप्पणी में कहा था कि गैर भाजपा सरकार 6 महीने से ज्यादा नहीं चलेगी। मलिक ने इस पर कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एक हारे हुए सेनापति की तरह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। हम मानते हैं कि वे हार चुके हैं और उन्हें यह स्वीकार करना होगा। वो हार स्वीकार करने को राजी नहीं हैं, लेकिन समय लगता है।'

सर्वदलीय बैठक में बिरला ने सभी पार्टियों से मांगा सहयोग

नयी दिल्ली : संसद के शीतकालीन सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस दौरान उन्होंने सभी दलों के नेताओं से सदन को सुचारू रूप से चलाने में सहयोग की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी बैठक में शामिल हुए। शीत सत्र 18 नवंबर से शुरू हो रहा है। बैठक के बाद बिरला ने कहा कि विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने उन मुद्दों के बारे में बताया, जो वह शीत सत्र में उठाना चाहते हैं। तृणमूल कांग्रेस के सांसद सुदीप बंदोपाध्याय ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि सर्वदलीय बैठक में उन्होंने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का मुद्दा उठाया।

आज एनडीए की बैठक में नहीं जाएगी शिवसेना

मुंबई (एजेंसी): शिवसेना ने कहा है कि वह संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को दिल्ली में होने वाली एनडीए घटक दलों की बैठक में शामिल नहीं होगी। पार्टी ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन से उसका बाहर निकलना लगभग तय है। महाराष्ट्र में सरकार गठन के लिए कांग्रेस और राकांपा के साथ बातचीत के बीच शिवसेना के वरिष्ठ नेता संजय राउत ने कहा, पार्टी चाहती है कि उनके अध्यक्ष उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बनें। राउत ने कहा कि शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस महाराष्ट्र में न्यूनतम साझा कार्यक्रम (सीएमपी) पर आम सहमति पर पहुंच गये हैं और दिल्ली में इस पर चर्चा की कोई जरूरत नहीं है। शिवसेना ने आरोप लगाया कि भाजपा की मंशा राज्य में 'खरीद-फरोख्त' में लिप्त होने की है। गौर हो कि लंबे समय से एनडीए का घटक दल रहे शिवसेना की महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणामों की घोषणा होने के कुछ दिन बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर भाजपा के साथ खींचतान चलती रही। शिवसेना का वर्तमान में केंद्र में कोई प्रतिनिधि नहीं है।

पायलट के आपात संदेश के बाद की मदद

पाकिस्तानी एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने बचाया भारतीय विमान

इस्लामाबाद, 16 नवंबर (एजेंसी)

पाकिस्तान के साथ अकसर गतिरोध की खबरें आती हैं, लेकिन इस बार एक सुखद समाचार आया है। पाकिस्तान के एयर ट्रैफिक कंट्रोलर ने बृहस्पतिवार को आपात स्थिति में घिरे एक भारतीय विमान को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया। 'द न्यूज इंटरनेशनल' की खबर के अनुसार जयपुर से मस्कट जा रहा यह विमान खराब मौसम के कारण मुश्किल में घिर गया था। सूत्रों के हवाले से आयी रिपोर्ट के अनुसार कराची क्षेत्र के ऊपर से उड़ान के दौरान विमान आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया था। वह 36 हजार फुट की ऊंचाई से गिरकर करीब 34 हजार फुट की ऊंचाई पर आ गया। नतीजतन पायलट ने आपात प्रोटोकॉल जारी किया और पास के स्टेशनों को 'खतरे' की सूचना दी। पाकिस्तान के हवाई यातायात नियंत्रक ने पायलट की चेतावनी पर तुरंत प्रतिक्रिया की और पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र में उसे निर्देशित किया। रिपोर्ट के अनुसार विमान में 150 यात्री सवार थे।

गौर हो कि गतिरोध के मद्देनजर करीब 5 महीने के प्रतिबंध के बाद पाकिस्तान ने 16 जुलाई को अपना हवाई क्षेत्र भारत के लिए खोला था। बालाकोट हवाई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने 26 फरवरी को अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था।

मिग-29 क्रैश, पायलट सुरक्षित



गोवा के दाबोलिम में शनिवार को क्रैश हुए मिग 29 का मलबा। (दाएं) हादसे में बचे पायलट कैप्टन एम. शिवखंड और लेफ्टिनेंट कमांडर दीपक यादव। - प्रेट्र

पणजी (एजेंसी) : नौसेना का एक मिग प्रशिक्षण विमान शनिवार दोपहर गोवा के एक गांव के बाहर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना के एक प्रवक्ता ने ट्विटर पर बताया कि प्रशिक्षण अभियान के दौरान, दाबोलिम में आईएनएस हंसा से उड़ान भरने के बाद एक मिग-29 प्रशिक्षण विमान के इंजन में आग लग गई। दोनों पायलट कैप्टन एम. शिवखंड और लेफ्टिनेंट कमांडर दीपक यादव सुरक्षित बाहर निकल गए। रियर एडमिरल फिलिपोज जॉर्ज पिनमूटिल ने बताया कि पायलट विमान को आबादी वाले क्षेत्र से दूर ले गया था, इस कारण कोई बड़ी दुर्घटना होने से बच गई।

epaper.dainiktribuneonline.com

अगले सप्ताह हो सकती है एडवाइजर और ओएसडी की नियुक्ति

कैबिनेट तैयार, मुख्यमंत्री अब बनाएंगे अपनी टीम

कई पुराने चेहरों पर फिर दांव लगा सकते हैं सीएम, नयों की भी एंट्री होगी

दिनेश भारद्वाज/ट्रिन्यू

चंडीगढ़, 16 नवंबर

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर कैबिनेट का गठन करने के बाद अब अपना कोर ग्रुप बनाने की तैयारियों में जुटे हैं। सीएमओ (मुख्यमंत्री कार्यालय) के गठन के लिये वे सशक्त और ऐसे चेहरों की तलाश में हैं, जो परफोरमेंस दे सकें। संभव है कि कुछ पुराने चेहरों पर फिर से दांव खेला जाये। सीएमओ में नयी एंट्री होने की भी उम्मीद है।

आमतौर पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने के तुरंत बाद ही सीएमओ का गठन हो जाता है, लेकिन इस बार मंत्रिमंडल विस्तार में ही 18 दिन लग गये। मनोहर लाल खट्टर ने 27 अक्तूबर को लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली थी। गठबंधन की सरकार होने और विधायकों के दबाव के चलते वे मंत्रिमंडल का विस्तार करने में ही 17 दिनों तक उलझे रहे। दो रोज पहले मंत्रिमंडल में 6 कैबिनेट और 4 राज्य मंत्रियों को वे शामिल कर चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि सीएम के प्रधान सचिव के तौर पर राजेश खुल्लर ही फिलहाल सीएमओ में बने रहेंगे। वी. उमाशंकर के भी सीएम के अतिरिक्त प्रधान सचिव बने रहने के आसार हैं। बताते हैं कि पहले कार्यकाल की तरह इस बार भी नीरज दफ्तुआर को ही प्रिंसिपल ओएसडी बनाया जा सकता है। पहले कार्यकाल के शुरुआत के एक वर्ष में सीएम के सबसे नजदीकी ओएसडी रहे जवाहर यादव की एक बार फिर एंट्री की संभावना बढ़ गई है।

हालांकि, उस समय कई मंत्रियों व विधायकों के विरोध के चलते जवाहर यादव को सीएमओ से बाहर होना पड़ा था। ओएसडी पद से हटाने के बाद सीएम ने जवाहर यादव को हाउसिंग बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त कर दिया था। इसी तरह से विजय शर्मा को भी ओएसडी पद से हटाया गया था। कैप्टन भूपेंद्र सिंह को भी ओएसडी से हटाकर कांफैड का चेयरमैन नियुक्त किया गया। मूल रूप से सोनीपत निवासी भूपेश्वर दयाल व करनाल में अमरेंद्र सिंह सीएम के ओएसडी बने रहे। इस बार इन दोनों चेहरों भूपेश्वर दयाल और अमरेंद्र सिंह में से किसकी एंट्री होगी, इसको लेकर कई सवाल उठे हुये हैं। एचसीएस अधिकारी के तौर पर बदलियों आदि के लिये नियुक्त किये गये ओएसडी अमरजीत सिंह आगे भी बने रह सकते हैं। मुकुल कुमार की जगह अमरजीत सिंह की सीएमओ में एंट्री हुई थी। अमरजीत सिंह को रोहतक के कलानौर हलके से चुनाव लड़वाये जाने की भी चर्चाएं थीं, लेकिन उनकी जगह रामअवतार वाल्मीकि पर पार्टी ने दांव खेला। माना जा रहा है कि अमरजीत सिंह को सीएम अपने साथ रख सकते हैं। सूत्रों का कहना है कि इसी तरह से सीएम द्वारा नियुक्त किये गये करीब आधा दर्जन सलाहकारों के पदों को लेकर इस बार बड़ी लॉबिंग चल रही है। सीएम ने आईटी के अलावा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ मुहिम के एडवाइजर के साथ-साथ मीडिया व राजनीतिक सलाहकार भी नियुक्त किये हुये थे। अमित आर्य को दिल्ली में सीएम का मीडिया एडवाइजर लगाया गया था। उनके लगातार दूसरी बार सीएम के साथ ही बतौर एडवाइजर बने रहने की प्रबल संभावना है।

संघ का भी रहेगा दखल

चंडीगढ़ में सीएम के मीडिया एडवाइजर रहे राजीव जैन को भी फिर से इसी पद पर लगाया जा सकता है। राजीव जैन को सीएमओ में कोई दूसरा पद भी मिलने की उम्मीद है। बहरहाल, सीएमओ में चुनाव के नतीजों से लेकर अब तक कोई एंट्री नहीं हुई है। राजनीतिक पदों पर नियुक्त हुए अधिकांश ओएसडी और एडवाइजर चुनावों की घोषणा के साथ ही इस्तीफे दे चुके हैं। माना जा रहा है कि इन नियुक्तियों में केंद्रीय नेतृत्व और संघ का भी दखल रह सकता है।

अपने चहेतों को ही एचसीएस लगाती थी कांग्रेस : राजीव जैन

चंडीगढ़, 16 नवंबर (ट्रिन्यू)

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रस सरकार के दौरान कांग्रस नेता व उनके चहेते अफसरों के बच्चों व रिश्तेदारों को ही एचसीएस भर्ती के योग्य माना जाता था। उन्होंने कहा कि सुरजेवाला बताएं कि आखिर क्यों एचसीएस भर्ती परिणाम जारी होने से एक-दो महीने पहले ही कांग्रेस के चहेते आवेदकों के नाम मीडिया में उजागर होते थे और उन्हीं के नाम फाइनल लिस्ट में पाए जाते थे।

सुरजेवाला के हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा की जा रही भर्ती प्रक्रिया पर सवाल उठाने पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पारदर्शी तरीके से 72 हजार युवाओं को प्रतिभा के आधार पर और बिना पर्ची-खर्ची के रोजगार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस पारदर्शी व्यवस्था के लगातार जारी रहने से कांग्रेसियों की बौखलाहट बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार युवाओं को बहला-फुसलाकर और रोजगार के सपने दिखाकर अपने चहेतों को एडजस्ट कराने का जो खेल खेलती आई है, आज वह व्यवस्था बंद हो चुकी है।

उपमुख्यमंत्री बनाने को दी थी चुनौती

दुष्यंत के खिलाफ दायर याचिका हाईकोर्ट में खारिज

अदालत ने मामले को सुनवाई योग्य ही नहीं माना

चंडीगढ़, 16 नवंबर (ट्रिन्यू)

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला के खिलाफ दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले को सुनवाई के योग्य नहीं माना। दरअसल, मोहाली निवासी और हाईकोर्ट अधिवक्ता जगमोहन सिंह भट्टी ने दुष्यंत को उपमुख्यमंत्री बनाये जाने को चुनौती दी थी।

उन्होंने अपनी याचिका में दलील दी थी कि संविधान में उपमुख्यमंत्री के पद का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में केंद्र व राज्य की सरकार किसी भी विधायक या सांसद को उपमुख्यमंत्री या उपप्रधानमंत्री नहीं बना सकती। हाईकोर्ट ने इस आधार पर याचिका को खारिज कर दिया कि उपमुख्यमंत्री बनने के बाद किसी तरह के आर्थिक खर्चे नहीं बढ़ते और न ही अतिरिक्त सुविधाएं मिलती हैं। यह केवल पदनाम है।

प्रदेश में भाजपा इस बार अल्मत में रही। 90 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा के केवल 40 ही उम्मीदवार चुनाव जीते। बहुमत के लिए कम से कम 46 विधायक होने अनिवार्य हैं। दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व वाली जजपा के 10 विधायक हैं। ऐसे में भाजपा ने जजपा और 7 निर्दलीयों के समर्थन से सरकार बनायी है। दोनों दलों भाजपा और जजपा में हुये समझौते के तहत मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री बने और दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। हरियाणा में उपमुख्यमंत्री बनाये जाने की परंपरा पहले भी रही है। पूर्व की हुड्डा सरकार ने अपने पहले कार्यकाल यानी 2005 में चंद्रमोहन बिश्नोई को उपमुख्यमंत्री बनाया था। हालांकि उस समय न तो गठबंधन की सरकार थी और न ही कांग्रेस अल्पमत में थी। पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में भी योगी सरकार ने दो-दो उपमुख्यमंत्री बनाये हुये हैं। पंजाब में पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व वाली अकाली-भाजपा गठबंधन सरकार में भी सुखबीर सिंह बादल उपमुख्यमंत्री पद पर थे। यहां बता दें कि भट्टी पहले भी हरियाणा व पंजाब में नियुक्तियों को लेकर हाईकोर्ट में चुनौती देते रहे हैं। मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति को भी वे चुनौती दे चुके हैं। हालांकि, अब मुख्य संसदीय सचिव लगाये जाने सरकारों बंद कर दिये हैं। मुख्य संसदीय सचिवों की नियुक्ति सीधे तौर पर नियमों के खिलाफ मानी गई थी। चूंकि जिन विधायकों को इन पदों पर नियुक्त किया जाता था, उन्हें राज्य मंत्री के लगभग सुविधाएं भी दी जाती थीं। उपमुख्यमंत्री के मामले में ऐसा नहीं है।

केवल कैबिनेट मंत्री वाली सुविधाएं

उपमुख्यमंत्री केवल एक पदभर है। दुष्यंत चौटाला को सरकार की ओर से सुविधाएं कैबिनेट मंत्री वाली ही दी गई हैं। वहीं दूसरी ओर, भट्टी ने तो अपनी याचिका में यह भी कहा था कि उपमुख्यमंत्री के तौर पर दी गई सभी सुविधाओं को भी वापस लिया जाए और सभी लाभ व वेतन भत्तों की भी रिकवरी हो। बहरहाल, हाईकोर्ट की खंडपीठ इस याचिका को खारिज कर चुकी है।

पार्टी वर्करों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने दिया संदेश

मन की बात कहें कार्यकर्ता, निराशा को दूर करेंगे : खट्टर

कुरुक्षेत्र में शनिवार को पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर। -हप्र

कुरुक्षेत्र, 16 नवंबर (हप्र)

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि राफेल मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के झूठ का पर्दाफाश हो चुका है। अब भाजपा देश की जनता को कांग्रेस का झूठ बताने का काम करेगी। पूरे देश में विरोध-प्रदर्शन किए जाएंगे। वे शनिवार को पिपली रोड पर एक सामाजिक कार्यक्रम के बाद पिपली पैराकीट में पत्रकारों से बात कर रहे थे। इससे पहले सीएम पूर्व विधायक पवन सैनी की बेटी आशिमा के शादी समारोह में पहुंचे और वर-वधु को आशीर्वाद दिया।

इसके बाद, मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में लगभग डेढ़ घंटे पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और कार्य समिति के सदस्यों से बात की। बैठक में संगठन मंत्री सुरेश भट्ट भी उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं को बीती रात ही एक विशेष संदेश के द्वारा मुख्यमंत्री की बैठक के बारे में बता दिया गया था। बैठक में पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी के अलावा अनुशासन समिति के अध्यक्ष आत्मप्रकाश मनचंदा, कार्य समिति सदस्य शकुंतला शर्मा, धुम्मन सिंह किरमच तथा रविन्द्र सांगवान उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि आने वाले समय में पूरे प्रदेश में कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी और छोटी बैठकें की जाएंगी। चुनाव में हुई हार-जीत पर उन्होंने संदेश दिया गया कि सरकार और संगठन में जो पिछले समय गैप रहा और कईं कार्यकर्ता निराश रहे उस गैप और निराशा को दूर करने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चाहे पार्टी के विधायक पहले से कम विजयी हुए हैं, लेकिन वोट प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सुझाव देने, कमियां दूर करने तथा मन की बात कहने के लिए भी कहा। साथ कहा कि वे अभी से लोगों के बीच जाकर पार्टी का प्रचार करें। मुख्यमंत्री ने सरकार चलाने में पारदर्शिता बरतने और अपने सरकार के पार्टनर के साथ बिना किसी भेदभाव के काम करने की बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विवादित टिप्पणी करने के मामले में भले ही राहुल गांधी को सुप्रीमकोर्ट ने माफ कर दिया हो, लेकिन राहुल गांधी को देश की जनता ने माफ नहीं किया है। राफेल मामले पर सुप्रीमकोर्ट के निर्णय ने राहुल गांधी के सफेद झूठों का पूरी तरह पर्दाफाश कर दिया है।

डा. पवन सैनी की बेटी की शादी में गृहमंत्री अनिल विज, शिक्षा एवं वन मंत्री कंवरपाल गुर्जर, केंद्रीय राज्यमंत्री रत्नलाल कटारिया, विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, सांसद नायब सिंह सैनी व विधायक सुभाष सुधा पहुंचे।

पूर्व सीएम ने साधा गृहमंत्री पर निशाना

जुबान नहीं, कलम की ताकत दिखाएं विज : हुड्डा

रोहतक, 16 नवंबर (निस)

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हरियाणा में मंत्रिमंडल गठबंधन में देरी पर कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आखिर मंत्रिमंडल के गठन में इतनी देरी क्यो हुई। उन्होंने कहा कि सरकार बनने के 2 दिन में मंत्रिमंडल का विस्तार हो जाना चाहिए था, लेकिन प्रदेश के इतिहास में 54 साल में पहली बार ऐसा हुआ है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सरकार बनाने के लिए कहीं की ईंट, कहीं का रोड़ा वाली कहावत को चरितार्थ किया है। उन्होंने नयी सरकार को शुभकामनाएं दीं। हुड्डा शनिवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने गृह मंत्री अनिल विज के कर्मचारियों पर दिए बयान पर कहा कि विज जुबानी ताकत नहीं, बल्कि कलम की ताकत दिखाएं। उन्होंने कहा कि राजनीति में शून्य सोच रखने वाले व्यक्ति के बारे में वे टिप्पणी नहीं करते। विज ने गृह मंत्रालय संभालते ही कर्मचारियों से कहा था कि या तो वे काम करें या फिर वीआरएस लेकर घर चले जाएं। हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगी और लोगों की हित की बात करेगी। पराली पर हुड्डा ने कहा कि सरकार पराली का स्थाई समाधान करे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के लिए अकेली पराली जिम्मेदार नहीं है, बल्कि उद्योग और निर्माण कार्य भी जिम्मेदार हैं।

पराली के दाम पंजाब के बराबर मिलें

हुड्डा ने कहा कि पंजाब सरकार ढाई हजार प्रति एकड़ किसानों को दे रही है, तो हरियाणा सरकार किसानों को पराली के लिए एक हजार रुपये क्यों दे रही है। उन्होंने कहा कि पराली को कई चीजों में इस्तेमाल किया जा सकता है। उद्योग खाद व अलग-अलग कामों में पराली काम आ सकती है, इसलिए सरकार किसानों की पराली खरीदे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण का दोष केवल किसानों पर नहीं लगाया जा सकता, इसलिए अब समय आ गया है कि सरकार पराली का स्थाई समाधान करे। हुड्डा ने कहा कि सांसद रहते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने संसद में पराली की समस्या को लेकर आवाज उठाई थी और इसके लिए सरकार को गंभीर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पराली के अलावा भी सरकार को अन्य उपायों पर ध्यान देना चाहिए।

हुड्डा ने कहा कि सरकार किसानों की पराली पर एमएसपी फिक्स कर उसे खरीदे।

सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों से मांगी जानकारी

'दागी' पुलिस जवानों का बनेगा रिपोर्ट कार्ड

पहले चरण में इंस्पेक्टर से लेकर एएसआई तक होंगे शामिल

चंडीगढ़, 16 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा सरकार ने राज्य पुलिस के 'दागी' अधिकारियों व कर्मचारियों का रिपोर्ट कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। पुलिस मुख्यालय की ओर से पहले चरण में इंस्पेक्टर से लेकर एएसआई तक के पुलिस अधिकारियों से जुड़ी जानकारी तलब की गई हैं। इस बाबत सभी पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, रेलवे पुलिस के एसपी, हरियाणा आर्म्ड फोर्स के सभी कमांडेंट, आईजीपी के साथ-साथ एडीजीपी को पत्र लिखा गया है।

इन तीनों रैंक के पुलिस अधिकारियों के खिलाफ लंबित और चल रहे मुकदमों की जानकारी सरकार ने मांगी गयी है। सूत्रों का कहना है कि सीएमओ से आये निर्देशों के बाद पुलिस महानिदेशक की ओर यह पत्र जारी किया गया है। सरकार डाटा जुटा रही है कि कितने इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और एएसआई के खिलाफ गंभीर मामलों में विभागीय जांच चल रही है। यह भी पूछा गया है कि कितनों के खिलाफ विजिलेंस जांच चल रही है।

यही नहीं, भ्रष्टाचार सहित विभिन्न मामलों में गिरफ्तार हुये पुलिस अधिकारियों का एफआईआर नंबर सहित पूरा ब्योरा तलब किया गया है। सरकार से जुड़े सूत्रों का कहना है कि प्रदेश सरकार के पास इस तरह की खबर पहुंची थी कि 'दागी' पुलिस अधिकारियों की जांच को निचले स्तर पर ही दबा दिया जाता है। यही नहीं, कई ऐसे उदाहरण भी सरकार के सामने पहुंचे हैं, जिसमें ऊपर से सिफारिश होने के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। इसी के चलते अब सरकार ने पूरा रिपोर्ड कार्ड ही बनाने का फैसला किया है।

नयी पोस्टिंग में आएगा काम

आमतौर पर प्रदेशभर की पुलिस चौकियों और थानों में एएसआई, एसआई और इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी ही इंचार्ज होते हैं। पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार से जुड़े कई मामले भी सामने आये हैं। अब सरकार दागी अधिकारियों की जानकारी जुटाने के बाद उसे पोस्टिंग में इस्तेमाल करेगी। यह भी कहा जा सकता है कि यह डॉटा मिलने के बाद पुलिस थानों और चौकियों में ऐसे इंस्पेक्टर, सब-इंस्पेक्टर और एएसआई नियुक्त नहीं होंगे, जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार, उत्पीड़न सहित अन्य गंभीर मामलों में केस चल रहे हैं या फिर जांच लंबित है।

रिटायरमेंट की भी तैयारी

राज्य सरकार रिटायरमेंट के मामले में पहले ही नियमों में बदलाव कर चुकी है। पुलिस ही नहीं, हर विभाग के लिये यह तय कर दिया गया है कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की 55 वर्ष की उम्र होने के बाद उसकी पिछड़ा वर्क-रिकार्ड जांचने के बाद ही आगे एक्सटेंशन मिलेगी। इसमें अब यह बदलाव भी किया गया है कि जिन अधिकारियों व कर्मचारियों को सरकारी सेवाओं में आए हुये 25 वर्ष पूर हो चुके हैं, उनके कार्य का मूल्यांकन होगा। ऐसे में बेशक, उनकी उम्र 55 से कम ही क्यों न हो। जिन अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ संगीन मामले होंगे या गंभीर आरोपों में चार्जशीट होंगे तो उन्हें एक्सटेंशन देने की बजाय रिटायर कर घर भेज दिया जाएगा।

शिक्षा में सुधार और पर्यटन को बढ़ावा देना मुख्य लक्ष्य : गुर्जर

अंबाला शहर, 16 नवंबर (हप्र)

प्रदेश के नये शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा में सुधार और पर्यटन को बढ़ावा देना उनका मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में सुधारों की प्रक्रिया धीरे-धीरे आगे बढ़ेगी। वे शनिवार को यहां पत्रकारों से बात कर रहे थे। यहां पहुंचने पर उनका विश्व हिंदू परिषद व भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एचटेट परीक्षा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पर्यटन की काफी संभावनाएं हैं। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

डिज्जे फोड़ै कान रै, चिमकैं डांगर-ढ़ोर।
गाणे ऊल-जलूल सैं, खुली लाज की डोर।
खुली लाज की डोर, टेम यो आया न्यारा।
नाच्चैं कुणबा साथ, बाप अर बेट्टा प्यारा।
कुद्दैं साली-सास, झूमते साले-जिज्जे।
लोकलाज नै तार, बाजते खुलकै डिज्जै।।

भाजपा की अंदरूनी सियासत ईमानदार और बेबाक छवि का मिला लाभ, 2014 में हुई थी अनदेखी

विज को गृहमंत्री बना डिप्टी सीएम दुष्यंत के मुकाबले किया खड़ा

चंडीगढ़, 16 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा भाजपा के दिग्गज नेताओं में शुमार अनिल विज को उपमुख्यमंत्री का पद बेशक नहीं मिला, लेकिन गृह विभाग देकर पार्टी ने उनका 'कद' काफी बढ़ा दिया है। माना जा रहा है कि विज की ईमानदार और बेबाक छवि उनके काम आई। सूत्रों का कहना है कि जजपा के समर्थन से सरकार बनाने का समझौते होने पर जब दुष्यंत को उपमुख्यमंत्री बनाने की बात आई तो विज ने इसका अंदरखाने विरोध किया था। भाजपा ने एक तीर से दो निशाने साधे हैं। पहला तो विज को गृहमंत्री बनाकर उनकी नाराज़गी को दूर कर दिया है और उन्हें दुष्यंत से अधिक पावरफुल भी बना दिया है। बेशक, तकनीकी रूप से उपमुख्यमंत्री का पद बड़ा है, लेकिन किसी भी सरकार में सीएम के बाद गृहमंत्री को दूसरे नंबर का मंत्री माना जाता है। भाजपा से जुड़े नेताओं का भी मानना है कि पार्टी ने दुष्यंत के मुकाबले विज को बड़ी सोची-समझी रणनीति के तहत खड़ा किया है।

बताते हैं कि विज, दुष्यंत को उपमुख्यमंत्री बनाने के खिलाफ नहीं थे, लेकिन अपने राजनीतिक कद और वरिष्ठता के हिसाब से खुद के लिए उपमुख्यमंत्री पद की मांग कर रहे थे। जातिगत समीकरणों के चलते भाजपा के लिये यह संभव नहीं था। दरअसल, सीएम खट्टर भी पंजाबी समाज से हैं और अनिल विज भी। बताते हैं कि इसी आधार पर पार्टी नेतृत्व ने विज को पहले ही मना लिया था। विज छठी बार चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। इस बार उन्होंने लगातार तीसरी बार भाजपा टिकट पर अंबाला कैंट से चुनाव जीता।

वैसे भी खट्टर सरकार के पुराने मंत्रिमंडल के 10 में से 8 मंत्री चुनाव हार गये थे। 2014 में मंत्रिमंडल के विस्तार के समय भी विज की अनदेखी हुई थी। उस समय वरिष्ठता के हिसाब से सीएम के बाद प्रो. रामबिलास शर्मा को कैबिनेट मंत्री की शपथ दिलाये जाने से विज को कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन उनकी पीड़ा उस समय बढ़ी जब उन्हें चौथे नंबर पर धकेल दिया गया। खट्टर सरकार के पहले कार्यकाल में रामबिलास के शर्मा वरिष्ठता में कैप्टन अभिमन्यु दूसरे नंबर के मंत्री थे और इसके बाद ओमप्रकाश धनखड़ को शपथ ग्रहण करवाई गई थी।

ओमप्रकाश धनखड़ के पास कृषि के अलावा विकास एवं पंचायत, माइनिंग, पशुपालन, मत्स्य पालन व बागवानी जैसे बड़े विभाग थे। इस बार सरकार ने विज की इस कमी को पूरा कर दिया है। गृह मंत्रालय के अलावा स्वास्थ्य तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग सहित 7 विभाग उन्हें देकर हेवीवेट किया गया है। इतने विभागों का जिम्मा विज को मिलने के बाद उनके समर्थक कह रह हैं कि अब उनके (विज) के साथ इंसाफ हुआ है।

1996 के बाद कैबिनेट मंत्री को गृह विभाग

किसी कैबिनेट मंत्री को गृह मंत्रालय सौंपने का फैसला 1996 के बाद पहली बार हुआ है। उस समय बंसीलाल सरकार ने मनीराम गोदारा को गृहमंत्री बनाया था। हालांकि इससे पहले भजनलाल की सरकार में रोहतक से विधायक रहे सुभाष बतरा भी गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री ने अपने साथ अटैच किया हुआ था। इसी तरह से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान 2009 में सिरसा से निर्दलीय विधायक रहे गोपाल कांडा को गृह राज्य मंत्री बनाया था, मगर कांडा भी हुड्डा के साथ संबद्ध किये गये थे।

समालखा में 72वां निरंकारी संत समागम शुरू माता सुदीक्षा बोलीं

परमात्मा ही सत्य और सत्य ही स्थायी

समालखा में शनिवार को खुली पालकी में समागम स्थल पर पहुंचतीं माता सुदीक्षा। -निस

ज्ञानचन्द तनेजा/निस
समालखा, 16 नवंबर

72वें निरंकारी संत समागम का शुभारम्भ सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की पालकी शोभायात्रा के साथ ही शनिवार दोपहर को हो गया।

एक खुली पालकी में सेवादारों के बीच वे मंच पर विराजमान हुईं। जगह-जगह निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों व सेवादारों ने पुष्प वर्षा, बुके से उनका स्वागत किया। प्रवचनों में सुदीक्षा माता ने 72वां संत समागम शुरू होने पर संगत को बधाई दी।

संगत को प्रवचन देते हुए सुदीक्षा महाराज ने कहा कि निरंकारी मिशन 90 वर्षों से सत्य, एकत्व व प्रेम का भाव लेकर आगे बढ़ रहा है। यही परोपकारी भाव है। उन्होंने कहा कि सत्य युगों से कायम है और परिस्थितियों के अनुसार बदलता नहीं है। परमात्मा ही सत्य है और यही स्थायी है। जब परमात्मा के साथ आत्मा मिलन हो जाता है तो हमें आंतरिक ज्ञान की प्राप्ति होती है। स्वयं की पहचान से एकत्व की भावना आती है और पूरा संसार हमारा है।

बैंड और लोक संगीत से अभिनंदन

माता सुदीक्षा के सत्संग के स्वागत द्वार पर पहुंचने के साथ ही बैंड, महिला बैंड, लोक संगीत कलाकारों ने मनभावन आध्यात्मिक धुनों से समां बांध दिया। पालकी शोभायात्रा के शुरू होने के साथ ही हर तरफ वातावरण धन निरंकार से गुंजायमान हो गया।

धूल भरी हवाओं के बीच डटे रहे श्रद्धालु

सद्गुरु माता के पालकी पर पहुंचने से पहले घंटों से श्रद्धालु उनके इंतजार में खड़े रहे। तेज धूल भरी हवाओं के बावजूद वे डटे रहे और सद्गुरु माता की पालकी के आने पर उनके दर्शन कर स्वयं को भाग्यशाली महसूस कर रहे थे।

पुलिस का घुड़सवार दस्ता भी सुरक्षा में

प्रशासन ने समागम स्थल तथा आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के चाकचौबंद प्रबंध किए हुए हैं। पुलिस के घुड़सवार दस्ते द्वारा भी समागम स्थल पर सुरक्षा की जा रही है। वहीं समागम में आने वाले वाहनों की भी जांच जगह-जगह पुलिस व सेवादारों द्वारा की जा रही है।

सोनीपत में बैठक, लिया आंदोलन का निर्णय

टोल टैक्स के खिलाफ प्रदेशभर के वकील लामबंद

सोनीपत, 16 नवंबर (हप्र)

शनिवार को सोनीपत बार एसोसिएशन के आह्वान पर सोनीपत बार रूम में प्रदेश के अधिकतर जिलों के बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वकीलों ने एक मत से टोल टैक्स के खिलाफ आवाज उठाई। साथ ही इस मुददे पर जरूरत पडने पर सड़क पर उतरने के भी संकेत दिए।

बैठक में तय हुआ है कि वकीलों के लिए टोल टैक्स की छूट के लिए दिसंबर माह के पहले सप्ताह तक मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेजा जाएगा। यही नही अगर सरकार वकीलों की मांगों को गम्भीरता से नहीं लेती, तो वकीलों ने हड़ताल पर भी जाने की बात कही।

सोनीपत बार के आह्वान पर आयोजित बैठक में विभिन्न जिलों के बार पदाधिकारियों ने पंजाब एंड चंडीगढ़ बार काउंसिल के खिलाफ भी जमकर भड़ास निकाली। पानीपत बार एसोसिएशन से जुड़े मुख्तार सिंह गुलिया ने कहा कि पंजाब एंड चंडीगढ़ बार काउंसिल ने वकीलों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर एक-एक वकील से 2200 रुपए वसूले, परन्तु अब तक वकीलों को इसका कोई लाभ प्राप्त नहीं हुआ। बैठक में तीस हजारी कोर्ट में हुए विवाद के बाद बदली परिस्थितियों पर भी चर्चा की गई।

ऑल हरियाणा बार एसोसिएशन का गठन

बैठक में विभिन्न जिलों से आए बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मिलकर ऑल हरियाणा बार एसोसिएशन का भी गठन किया। ऑल हरियाणा बार एसोसिएशन के चेयरमैन पद पर गुरुग्राम के बार एसोसिएशन अध्यक्ष मीर सिंह यादव को सर्वसम्मति से चुना गया। रोहतक बार के प्रधान लोकेन्द्र सिंह फोगाट को संरक्षक, फतेहाबाद प्रधान विनय शर्मा, यमुनानगर प्रधान बलविन्द्र सैनी, मेवात प्रधान सलीम, पलवल बार प्रधान जितेन्द्र रावत, महेन्द्रगढ़ बार प्रधान रविन्द्र यादव, पानीपत बार के प्रधान शेर सिंह खरब को वाइस चेयरमैन का पद दिया गया है।

घर पर बैठकर चाय पीते हुए 3 दोस्तों ने चलाई थी गोली

दोस्तों ने ही गोली मारकर की गैंगस्टर अशोक राठी की हत्या

गुरुग्राम, 16 नवंबर (हप्र)

गैंगस्टर अशोक राठी की उसी के करीबी दोस्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्यारे पूरी तैयारी के साथ आए थे और तीनों ने अशोक राठी के साथ बैठकर उसके घर पर चाय पीने के दौरान घेरकर उसके उपर गोलियां बरसा दी। वारदात के बाद तीनों आरोपी आसानी से फरार हो गए। पुलिस ने अशोक राठी के भाई के बयान पर 3 नामजद लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पत्नी सुषमा की हत्या के आरोप में जेल में बंद गैंगस्टर अशोक राठी इन दिनों पैरोल पर आया हुआ था। शनिवार सुबह करीब 8 बजे वह सोहना रोड पर गांव अलीपुर स्थित अपने घर में बैठा था। इसी बीच गांव अलीपुर के रहने वाले उसके दोस्त नरेंद्र उर्फ सोनू, रोहित डागर उर्फ बॉबी और गांव हरियाहेडा का रहने वाला सलीम उसके पास आ गए। ये चारों एक साथ बैठकर चाय पीने लगे। अभी चाय समाप्त भी नहीं हुई थी कि अचानक ने पिस्तौल निकालकर अशोक राठी पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। तीनों ने लगातार 5 गोलियां चलाई और फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनकर घर में ही मौजूद अशोक राठी का छोटा भाई महेश उर्फ निशु व पड़ोस में रहने वाला नवीन भागकर आए व खून से लथपथ अशोक राठी को पार्क अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां डॉक्टर्स ने उसे मेदांता अस्पताल में रेफर कर दिया। करीब 6 घंटे बाद आखिरकार उसने दम तोड़ दिया। हत्या की यह पूरी घटना गैंगस्टर अशोक राठी के घर पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। पुलिस इस सीसीटीवी फुटेज के आधार व मृतक के छोटे भाई के बयान के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। गैंगस्टर के भाई ने अपने बयान में गांव के ही रहने वाले लीलू डागर पर हत्या करवाने का अंदेशा जताया है।

भौंडसी थाने के एसएचओ सुदीप कुमार का कहना है कि तीनों आरोपियों की पहचान हो चुकी है पुलिस उनकी तलाश में छापेमारी कर रही है। चौथा आरोपी लीलू डागर भी फरार है।

कम उम्र में ही बन गया बड़ा अपराधी

अशोक राठी ने कम आयु में ही अपराध की दुनिया में कदम रख दिया था। करीब 40 वर्षीय गैंगस्टर अशोक राठी पर पहला मुकदमा थाना सदर में 1999 में दर्ज किया गया था। इसके बाद वह अपराध के दलदल में धंसता चला गया। उसके खिलाफ हत्या, लूट, डकैती समेत अनेक संगीन धाराओं के तहत 45 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश में वह बरी हो गया। उसने अपने गांव की सुषमा के साथ प्रेम विवाह किया था तथा उस पर अपनी सास व साले की हत्या का भी आरोप था। इसी के चलते उसकी पत्नी सुषमा से उसके मतभेद हो गए। 2016 में उसने अपनी पत्नी की भी गोली मरवाकर हत्या कर दी। अशोक एक 10 वर्षीय बेटी का पिता था।

मंदी, महंगाई, बेरोजगारी तथा कानून-व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर केंद्र, राज्य सरकार के खिलाफ होंगे प्रदर्शन

आज से फिर सड़कों पर उतरेगी कांग्रेस

चंडीगढ़, 16 नवंबर (ट्रिन्यू)

हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज रविवार को फिर से सड़कों पर नज़र आएंगे। केंद्र की मोदी व हरियाणा की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के खिलाफ साप्ताहिक आंदोलन का ऐलान पार्टी ने किया है। देश की आर्थिक मंदी, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी तथा कानून-व्यवस्था सहित कई अहम मुद्दों को लेकर यह आंदोलन होगा। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के निर्देश पर पार्टी प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने आंदोलन का शेड्यूल तय किया है। हालांकि, यह आंदोलन 7 नवंबर से ही शुरू होना था। 7 को दो जिलों पानीपत और फतेहाबाद में आंदोलन हुआ, लेकिन इसी दौरान पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के भाई धर्मेंद्र सिंह हुड्डा का निधन होने से पार्टी ने आंदोलन की बजाय केवल डीसी के माध्यम से ज्ञापन देने का फैसला लिया। इसी दौरान सुप्रीमकोर्ट से अध्योध्या विवाद को लेकर फैसला आ गया। इसके चलते आंदोलन को स्थगित कर दिया था।

शनिवार को सैलजा ने रविवार को फिर से आंदोलन का ऐलान किया। ये आंदोलन 24 नवंबर तक चलेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि प्रदर्शनों के बाद डीसी के माध्यम ये सरकार को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। उन्होंने कहा कि रविवार को गुरुग्राम में होने वाले रोष प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा खुद करेंगी। वे 19 नवंबर को अंबाला, 22 को फरीदाबाद और 23 को कुरुक्षेत्र में होने वाले रोष प्रदर्शन की अगुवाई करेंगी। इन प्रदर्शनों के लिये जिलावार प्रभारी नियुक्त किये गये हैं। गुरुग्राम में प्रदर्शन के संयोजक पूर्व मंत्री सुखबीर सिंह कटारिया होंगे। अंबाला के लिए संयोजक पूर्व मुख्य संसदीय सचिव रामकिशन गुर्जर, फरीदाबाद के संयोजक पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया और कुरुक्षेत्र के संयोजक पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा होंगे। रेवाड़ी में प्रदर्शन के संयोजक पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव होंगे। 19 नवंबर को हिसार और दादरी में रोष प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा। इनके संयोजक क्रमशः पूर्व सांसद पंडित रामजी लाल और पूर्व विधायक मेजर नृपेंद्र सिंह सिंह सांगवान होंगे।

21 नवंबर को पंचकूला में पूर्व उपमुख्यमंत्री चंद्रमोहन और भिवानी में पूर्व विधायक सोमवीर सिंह के संयोजन में प्रदर्शन होगा। जींद और यमुनानगर में 22 नवंबर को विधायक सुभाष देशवाल और विधायक बिशनलाल सैनी के संयोजन में और 23 नवंबर को कैथल में जेपी के संयोजन में प्रदर्शन होगा।

विज के बाद परिवहन मंत्री भी हुए सख्त

कामचोरी, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी बर्दाश्त नहीं

बल्लभगढ़ में शनिवार को अधिकारियों की बैठक लेते परिवहन मंत्री पं.मूलचंद शर्मा। साथ हैं विधायक नरेन्द्र गुप्ता, राजेश नागर व जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा। -शिव कुमार

फरीदाबाद/बल्लभगढ़, 16 नवंबर (हप्र)

परिवहन एवं खनन मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने गृह मंत्री अनिल विज की तर्ज पर ही अधिकारियों को साफ और कड़े शब्दों में कह दिया कि अब काम चोरी व लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी। केवल काम करने वाले अधिकारी यहां रह सकते हैं और जो काम नहीं करना चाहते वह अपना बोरी-बिस्तर बांधकर तैयार रहें। ऐसे अधिकारी उनका क्षेत्र छोड़कर जा सकते हैं क्योंकि भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद मूलचंद शर्मा आज पहली बार अपने गृह क्षेत्र बल्लभगढ़ स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में अधिकारियों से रूबरू हो रहे थे।

इस दौरान तिगांव क्षेत्र के विधायक राजेश नागर, फरीदाबाद के विधायक नरेन्द्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता पं. टिपरचंद शर्मा, तेजपाल शर्मा, प्रेम खट्टर, संजीव बैंसला, महावीर सैनी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

डेरा मैनेजर रणजीत हत्याकांड में हुई एक की गवाही

पंचकूला, 16 नवंबर (ट्रिन्यू)

साध्वी यौन शोषण मामले में सजा काट रहे गुरमीत राम रहीम पर चल रहे डेरा मैनेजर रणजीत मर्डर मामले की आज यहां स्थित विशेष सीबीआई अदालत में सुनवाई हुई। आरोपी गुरमीत राम रहीम और आरोपी कृष्ण लाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। वहीं आरोपी अवतार प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश हुए। सुनवाई में आज आरोपी सबदिल, जसवीर की हाजिरी माफी लगी और आरोपी इंद्रसेन हाजिरी माफी पर चल रहा है। सुनवाई में आज एक गवाह के बयान दर्ज हुए। वहीं मामले की अगली सुनवाई पर फाइनल बहस शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार आज जितेंद्र नामक गवाह के बयान दर्ज हुए। सीबीआई के वकील एचपीएस वर्मा ने बताया कि मामले की अगली सुनवाई अब 30 नवंबर को होगी। उस दिन फाइनल बहस शुरू की जाएगी।

साधुओं को नपुंसक बनाने के मामले की भी सुनवाई

सिरसा स्थित गुरमीत राम रहीम के डेरे में 400 साधुओं को नपुंसक बनाए जाने के मामले की आज यहां विशेष सीबीआई कोर्ट में सुनवाई हुई। आरोपी गुरमीत राम रहीम वीडियो कांफ्रेंस के जरिए और अन्य दो आरोपी पंकज गर्ग और एमपी सिंह प्रत्यक्ष रूप से कोर्ट में पेश हुए। सीबीआई द्वारा हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका पर फैसला लंबित होने के चलते आज सीबीआई कोर्ट में कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपियों की केवल हाजिरी ही लगी। अब सीबीआई कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 18 दिसंबर को होगी। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई में बचाव पक्ष ने अर्जी लगाकर सीबीआई से शिकायतकर्ताओं के बयानों की कॉपी की मांग की थी। जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने बचाव पक्ष को शिकायतकर्ताओं के बयानों की पूरी प्रतियां अभी उपलब्ध नहीं कराई हैं।

स्कूलों में नवंबर से अक्तूबर तक मनाई जाएगी महात्मा गांधी की 150वीं जयंती

वृद्ध, बाल सेवा आश्रमों से बच्चों को रूबरू करायेगा सीबीएसई

नरेन्द्र ख्यालिया/निस
हिसार, 16 नवंबर

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने संबद्ध स्कूलों के बच्चों को वृद्धाश्रमों, बाल सेवाश्रमों व अन्य सामाजिक संस्थानों से रूबरू कराने का निर्णय लिया है। उक्त निर्णय सीबीएसई द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को वर्षभर मनाने के लिए किया गया है, जिसके तहत नवंबर माह से शुरू होकर अक्तूबर 2020 तक संबंधित स्कूलों के बच्चों द्वारा कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे। जिनमें शिक्षकों की विशेष सहभागिता होगी और हर महीने के अंत में कार्यक्रमों की रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजनी होगी।

सीबीएसई ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती को नंवबर 2019 से अक्तूबर 2020 तक पूरे एक वर्ष विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है, जिसमें स्कूली बच्चों को प्रत्येक माह अलग-अलग थीम पर काम करना होगा और इसके लिए सीबीएसई ने पूरे साल का थीम कैलेंडर भी जारी कर दिया है।

थीम कैलेंडर के तहत स्कूलों को तैयारी करने के लिए कहा गया है, जिसमें क्लीनलीनेस ड्राइव को भी शामिल किया गया है। कार्यक्रमों के तहत शिक्षकों की सहभागिता को भी निश्चित किया गया है। जिसकी हर महिने के अंतिम दिनों में हर हाल में रिपोर्ट मुख्यालय को भेजनी होगी।

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य भारत भूषण शर्मा ने बताया कि गांधी जयंती पर वर्षभर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए सीबीएसई ने थीम अनुसार कैलेंडर जारी किया है, जिसकी पालना की जाएगी।

इटली की तर्ज पर स्कूलों में दी जाए जलवायु शिक्षा : दुष्यंत चौटाला

चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) : हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि वर्तमान पर्यावरणीय परिदृश्य को देखते हुए इटली की तरह भारत की शिक्षा-नीति में जलवायु परिवर्तन से संबंधित पाठ्यक्रम शामिल किया जाना चाहिए ताकि देश की युवा पीढ़ी बढ़ते प्रदूषण के प्रति जागरूक हो सके। उन्होंने इस बारे में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखा है। चौटाला ने इस पत्र में कहा है कि हमारे देश समेत अन्य विकासशील देशों के सम्मुख जलवायु-परिवर्तन प्रमुख चुनौतियों में से एक है, जिसका हर नागरिक के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वर्तमान स्थिति ने पूरे क्षेत्र को एक गैस चैंबर बना दिया। स्थिति इतनी चिंताजनक बन गई थी कि प्रधानमंत्री कार्यालय, सर्वोच्च न्यायालय और एनजीटी को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने कहा कि अब उचित समय है कि हमें जलवायु-परिवर्तन की इस गंभीर स्थिति का स्थायी समाधान खोजने के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए।

राफेल मामले में सुप्रीमकोर्ट से केंद्र सरकार को क्लीन चिट

कांग्रेस के खिलाफ सड़क पर उतरे भाजपाई

चरखी दादरी, 16 नवंबर (निस)

राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष रामकिशन शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। सुप्रीम कोर्ट से राफेल पुनर्विचार याचिकाओं के खारिज होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग की। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने राफेल सौदा मामले में केन्द्र सरकार को क्लीन चिट देने वाले अपने फैसले के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिका को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। जिसको लेकर दादरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में मीटिंग की और शहर में रोष प्रदर्शन किया। वहीं गोहाना, नारनौल सहित कई अन्य जगहों पर भी प्रदर्शन किये गये।

पलवल (हप्र) : राफेल मुद्दे को लेकर आज भाजपाई सड़क पर उतर आए। उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए जलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व पलवल के भाजपा विधायक दीपक मंगला कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रभान गुप्ता व लीलाधर वर्मा, जिला महामंत्री पवन अग्रवाल व जय सिंह चौहान, महिला जिला महामंत्री गीता सौरोत सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

फरीदाबाद में शनिवार को नारेबाजी करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा व राजेश नागर। -हप्र

देश की जनता से माफी मांगे राहुल : गुर्जर

फरीदाबाद (हप्र) : सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी और उनकी पार्टी द्वारा राफेल डील में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपशब्द के खिलाफ प्रदर्शन किया। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने राहुल गांधी से देश की जनता से माफी मांगने की बात कही। प्रदर्शकारियों ने जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में धरना दिया। इस धरने में केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक सीमा त्रिखा, विधायक राजेश नागर, पूर्व चेयरमैन अजय गौड़, मेयर सुमन बाला, पूर्व विधायक राजेन्द्र बीसला, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरा तोमर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मीना पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

कांग्रेस नेताओं पर निकाली भड़ास

सिरसा (निस) : भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आज दोपहर को टाउन पार्क के बाहर कांग्रेस के सुप्रीमो रहे राहुल गांधी के खिलाफ धरना व विरोध प्रदर्शन किया। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने की। इस विरोध प्रदर्शन में काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। यतिंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ बयानबाजी के लिए राहुल गांधी को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

नूंह/मेवात (निस) : नूंह के गांधी पार्क पर पूर्व विधायक व भाजपा नेता जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष समेत पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस व उनके नेताओं के प्रति जमकर भड़ास निकालते हुए राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी से सावर्जनिक माफी की मांग की।

अपने कहे पर आत्मचिंतन करे कांग्रेस : कविता जैन

सोनीपत में कांग्रेस के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन करते भाजपाइयों को संबोधित करती पूर्व मंत्री कविता जैन। -हप्र

सोनीपत (हप्र) : पूर्व मंत्री कविता जैन ने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा राफेल मुद्दे पर दायर सभी पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज करते हुए जहां भाजपा सरकार के इस सौदे की पारदर्शिता पर मुहर लगाई है, वहीं राहुल गांधी द्वारा बोले गए झूठ को भी सिरे से खारिज करते कांग्रेसियों की दुर्भावना को उजागर किया है। इसलिए कांग्रेस और उनके पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस को अपने कहे पर आत्मचिंतन करना चाहिए। कविता जैन शनिवार को भाजपा की ओर से आयोजित किए गए विरोध प्रदर्शन में पहुंचे कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रही थी। सुबह बस स्टैंड के पास स्तिथ अम्बेडकर पार्क में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन समेत वरिष्ठ नेताओं की अगुवाई में धरना देकर रोष प्रकट किया। प्रदर्शन में राई विधायक मोहन लाल बडौली भी पहुंचे।

रोहतक में प्रदर्शन कर जताया रोष

रोहतक स्थित गोहाना अड्डे पर शनिवार को राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन करते भाजपा नेता। -हप्र

रोहतक (हप्र) : राफेल डील मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शहर में प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी को देश की जनता से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा व राज्यसभा सदस्य डॉ. डीपी वत्स के नेतृत्व में शनिवार को काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गोहाना अड्डे पर एकत्रित हुए और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अजय बंसल, सुनीता भाटिया, शमशेर खरक, कुलविंदर सिक्का, जोगेन्द्र सैनी, उदयभान मलिक, चन्द्रभान अत्री, सन्नी शर्मा, ललित मोहन सैनी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

फतेहाबाद में फूंका पुतला

फतेहाबाद (निस) : राफेल डील मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा सरकार को क्लीन चिट देने व राहुल गांधी के भ्रष्टाचार के आरोप झूठे साबित होने पर आज भाजपा ने भाजपा कार्यालय के सामने राहुल गांधी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया व जमकर नारेबाजी की। भाजपा नेताओं ने मांग की कि राहुल गांधी अपने झूठ को लेकर देश की जनता से माफी मांगे। इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान वेद फुलां ने किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए पुराने बस स्टैंड पर राहुल गांधी का पुतला फूंका।

पारिजात चौक पर दिया धरना

हिसार के पारिजात चौक पर शनिवार को धरने पर बैठे विधायक डॉ. कमल गुप्ता व अन्य भाजपाई। -हप्र

हिसार (हप्र) : भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने शनिवार को शहर के पारिजात चौक पर भारी संख्या में एकत्रित होकर कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना-प्रदर्शन कर अपना रोष प्रकट किया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुजीत कुमार ने किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. कमल गुप्ता, विधायक रणबीर गंगवा, विधायक विनोद भ्याना, चेयरमैन श्रीनिवास गोयल, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, पूर्व विधायक वेद नारंग व प्रदेश सचिव कर्ण सिंह रानोलिया विशेष रूप से मौजूद रहे। धरना के दौरान मंच संचालन रामचंद्र गुप्ता ने किया।

झज्जर में गरजे

झज्जर (हप्र) : कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ झज्जर में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ता खूब गरजे। यहां उन्होंने राहुल गांधी के खिलाफ न सिर्फ प्रदर्शन किया बल्कि उनका पुतला भी फूंका। भाजपाइयों ने राहुल गांधी व कांग्रेस से राफेल मामले में देश के सामने झूठ बोलने पर देश की जनता से माफी भी मांगने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र दलाल ने किया। इस प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए वे अम्बेडकर चौक पहुंचे और वहां पर नारेबाजी करते हुए उन्होंने राहुल गांधी के पुतले का दहन किया। उन्होंने कहा कि राहुल जनता से माफी मांगे।

हकेंवि में कार्यशाला

'जन उपयोगी उत्पाद बनाने में मददगार सेल्युलोसिक सामग्री'

नारनौल, 16 नवंबर (हप्र)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में चल रहे भारतीय जीवाणुतत्ववेत्त संगठन के 60वें वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए रोचेस्टर विश्वविद्यालय, यूएसए के प्रोफेसर जे.एस. डेविड वू ने रेगुलेशन आफ सेलुलोलिटिक एंजाइम एंड मेटाबोलिक पाथवे इन क्लोस्ट्रीडियम थर्मोकेलम विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पृथ्वी घास, पेड़, फसल आदि से भरपूर है और इसके माध्यम से ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रो. डेविड ने कहा कि पृथ्वी पर उपलब्ध यह सामग्री कोशिका द्रव्य से भरपूर है और रिसर्च के माध्यम से इसे ईंधन एथेनॉल में बदला जा सकता है। इसका लाभ पर्यावरण में शामिल हो रहे कार्बन डाईऑक्साइड के संचयन को कम करने में भी मददगार होगा। स्पष्ट है कि पृथ्वी पर उपलब्ध यह जैव सामग्री न सिर्फ ऊर्जा प्रदान करने वाली है बल्कि पर्यावरण हितैषी भी है। प्रो. डेविड वू ने बताया कि सेल्युलोसिक सामग्री के अन्य भी कई फायदे हैं जिन पर काम कर हम जन उपयोगी उत्पाद बना सकते हैं।

प्रो.आरसी कुहाड़ को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

महेन्द्रगढ़ में शनिवार को कुलपति आरसी कुहाड़ को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान करते उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला। -निस

महेन्द्रगढ़, 16 नवंबर (निस)

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आयोजित भारतीय जीवाणुतत्ववेत्ता संगठन के 60वें सम्मेलन में फैलो ऑफ द एकेडमी ऑफ इक्रोबॉयोलोजिकल साइंसेस अवार्ड की भी घोषणा की गई। माइक्रोबॉयोलोजिस्ट ऑफ इंडिया ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आरसी कुहाड़ को इस क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए उन्हें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी नवाजा। इसके साथ उन्हें विज्ञान व माइक्रोबायोलॉजी के क्षेत्र में विशिष्ठ योगदान के लिए फैलो ऑफ द एकेडमी ऑफ माइक्रोबॉयोलोजिकल साइंसेस भी चुना गया। सम्मेलन में प्रोफेसर राधा प्रसन्ना, डॉ. हेमंत जे. पुरोहित, प्रो. डीपी सिंह तथा डॉ. बनवारी लाल को भी फैलो ऑफ द एकेडमी ऑफ माइक्रो बॉयोलोजिकल साइंसेस के अवॉर्ड से नवाजा गया।

खबर है

टक्कर मारने का आरोपी कैंटर चालक गिरफ्तार

जींद (हप्र) : राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 352 पर अनूपगढ़ गांव के पास बाइक सवार दंपति और उनके 3 वर्षीय बेटे को टक्कर मारने के आरोपी कैंटर चालक अजमेर बस्ती जींद निवासी सुरेश को सदर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस हादसे में रीना और उनके बेटे देवांश की मौत हो गई थी। बता दें कि लिजवाना कलां का मंदीप अपनी बाइक पर सवार होकर पत्नी 26 वर्षीय रीना और बेटे 3 वर्षीय देवांश के साथ 11 नवंबर को किसी कार्य के लिए जींद गए हुए थे और जब वे वापस आ रहे थे तो अनूपगढ़ गांव के पास कैंटर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे रीना और लड़का देवांश बाइक से गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनकी पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई थी।

डालमवाला में अंबेडकर भवन निर्माण को लेकर विवाद

जींद (हप्र) : डालमवाला गांव में शनिवार को डा.बीआर अंबेडकर भवन निर्माण को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने भवन के निर्माण में जुटे लोगों को जातिसूचक गाली देकर डरा धमका कर खदेड़ दिया। बाद में पीड़ित पक्ष के लोग उपायुक्त को ज्ञापन देने जींद जिला मुख्यालय पहुंचे। डॉ.भीमराव अंबेडकर संस्था, डालमवाला की ओर से उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में धर्मबीर, राममेहर, रविंद्र, चंद्रपाल, संदीप कुमार, जिले सिंह आदि ने कहा कि दालमवाला गांव में डा.बीआर अंबेडकर भवन निर्माण के लिए हरियाणा सरकार व पंचायत समिति की ओर से अनुदान राशि जारी की गई है। संबंधित जमीन पर पिछले कर्ई वर्ष पहले ही भवन निर्माण को लेकर नींव भरी जा चुकी है। आज सुबह संस्था के पदाधिकारी भवन निर्माण के लिए जब मजदूर व मिस्त्री लेकर पहुंचे तो वहां पर ट्रैक्टर पर सवार होकर आए करीब आधा दर्जन प्रभावशाली लोगों ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दों को इस्तेमाल किया और मार पीटकर मजदूरों को खदेड़ दिया। आरोप है कि इन प्रभावशाली लोगों ने भवन की चारदीवारी के लिए बनाई नींव को भी गिरा दिया। मौके पर ही पुलिस कंट्रोल रूम को भी सूचना दी गई, मगर 6 घंटे बीत जाने के बाद भी कोई पुलिस कर्मचारी नहीं पहुंचा।

एसपीजी सुरक्षा हटाने पर कांग्रेस का प्रदर्शन 19 को

झज्जर में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व स्पीकर डा.रघुबीर सिंह कादयान, गीता भुक्कल, विधायक राजेन्द्र जून, डा.कुलदीप वत्स। -हप्र

झज्जर, 16 नवंबर (हप्र)

अपने नेताओं की एसपीजी सुरक्षा हटाए जाने को लेकर कांग्रेस ने हरियाणा में केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेस ने 19 नवंबर को इस बारे में पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ सड़कों पर उतरने की बात कही है। शनिवार को झज्जर में कांग्रेस के हाल ही में चुनकर आए विधायकों ने इस बारे में जानकारी दी। कांग्रेस की तरफ से जिले का कन्वीनर लगाए गए पूर्व स्पीकर डा.रघुबीर सिंह कादयान,पूर्व शिक्षा मंत्री गीता भुक्कल, बहादुरगढ़ व बादली के विधायक राजेन्द्र जून और डा. कुलदीप वत्स भी इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद रहे। नेताओं की एसपीजी सुरक्षा हटाए जाने को लेकर मीडिया के मुखातिब होते हुए डा. कादयान ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने कांग्रेस नेताओं की एसपीजी सुरक्षा को हटाकर उनके जीवन को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी शैलजा व पूर्व सांसद दीपेन्द्र हुड्डा मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा।

जिलास्तरीय 4 सदस्यीय कमेटी गठित

26 निजी स्कूलों की ऑडिट रिपोर्ट की होगी जांच

अजय मल्होत्रा/हप्र

भिवानी, 16 नवंबर

रोहतक मंडल के डिवीजनल कमिश्नर ने अब भिवानी जिले के 26 निजी स्कूलों की ऑडिट जांच के लिए जिला स्तर पर 4 सदस्यीय कमेटी का गठन कर इन स्कूलों की ऑडिट जांच के आदेश दिए हैं। इतना ही नहीं डिवीजनल कमिश्नर के इन आदेशों पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 2 डिप्टी डीईटी व दो सेक्शन आफिसर्स की कमेटी का गठन भी कर दिया है, जो इन निजी स्कूलों में पहुंचकर ऑडिट रिपोर्ट से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर तथ्यों को खंगालेगी।

ये अधिकारी करेंगे जांच

डिविजनल कमिश्नर के निर्देशों के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने उप जिला शिक्षा अधिकारी जयपाल फौगाट, उप जिला शिक्षा अधिकारी कांता सांगवान व डीईओ व डीईईओ कार्यालयों के दो सेक्शन आफिसर्स जांच कमेटी में शामिल होंगे। ये कमेटी संबंधित 26 निजी स्कूलों के ऑडिट रिपोर्ट से संबंधित पूरा रिकार्ड का अवलोकन कर तथ्यों को खंगालेगी।

हाईकोर्ट ने भी डिवीजनल कमिश्नर को हर साल प्रत्येक जिले में पांच फीसदी निजी स्कूलों की शिकायत मिलने या न मिलने पर हर हाल में जांच के आदेश दिए हुए हैं। इसके बावजूद किसी भी जिले में आज तक किसी भी निजी स्कूल की ऑडिट रिपोर्ट की जांच नहीं हुई है।

इसी मामले में स्वास्थ्य शिक्षा सहयोग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बृजपाल परमार ने 17 मई 2019 को भिवानी जिले के 26 निजी स्कूलों की ऑडिट रिपोर्ट जांच किए जाने की शिकायत रोहतक मंडल के डिवीजनल कमिश्नर को की थी। इस शिकायत पर डिविजनल कमिश्नर ने कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए।

पराली में आग लगवाने वाला काबू

फतेहाबाद, 16 नवंबर (निस)

पराली में आग लगाने वालों के खिलाफ उपायुक्त डॉ. धीरेन्द्र खड़गटा ने शनिवार को मोर्चा खोल दिया। उपायुक्त ने एक दर्जनों खेतों में जाकर पराली में लगाई हुई आग को फायर ब्रिगेड की गाड़ी की मदद से काबू किया, वहीं गांव कानीखेड़ी के पूर्व नंबरदार के बेटे एवं पुलिस विभाग में होमगार्ड अनिल कुमार को आग लगाते हुए उपायुक्त ने रंगे हाथों काबू किया और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस जांच अधिकारी भूप सिंह ने बताया कि अनिल को डीसी के आदेश के बाद हिरासत में ले लिया गया है।

कैंपस

निष्ठा कार्यक्रम में 150 शिक्षक प्रशिक्षित

हिसार (निस) : केन्द्र सरकार के निष्ठा कार्यक्रम से शिक्षा की दिशा में अनेक सुधार होंगे। ऐसा कहना है स्टेट रिसोर्स पर्सन की डाइट कोआर्डिनेटर मंजू यादव का, जो निष्ठा कार्यक्रम के 5 दिवसीय प्रशिक्षण के समापन पर शिक्षकों को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने बताया कि इस योजना से करीब 42 लाख अध्यापकों को शिक्षित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने 150 प्रशिक्षित शिक्षकों को कार्यक्रम के सर्टिफिकेट भी दिए। खंड शिक्षा अधिकारी अमनदीप सिंह ने बताया कि पहली से आठवीं कक्षा तक के बच्चों का स्तर सुधारने, खेल-खेल में पढ़ाने व उनकी रुचि के अनुसार उनको आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा विभाग निष्ठा योजना लेकर आया है। इस अवसर पर डॉ अजय लोहान, रजत बामल, स्कूल इंचार्ज चांदनी मेहता सहित अन्य शिक्षक शामिल थे।

'भारत को जानो' सिद्धार्थ इंटरनेशनल का दबदबा

रोहतक (हप्र) : भारत विकास परिषद मानसरोवर शाखा, भगत सिंह शाखा व रत्न शाखा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय वैश्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शाखा स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता आयोजित की गई। शहर, गांव की 22 टीमों के 87 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता कौन बनेगा करोडपति स्टाइल में प्रोजेक्टर पर हुई। प्रतियोगिता दो वर्गों कनिष्ठ व वर्ग में करवाई जाती है। वरिष्ठ वर्ग में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने प्रथम, वैश्य पब्लिक स्कूल की टीम ने द्वितीय व पठानिया पब्लिक स्कूल की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कनिष्ठ वर्ग में सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल कलानौर की टीम ने प्रथम, एचडी पब्लिक स्कूल, बहुअकबरपुर की टीम ने द्वितीय व स्कॉलर रोजरी स्कूल रोहतक की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

युवा महोत्सव में विद्यार्थियों ने मचायी धूम

रेवाड़ी के गांव मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में शनिवार को आयोजित उत्सव में प्रस्तुति देती छात्राएं। -निस

रेवाड़ी (निस) : गांव मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में शनिवार को युवा महोत्सव हिन्डोला का रंगारंग कार्यक्रम आरम्भ हुआ। मुख्यातिथि महामंडेलश्वर स्वामी ज्ञानानन्द महाराज थे। उन्होंने महोत्सव में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों के लिए आशीर्वचन कहे। विशिष्ट अतिथि गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मारकंडेय आहूजा थे व अध्यक्षता प्रो. डीपी भारद्वाज ने की। इससे पूर्व कुलपति प्रो. एस.के. गक्खड़ ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कुलसचिव डा. अन्नपूर्णा शर्मा ने कहा कि युवा महोत्सव में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए लोक नृत्यों ने समां को बांध दिया।

यूथ फेस्टिवल जीवीएम को फर्स्ट रनरअप ट्राफी

सोनीपत (हप्र) : जोनल के बाद इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल में भी जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने चार प्रथम सहित कुल 17 पुरस्कार जीतकर इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल की फस्ट रनरअप ट्रॉफी कब्जाई है। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा.ज्योति जुनेजा ने टीम को बधाई दी है। यूथ फेस्टिवल की संयोजक रजनी कत्याल ने बताया कि 39 वां इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल विश्वविद्यालय रोहतक के टैगोर ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इसमें 70 से अधिक कालेजों के 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। जीवीएम की छात्राओं ने संस्कृत नाटिका, सिंग फोर पेरंट्स तथा वेस्टर्न सोलो सोंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया है। 9 स्पर्धाओं में जीवीएम को द्वितीय पुरस्कार मिला है, जिनमें रंगोली, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, क्लासिकल डांस, डिबेट (विपक्ष), आर्केस्ट्रा, कव्वाली, संस्कृत डैक्लामेशन, समूह गायन (हरियाणवी) और कार्टूनिंग स्पर्धाएं शामिल हैं। इनके साथ ही छात्राओं ने गजल, कोलाज, समूह गायन (सामान्य) और समूह नृत्य (सामान्य) प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएगी दुर्गा शक्ति

हिसार स्थित गुजवि में शनिवार को आत्मरक्षा के गुर सीखती छात्राएं। -निस

हिसार (निस) : कॉलेजों में पढ़ने वाली छात्राएं अब आत्मरक्षा के गुर सीखकर अपनी रक्षा करने में सक्षम हो सकेंगी। इसके लिए गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। लड़कियों के छात्रावास में हरियाणा पुलिस दुर्गा शक्ति के सहयोग से एक साप्ताहिक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें दुर्गा शक्ति द्वारा छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में अपनी रक्षा करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

चौधरी बंसीलाल विवि में ओडिसी नृत्य की प्रस्तुति

भिवानी के चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय में शनिवार को विवि के न्यूज़ लेटर उत्कर्ष की प्रति के साथ मुख्यातिथि। -हप्र

भिवानी (हप्र) : चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन सभागार में युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से स्पीक मेके कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पदम गुरु गीता महालिक ने भारतीय लोक नृत्य ओडिसी की प्रस्तुति दी। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत के सभी राज्यों के लोक नृत्यों पर राज्यवार विस्तृत चर्चा की। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रसिद्ध नृत्य ओडिसी की विभिन्न मुद्राओं में संपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पधारे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ.जगबीर सिंह ने भी भारतीय लोक संस्कृति पर विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में स्पीक मेके के राज्य समन्वयक प्रो.रामकुमार यादव ने विश्वविद्यालय के स्पीक मेके चैप्टर का शुभारंभ किया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के न्यूज़ लेटर उत्कर्ष की प्रति मुख्यातिथियों को भेंट की गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बुलंदशहर में की छापामारी

भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन व नकदी बरामद

रेवाड़ी, 16 नवंबर (निस)

स्वास्थ्य विभाग रेवाड़ी व सीआईए की टीम ने बुलंदशहर के गांव दीनौल में छापामारी कर भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 5 सदस्यों के खिलाफ केस दर्ज कर 3 सदस्यों को मौके से गिरफ्तार किया है। इनमें एक आशा वर्कर भी शामिल है।

उपायुक्त यशेन्द्र सिंह ने कहा कि रेवाड़ी से छापामारी के लिए गई टीम का बुलंदशहर के डीएम द्वारा पूरा सहयोग किया गया। वे स्वयं भी पूरे घटनाक्रम को लेकर उनके सम्पर्क में रहे। इसके चलते सफल कार्रवाई को अंजाम दिया गया। उपायुक्त ने इस मामले को लेकर पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा. संजय, डा. जयप्रकाश व सीआईए के हवलदार संदीप सिंह, सिपाही बीर सिंह व महिला सिपाही प्रियंका के नेतृत्व में टीम का गठन किया था।

आशा वर्कर के घर हो रही थी जांच

सूचना मिली थी कि दीनौल गांव में एक आशा वर्कर के घर लिंग परीक्षण का खेल चल रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर 3 लोगों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 44 हजार रुपए भी बरामद किए। टीम ने फर्जी गर्भवती महिला को महिला कांस्टेबल के साथ 22 हजार रुपए देकर भेजा। महिला ने पहले इन लोगों को यूपी के पठानबाग और फिर बुलंदशहर स्थित वल्लीपुरा नहर पर बुलाया, जहां पर 22 हजार रुपए लेकर उसने एक बाइक सवार के साथ दोनों को दिनौल भेज दिया। जहां आशा वर्कर के घर पोर्टेबल मशीन द्वारा अवैध रूप से अल्ट्रासाउंड कर भ्रूण लिंग परीक्षण किया जा रहा था। टीम ने आरोपी सुबोध शर्मा, भूपेन्द्र कुमार और संजय शर्मा को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और उनके कब्जे से पोर्टेबल अल्ट्रासाउंड मशीन, नगदी व तीन मोबाइल फोन बरामद किए। स्वास्थ्य विभाग की शिकायत पर खुर्जा देहात थाने में आशा वर्कर राजकुमारी, सुबोध शर्मा, भूपेन्द्र कुमार, संजय शर्मा और एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

'प्रदूषण व दुनिया में अशांति चिंता का विषय'

नूंह/मेवात, 16 नवंबर(निस)

तालीम के चिराग से ही मुस्तकबिल रोशन होगा। कौम, समाज, राज्य व देश की तरक्की के लिए तालीम काफी अहम है। उक्त कथन नूंह से कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला (नूंह) में शनिवार को एक गैर सरकारी संस्था (आरएफपी) के कार्यक्रम में कही। यह कार्यक्रम रिलीजन फॉर पीस संस्था के संस्थापक आमिर आबिदी द्वारा आयोजित कराया गया। आफताब अहमद ने कहा कि आज जमीन को प्रदूषण से बचाने और पूरी दुनिया में शांति फैलाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस संस्था और मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज की पहल सराहनीय है। चुनाव के दौरान कांग्रेस के घोषणा पत्र में इस कॉलेज को यूनिवर्सिटी बनाने की बात की थी, लेकिन अब भाजपा व जजपा गठबंधन की सरकार पर मांग मनवाने को मजबूर करेंगे। इस मौके पर कॉलेज के प्रोफेसर वसीम अकरम, खुर्शीद अहमद, सचिव समीर भी मौजूद रहे।

नीरपुर में अभिनंदन समारोह में बोले मंत्री ओमप्रकाश यादव

मंत्री के रूप में मिली ताकत को इलाके की भलाई के लिए लगाऊंगा

नारनौल, 16 नवंबर (हप्र)

मंत्री के रूप में जो ताकत मिली है, उसे वह इलाके की भलाई के लिए लगाएंगे। यह इलाके का सम्मान है। यह बात जिले के गांव नीरपुर में शनिवार को आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कही।

इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री व राव इंद्रजीत का आभार जताते हुए कहा कि उनके दिशा निर्देशानुसार विकास को और अधिक गति देंगे। इस मौके पर अटेली के विधायक सीताराम यादव भी मौजूद थे। मंत्री ओमप्रकाश यादव का आज जिले में विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत व अभिनंदन हुआ। इस मौके पर बुजुर्ग रघुवीर, अनिल डॉक्टर व असीम नम्बरदार ने मंत्री का अभिन्नदन किया। इस अवसर पर नारनौल के पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा भी उपस्थित थे।

गांव नीरपुर में अभिनन्दन समारोह को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव। -हप्र

उन्होंने स्थानीय रेस्ट हाउस में जिला के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के हर कार्य में जनता की संतुष्टि नजर आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे जिसमें विकास योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा होगी।

शहीद राव तुलाराम को श्रद्धा सुमन अर्पित

मंत्री ओमप्रकाश यादव ने नसीबपुर स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर राव तुलाराम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने यहां आयोजित हवन में आहुति डाली।

बर्फ तोड़ने वाला सुआ मारकर हत्या

भिवानी, 16 नवंबर (हप्र)

लोहानी के एक युवक को कैरू के तीन लोगों ने बर्फ तोड़ने वाला सुआ मारकर घायल कर दिया जिसकी पीजीआई रोहतक ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

रोहतक पीजीआई ले जाते घायल युवक ने तोड़ा दम

मृतक सुनील के भाई अनिल कुमार ने बताया कि शुक्रवार देर सायं उसके पास एक लड़की का फोन आया था। लड़की ने कहा कि उसे सुनील से बात करनी है और वह फोन नहीं उठा रहा है। उन्होंने उस लड़की को वहां पर सुनील के नहीं होने की बात कही। कुछ देर बाद उसका भाई सुनील आया और बाइक की चाबी मांगी। सुनील ने कहा कि उसे कैरू में किसी काम के लिए जाना है। इसके करीब 40 मिनट बाद उसके भाई का फोन आया कि कैरू निवासी जयनारायण व अन्य लोगों ने उसे बर्फ तोड़ने वाला सुआ मारकर घायल कर दिया। इसके बाद वह सुनील को लेने के लिए मौके पर पहुंचा और घायलावस्था में उसे भिवानी के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया जहां गंभीरावस्था के चलते उसे रोहतक पीजीआई रैफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रोहतक पीजीआई में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक सुनील के भाई अनिल ने बताया उसका भाई व फोन करने वाली लड़की ग्रामीण आजीविका मिशन में काम करते थे। इस बारे में कैरू चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि इस मामले में कैरू निवासी जयनारायण, उसके बेटे व उसकी बेटी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

खबर है...

'भाजपा ने की अति पिछड़ा वर्ग की अनदेखी'

भिवानी की चेतराम धर्मशाला में शनिवार को आयोजित बैठक में उपस्थित अति पिछड़ा वर्ग अधिकारी मंच के सदस्य। -हप्र

भिवानी (हप्र) : स्थानीय चेतराम प्रजापति धर्मशाला दिनोद गेट पर पिछड़ा वर्ग अधिकार मंच की बैठक का आयोजन पिछड़ा वर्ग अधिकारी मंच युवा जिला अध्यक्ष नवीन प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में नवीन प्रजापति ने कहा कि भाजपा को हरियाणा में सत्ता दिलाने में अति पिछड़ा वर्ग का अहम योगदान है, लेकिन सत्ता में आने के बाद भाजपा ने सत्ता में हिस्सेदारी की बात आई तो इस वर्ग को भुला दिया। युवा महासचिव संजय पंवार ने कहा कि टिकट बंटवारे में भी भाजपा ने अनदेखी की है। इस अवसर पर मोहनी प्रजापति, सोनू पंवार, प्रवीण पांचाल, अभिषेक सैनी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में रिटायर्ड फौजी लापता

नारनौंद (निस) : बास थाना क्षेत्र के गांव भाटोल-जाटान से रिटायर्ड फौजी 62 वर्षीय इंद्र सिंह बामल गायब हो गया। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की। लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। उसके बाद इसकी सूचना बास थाना पुलिस को दी। बताया जा रहा है इंद्र सिंह मानसिक रूप से भी परेशान चल रहा था, ऐसे में परिवार के लोग उन्हें खोजने के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा ले रहे हैं, साथ ही पता बताने वाले को उचित इनाम देने की भी घोषणा कर चुके हैं।

रानी तालाब में कूदा, पुलिस ने बचाया

जींद (हप्र) : शनिवार को एक व्यक्ति अचानक शहर के ऐतिहासिक रानी तालाब में कूद गया। आसपास के लोगों ने उसे पानी से लबालब भरे तालाब में कूदते हुए देख लिया और पुलिस कंट्रोल रूम को फोन किया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर उसे जिंदा बाहर निकाल लिया। उसकी पहचान रामरूप पुत्र चंद्र वासी कटवाल गांव के तौर पर हुई है। रामरूप के परिजनों को मौके पर बुलाया गया, तो उन्होंने बताया कि रामरूप पिछले कई दिनों से मानसिक तौर पर परेशान है। रामरूप ने कहा कि वह रानी तालाब पर आया था, उसका अचानक पैर फिसल गया। पुलिस ने रामरूप को मौके पर ही परिजनों को सौंप दिया।

परेशानी के चलते अधेड़ ने लगाया फंदा

सिरसा (निस) : जिला के गांव नागोकी में परेशानी के चलते एक व्यक्ति ने अपने ही घर में फंदा लगाकर जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार गांव नागोकी निवासी करीब 50 वर्षीय सुरजीत सिंह कुछ समय से परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने बीते शुक्रवार को उसने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतक के बेटे के बयानों के आधार पर इतफाकिया कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

बीरेंद्र सिंह आज उचाना में लेंगे कार्यकर्ता बैठक

उचाना/जींद (हप्र) : पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा सांसद चौधरी बीरेंद्र सिंह रविवार 17 नवंबर को कस्बे के राजीव गांधी महाविद्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। यह जानकारी देते हुए जोनल प्रभारी हरेंद्र डूमरखां ने बताया कि पहले यह बैठक दोपहर से पहले होनी थी, लेकिन दिल्ली में भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में राज्यसभा सांसद बीरेंद्र सिंह भी शिरकत करेंगे। ऐसे में अब यह बैठक दोपहर बाद राजीव गांधी महाविद्यालय के सभागार में होगी।

गर्भपात कराकर विवाहिता को घर से निकाला

जुलाना/जींद (हप्र) : विवाहिता का धोखे से गर्भपात करवाने, दहेज मांगने व दहेज नहीं देने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में जुलाना पुलिस ने पति, सास, ससुर व ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना के वार्ड नंबर 11 निवासी ज्योति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 25 फरवरी, 2019 को रोहतक जिले के मुंगाण निवासी कुलदीप उर्फ मनीष के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए तंग करने लगे। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। जब वह गर्भवती हुई तो धोखे से ससुराल पक्ष के लोगों ने उसका गर्भपात भी करवा दिया। उसके बाद उसे मारपीट कर घर से भी निकाल दिया। पुलिस ने ज्योति की शिकायत पर पति कुलदीप उर्फ मनीष, सास लीलावती उर्फ बबली, ससुर रणबीर और ननद के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छात्रा से रेप के आरोप में चचेरा भाई गिरफ्तार

गुरुग्राम (हप्र) : 10वीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने उसके चचेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया है। सोहना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी ने महिला चौकी सोहना में शिकायत देकर बताया कि वह अपनी ताई के घर खाना बनाने गई थी। आरोप है कि उसके पीछे चचेरा भाई की छत पर आ गया और उससे दुष्कर्म किया। उसके बाद उसने धमकी दी कि इस बारे में किसी को नहीं बताने की धमकी दी। डर के मारे किशोरी ने किसी को नही बताया। किशोरी जब स्कूल में बेहोश हो गई। होश में आने पर उसने अपनी टीचर को सब कुछ बता दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, उसने अपना गुनाह कबूल कर लिया है। उसे जेल भेज दिया गया है। उधर, फर्रुखनगर के एक गांव में मानसिक दिव्यांग युवती से रेप के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। रेप का प्रयास गांव के ही युवक ने किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

माइनर से मिले शव की पहचान

हत्या कर शव नहर में फेंकने का आरोप

जींद, 16 नवंबर (हप्र)

पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने भिड़ताना माइनर से विगत दिवस जो शव बरामद किया था, शनिवार को उसकी पहचान करनाल के जुंडला निवासी सुरजीत के रूप में हुई। मृतक के भाई राजेश ने सफीदों थाना पुलिस में 15 नवंबर को सुरजीत के गायब होने की सूचना दी थी। 13 नवंबर को बेटे से फोन पर सुरजीत ने बताया था कि उनके कुछ जानकार आए हैं। बाद में बात करता हूं। यह कहकर बेटे का फोन काट दिया था। इसके बाद जब बेटे ने दोबारा फोन किया तो सुरजीत का फोन लगातार बंद आया। इसके बाद बेटे ने शाम तक अपने पिता सुरजीत को लगातार फोन किया, लेकिन फोन बंद आया। इसके बाद अपने स्तर पर सुरजीत की तलाश की, लेकिन सुरजीत का कहीं भी पता नहीं चला। मृतक के भाई राजेश ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि उसके भाई की किसी ने हत्या कर शव को नहर में फेंका है। शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

वायदों को लेकर जजपा पूरी तरह गंभीर : धानक

हिसार, 16 नवंबर (हप्र)

श्रम व रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक ने कहा कि जो वायदा पार्टी ने युवा वर्ग और किसान कमेरे को लेकर किया है, जजपा उसे लेकर पूरी तरह से गंभीर है और आने वाले दिनों में इस दिशा में काम होता नजर भी आएगा। उन्होंने कहा कि जो विश्वास जजपा के संरक्षक डॉ अजय सिंह चौटाला, मुख्यमंत्री मनोहर लाल और उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने उन पर जताया है वह उस पर पूरी तरह खरा उतरेंगे। राज्य मंत्री अनूप धानक शनिवार कैमरी रोड स्थित अपने आवास पर लोगों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर जजपा के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सजन लावट व जजपा के प्रदेश प्रवक्ता मनदीप बिश्नोई ने उनका पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।

आंदोलनरत छात्रों को दिया आश्वासन

हर हाल में होगा समस्या का समाधान : विज

झज्जर, 16 नवंबर (हप्र)

वर्ल्ड कॉलेज के आंदोलनरत छात्रों की समस्या के समाधान के मामले में एक बार फिर हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा है कि मामला संज्ञान में है और उम्मीद यही है कि जल्द ही इस समस्या का निदान कर दिया जाएगा। विज से प्रदेश की पूर्व शिक्षा मंत्री व झज्जर की विधायक गीता भुक्कल ने फोन पर बातचीत की और उन्हें आंदोलनरत छात्रों की समस्या के समाधान करने की बात कही। भुक्कल ने कहा कि इसी माह विस सत्र में जब उन्होंने यह मामला उठाया था तो सीएम ने जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही थी। सीएम ने आश्वासन दिया था कि जिन भी छात्रों को कॉलेज प्रबंधन से शिकायत है उन्हें दूसरे मेडिकल कॉलेजों में समायोजित कर दिया जाएगा लेकिन अभी भी छात्रों को कार्रवाई का इंतजार है। भुक्कल के फोन पर स्वास्थ्य मंत्री विज ने समस्या का समाधान अगले कुछ ही रोज में करने की बात कही है। विज से इस मामले में हुई बातचीत का ब्यौरा यहां मीडिया के रूबरू होकर पूर्व शिक्षा मंत्री भुक्कल ने दिया।

2 माह से दे रहे हैं धरना

झज्जर के गांव गिरावड़ स्थित वर्ल्ड कॉलेज के काफी संख्या में छात्र-छात्राएं कॉलेज में सुविधाएं न होने व कॉलेज प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों की अनदेखी करने को लेकर करीब सवा दो माह से झज्जर में धरना-प्रदर्शन कर रहे है।

PUBLIC NOTICE

Transfer of ownership in respect of Constructed Property No. 332 Sector-14 Urban Estate (007) Gurugram consequent upon the intestate death of allottee Smt. SHARDA DEVI

Smt. SHARDA DEVI who was the allottee of the subject cited property as per record has died on 10th July 2010 and has a Un-registered will, leaving behind following legal heir:

1 COL DAYA SHANKER CONSUL, RETD

Col Daya Shanker Consul, (Retd) S/o Late Shri C P Consul and Smt. Sharda Dev R/o 332 Sector 14, UE (007) Gurgaon intends to apply for the transfer of the said property in his favour being the legal heir and request for Re-allotment in the names of COL DAYA SHANKER CONSUL, RETD

If any person is having any objection against the transfer of said house, he/she can submit objections in writing to the Estate Officer, HUDA Gurugram along with supporting documents within 30 days from the date of publication of this notice, otherwise the Estate Officer may accord permission to transfer/re-allotment of the said property as per HUDA policy and may not entertain subsequent claim, if any.

Col Daya Shanker Consul(Retd)
Legal heirs
On behalf of Estate Officer

प्रोफेसर ने शिष्या को भेजे अश्लील मैसेज

रेवाड़ी, 16 नवंबर (निस)

बावल के एक कॉलेज प्रवक्ता ने अपनी छात्रा को रिलेशन बनाने संबंधी मोबाइल फोन पर मैसेज भेज कर गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते को तार-तार कर दिया। पुलिस ने प्रवक्ता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बावल थाना के प्रभारी मदनलाल ने बताया कि बावल के राजकीय महाविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र के प्रवक्ता तृतीय वर्ष की एक छात्रा को रिलेशन बढ़ाने का मैसेज भेजा। इस तरह के अश्लील मैसेज उसने कई बार उसके मोबाइल पर भेजे और मानसिक रूप से परेशान किया। इस बात से खिन्न छात्रा ने मामले की जानकारी परिजनों को दी। परिजनों ने आरोपी प्रवक्ता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

वायरल ऑडियो का मामला

डीईओ ने एसपी को लिखा पत्र

सिरसा, 16 नवंबर (निस)

कालांवाली के एक सरकारी स्कूल में संस्कृत अध्यापक के पद पर नियुक्त रहे कुलदीप सिंह के खिलाफ एक छात्रा की छवि को धूमिल करने का मामला अब जिला शिक्षा अधिकारी के पास पहुंच गया है। उन्होंने इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ऑडियो की सत्यता जांचने की मांग की है।

इस मामले में पीड़ित छात्रा की मां ने बताया कि उसकी बेटी ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ती है। उसकी बेटी का एक ऑडियो योजनाबद्ध तरीके से बनाकर पहले वायरल किया गया। पीड़िता की मां का आरोप है कि मास्टर कुलदीप ने उसकी बेटी को बरगलाकर अपने शब्द उस पर थोंपकर उससे मास्टर प्रवीण के बारे में गलत बुलवाया और प्रवीण पर मामला दर्ज करवाने के लिए दबाव डाला। जब इस पूरे मामले में उसकी बेटी ने मास्टर कुलदीप का साथ देने से मना किया तो उसने बातचीत की ऑडियो व पत्र को वायरल कर उसकी बेटी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया। अब छात्रा न ही कहीं दाखिला ले पा रही है और न ही पढ़ाई कर पा रही है। इस पूरे मामले को लेकर पुलिस प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक न्याय की गुहार लगाई जा चुकी है लेकिन अभी तक आरोपी कुलदीप के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई है।

क्या कहती हैं शिक्षा अधिकारी

जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि उनके पास मामला आया था और उन्होंने इस मामले में पुलिस अधीक्षक को ऑडियो की जांच के लिए पत्र लिखा है। वहां से फीडबैक अभी नहीं ले पाई हूं। ऑडियो की जांच हो जाए, फिर आगे की कार्रवाई भी करेंगे। वहीं इस मामले में अध्यापक कुलदीप ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को नकार दिया।

नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों ठगे

भिवानी, 16 नवंबर (हप्र)

भिवानी के एक व्यक्ति से खानक के दो युवकों ने ग्रुप डी में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.50 लाख रुपए लेने की शिकायत एसपी भिवानी से की है। तोशाम पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर 2 युवकों के खिलाफ मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में भिवानी स्थित हनुमान ढाणी निवासी लालचंद जांगड़ा ने बताया कि उसकी खानक निवासी अजय और सोमबीर से जान पहचान थी। उन्होंने उसे बताया कि वे ग्रुप डी में नौकरी लगवाने का काम करते हैं। उसने 2018 में ग्रुप डी भर्ती में उसके बेटे ललित कुमार ने आवेदन किया था। दोनों युवकों ने उसके लड़के को ग्रुप-डी में पक्की नौकरी लगवा सकते हैं। उसने रुपए देने के लिए अपने बेटे को भी मना लिया और उन्होंने अजय के बैंक खाते में 1.50 लाख रुपए जमा करवा दिए। ग्रुप-डी का रिजल्ट आने पर पता चला कि उसके बेटे का लिस्ट में नाम नहीं है तो उन्होंने दोनों से पैसे वापस देने की बात कही परंतु आरोपित उसे टकराते रहे। इसके बाद आरोपियों ने रुपए देने से मना कर दिया।

सार्वजनिक सूचना

विषय: औद्योगिक भवन/प्लाट नंबर 77, बालका एस.आई.ई.पार्ट-II महाबुलाख की 50 प्रतिशत भाग की मालकियत इसके आगे पिछले के आवंटित श्री सुरेश लाल मलोचा सुपुत्र स्व. श्री रामलाल मलोचा, निवासी बी-2/20, द्वितीय तल पश्चिम विहार, नई दिल्ली की मृत्यु उपरांत उनकी कानूनी वारिस/वसीयती के नाम परिवर्तित/स्थानांतरण करने बारे।

श्री सुरेश लाल मलोचा पुत्र स्व. श्री रामलाल मलोचा निवासी बी-2/20, द्वितीय तल पश्चिम विहार, नई दिल्ली की जो विषयवर्णित उपरोक्त औद्योगिक प्लाट, भवन नंबर 77, बालका पार्ट II-एस.आई.ई. महाबुलाख की 50 प्रतिशत भाग के विभाजन के रिकार्ड अनुसार पूर्ण रूप से आवंटित थे। जिनकी दिनांक 06.04.2018 को मृत्यु हो गई थी। उनके द्वारा अपने जीवनकाल में कोई पंजीकृत या गैर पंजीकृत वसीयत नहीं की गई। अब उनकी मृत्यु उपरांत उनकी कानूनी वारिस श्रीमती बीमती मीना मलोचा पत्नी श्री सुरेश लाल मलोचा, निवासी बी-2/20, द्वितीय तल पश्चिम विहार, नई दिल्ली उपरोक्त प्लाट की मालकियत अपने नाम ट्रांसफर/परिवर्तित करवाना चाहती है।

अगर किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति की मालकियत उनके वसीयत आधार पर वसीयत कर्ता श्रीमती बीमती मीना मलोचा पत्नी श्री सुरेश लाल मलोचा निवासी बी-2/20, द्वितीय तल पश्चिम विहार, नई दिल्ली को नाम ट्रांसफर करने बारे में कोई ऐतराज या आपत्ति है तो वह अपना ऐतराज/आपत्ति लिखित रूप में संपदा कार्यालय, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एच.एस.आई.आई.डी.सी. बहादुरगढ़ में संबंधित दस्तावेज सहित इस नोटिस की प्रकाशन के अगले तीन दिन के अंदर- अंदर दर्ज करवा सकता है। अन्यथा संपदा कार्यालय, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण,एच.एस.आई.आई.डी.सी. द्वारा उपरोक्त संपत्ति को हस्तांतरण एवं ट्रांसफर बायत विभाग की नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही अगले में लाई जायेगी और इस बारे बाद में कोई ऐतराज मान्य नहीं होगी।

श्रीमती मीना मलोचा, वसीयत गृहिता

बावल को विकास में नहीं रहने दूंगा पीछे : डा. बनवारी

रेवाड़ी, 16 नवंबर (निस)

केबिनेट मंत्री बनने के बाद पहली बार अपने गृह क्षेत्र बावल पहुंचे डा. बनवारी लाल का शनिवार को फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। बावल के हाइवे से ही उनके स्वागत में कार्यकर्ता खड़े थे। बनीपुर चौक पर पार्टी कार्यकर्ताओं व उनके समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों व फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। इसके बाद डा. लाल काफिले के साथ बावल पहुंचे। जहां नगर पालिका बावल में उनके स्वागत में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में डा. बनवारी लाल ने कहा कि वे अगले पांच सालों में प्रदेश के साथ बावल क्षेत्र में विकास के अधूरे कार्यों को पूरा कराएंगे। बावल क्षेत्र को विकास में पीछे नही रहने देंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल व राव इंद्रजीत सिंह ने उनमें विश्वास व्यक्त कर जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। उनके दरवाजे 24 घंटे खुले हैं। इस अवसर पर प्रीतम चौहान, नागेन्द्र, ईश्वर सिंह चनेजा, सरपंच चरण सिंह साबन, पूर्व सरपंच जयमल सांझापुर, पूर्व सरपंच बलबीर किशनपुर, केशव मुदगिल आदि उपस्थित थे।

बावल के बनीपुर चौक पर शनिवार को डा. बनवारी लाल का स्वागत करते कार्यकर्ता। -निस

लोहारी राघो में कार्यवाहक सरपंच का चुनाव टला

नारनौंद, 16 नवंबर (निस)

गांव लोहारी की सरपंच निलंबित होने के कारण सरपंच का पद खाली पड़ा हुआ है। कार्यवाहक सरपंच चुनने के लिए 15 नवंबर को चुनाव होना था लेकिन पंचों का कोरम पूरा न होने के कारण चुनाव नहीं हो सका और अब ये चुनाव 22 नवंबर को करवाया जाएगा। गांव लोहारी राघो में 18 वार्ड हैं। गांव में कार्यवाहक सरपंच चुनने के लिए 15 नवंबर सचिव मंदीप की देखरेख में चुनाव होना था लेकिन बैठक में सिर्फ 9 पंच ही पहुंचे जबकि बैठक में दस पंचों का उपस्थित होना जरूरी था। कोरम पूरा न होने की वजह से चुनाव को स्थगित कर दिया गया। अब ये चुनाव 22 नवंबर को होगा। अगर उसमें भी पंचों का कोरम पूरा नहीं हुआ तो जिला उपायुक्त किसी प्रशासक को गांव के विकास के लिए नियुक्त कर देंगे।

INSTRUMENTS DESIGN DEVELOPMENT & FACILITIES CENTRE
AMBALA CANTT
(A Project of Haryana State Electronics Dev. Corporation Ltd.)
G.T. Road, Near IOC Depot, Ambala Cantt-133001

लड़कियों व महिलाओं के लिए तकनीकी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम

विज्ञान एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग द्वारा
महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी विकास एवं उपयोग प्रोग्राम (TDUPW) स्कीम के अन्तर्गत।
(स्वीकृति पत्र क्रमांक: DSIR/TDUPW/100/2017 dated 16.11.2018)
उपकरण संरचना विकास एवं सुविधा केन्द्र (आई.डी.डी.सी.) अम्बाला कैंट में लड़कियों व महिलाओं के लिए मुफ्त तकनीकी कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विषय विवरण इस प्रकार है:-

Technical Skill Training for Women in the field of Assembly of Scientific Instruments & their Quality Control

विषय	: महिलाओं को वैज्ञानिक उपकरणों की असेम्बली एवं गुणवत्ता नियंत्रण का तकनीकी कौशल प्रशिक्षण
न्यूनतम शिक्षा	: 10+2 / आई.टी.आई / डिप्लोमा / दसवीं उत्तीर्ण योग्यता के साथ
आयु	: 18 से 40
प्रशिक्षण अवधि	: 4 महीने (1 दिसम्बर, 2019 से 31 मार्च, 2020)
प्रशिक्षण फीस	: निःशुल्क
फार्म जमा करने की अंतिम तिथि	: 27.11.2019
साक्षात्कार	: 29.11.2019
साक्षात्कार स्थान	: आई.डी.डी.सी., जी.टी.रोड, नजदीक इंडियन ऑयल डिपो, अम्बाला कैंट

सम्पर्क करें
दलबीर सिंह काजल (सहायक महाप्रबंधक) | राजेन्द्र कुमार (सहायक अभियंता)
आई.डी.डी.सी, अम्बाला कैंट, मोबाईल 9416688724

क्लासीफाइड

विवाह संबंधी

वर चाहिए

खत्री/अरोड़ा

मंगलीक खत्री, 19.04.1991 (प्रातः 12.05 बजे, पंचकूला)/5'-4'', मास्टर ऑफ बिज़नेस इक्नॉमिक्स, सुंदर, गोरी, लड़की के लिए मंगलीक या गैर -मंगलीक, प्रतिष्ठित वर चाहिए। पिता सरकारी अफसर। फोन : 94178-90111. (CL19115442)

गोरी सुन्दर 29/5'-6'', हिन्दू खत्री एमबीबीएस, एमडी लड़की हेतु डाक्टर, एमबीए प्रोफेशनली योग्यता प्राप्त वर चाहिए, 9407983473. (CL19115921)

अरोड़ा

1986 जन्म, 152 सें.मी., 48 केजी, एमएससी, एमबीए, अरोड़ा, विख्यात डाक्टर परिवार की लड़की हेतु एनएम सुस्थापित वर चाहिए। जातीय बंधन नहीं। संपर्क करें : 9996635770, indubharat59@gmail.com (CL19112703)

सैनी

सैनी हिन्दू, गोरी, 5'-6''/1989, बीटैक, मुंबई में बतौर मैनेजर रिलायंस ग्रुप में कार्यरत, पैकेज 9.5 लाख लड़की हेतु सुपात्र वर चाहिए। जाति बंधन नहीं। संपर्क करें : dpsaininfl@yahoo.in, 9896206769. (CL19112248)

राजपूत

दोआबा सिख राजपूत (सामान्य जाति), जून 1987/168 सें.मी., एम.ए. (अंग्रेजी) (Communication Std.) IP Delhi, M.Sc. (HRM & IR) मैनचेस्टर (यूके) से, दिल्ली में जन्मी व पली लड़की के लिए प्रोफेशनल योग्यताप्राप्त वर चाहिए। Cut Surd का स्वागत है। कृपया सम्पर्क करें या व्हाट्सएप करें : 9818402000। 9818468170, E-mail: nsminhas06@gmail.com (CL19115441)

जट

जट सिख, 1989/5'-4'', बायीं टांग में मामूली नुक्स, मेडिकल अफसर PCMS लड़की के लिए सुयोग्य वर चाहिए। संपर्क करें : 8427957375. (CL19112477)

डाक्टर/इंजीनियर

जट सिख डाक्टर, MBBS, MD Pediatrics, 1988/5'-4'', नैनीताल की लड़की के लिए वर चाहिए। फोन : 9837119808. (CL19111445)

अनुसूचित जाति

बाल्मीकि लड़की 12.06.1988/ 5'-3'', 12वीं पास, फैशन डिज़ाइनर, गौत्र Gahlot Dumre, सम्पर्क करें : 99151-30719. (CL19112919)

एससी (चमार) हरियाणा आधारित, 1980, 1981, 5'-2'', सरकारी सेवारत लड़की के लिए वर चाहिए। संपर्क करें : 98880-85638, 75086-43068. (CL19114591)

गोरी, सुन्दर, दिल्ली (एस.सी.) दिसंबर 1988/5'-2'', बी.टैक. तथा एमबीए, एमएनसी नोएडा में कार्यरत लड़की हेतु सुयोग्य वर चाहिए। दिल्ली/ एनसीआर में कार्यरत को तरजीह। सम्पर्क करें : 9910061623. (CL19115262)

रामदासिया, 1987 जन्म, एसबीआई मैनेजर, स्केल 3, 5'-6'', लड़की हेतु तरजीही तौर पर बैंक मैनेजर, डॉक्टर, पीसीएस वर चाहिए। 9461313925. (CL19115447)

फुटकर

एमटैक, 28/5'-1'', गोरी, पतली, सुंदर, दिल्ली में सरकारी जॉब, पैकेज 7 लाख, शिक्षित परिवार की लड़की हेतु हिंदू नाई सुपात्र वर की तलाश है। पिता सीनि. क्लास-I आफिसर। दिल्ली/ एनसीआर को तरजीह। 90503-33763, ईमेल : dev99010@gmail.com (CL19108569)

वाल्मीकि, 1985/5'-4'', एम.ए. (अर्थशास्त्र), एसबीआई में बैंक अफसर लड़की के लिए वर चाहिए। जातीय बंधन नहीं। फोन : 9417666129. (CL19115384)

एनआरआई

उम्र 26, कद 5'-3'', एम.टैक. सॉफ्टवेयर इंजीनियर सिख एनआरआई लड़की। सम्पर्क करें : 9644651569, 9644482713. (CL19115460)

मंगलीक

खत्री मंगलीक 5'-4''/ 28.03.1990, सुबह 11:43 बजे, चंडीगढ़, कम्पनी सेक्रेटरी, एमएनसी में कार्यरत लड़की हेतु सुयोग्य वर चाहिए। सम्पर्क करें : 08054781691. (CL19115270)

ब्राह्मण

गौड़ ब्राह्मण लड़की, 5'-2''/ 20.04.1988/10:10 प्रातः/करनाल, एमएससी मैथ्स, बीएड, एचटीईटी योग्यताप्राप्त, असिस्टेंट प्रोफेसर हेतु केवल गौड़ ब्राह्मण सुस्थापित/सरकारी जॉब वाला लड़का चाहिए। (CL19111834)

सुन्दर गोस्वामी गिरि 5'-4''/ 13.07.1988/ सायं 5.15 बजे, चंडीगढ़, एमबीए, कार्यरत फैशन डिज़ाइनर, चण्डीगढ़ लड़की हेतु वर चाहिए। ट्राइसिटी को प्राथमिकता। गोस्वामी गिरि ब्राह्मण लड़के को प्राथमिकता, 9988716353. (CL19112280)

5'-2'', फरवरी, 1989 जन्म, सुन्दर सारस्वत ब्राह्मण, बीएएमएस, प्रतिष्ठित प्राइवेट अस्पताल में बतौर मेडिकल आफिसर कार्यरत लड़की हेतु सुपात्र वर चाहिए। खानदानी परिवार, भाई पीसीएस आफिसर। 9855156085. (CL19112300)

ब्राह्मण हिमाचल, अदिति, एमएससी आईटी जन्मतिथि फरवरी 11, 1990, समय अप. 12.30 बजे, स्थान पालमपुर, मोहाली पंजाब में स्थापित परिवार की लड़की हेतु सुपात्र वर चाहिए। सम्पर्क करें : फोन : 9954498352. (CL19115728)

जट सिख

सिख खत्री 1990 /5'-6'', बीसीए, एमबीए (फायनांस) स्व-रोजगारशुदा बढ़िया कमाई, सुशिक्षित परिवार की लड़की हेतु वर चाहिए। उच्च जाति बंधन नहीं, 9915746078. (CL19115444)

सिख

रामदासिया सिख, 28/5'-4'', बीटैक, दिल्ली में असिस्टेंट सेक्शन आफिसर हेतु दिल्ली से क्लास-I आफिसर का रिश्ता चाहिए। 98763-27047. (CL19112250)

रामदासिया सिख, 1994/5'-9'', ग्रेजुएट, 6.5 बैंड लड़की के लिए PR वर चाहिए। फोन : 84480-89742. (CL19113435)

सिख खत्री/अरोड़ा

चंडीगढ़ आधारित, गोरी, सुंदर, 1994/157 सें.मी., स्टडीज़ तथा स्पोर्ट्स में हमेशा टापर रही, पीएचडी करते हुए यूनिवर्सिटी में बतौर जेआरएफ कार्यरत लड़की हेतु सुयोग्य खुले विचारों वाला वर चाहिए। ई-मेल : sea.mohali@gmail.com, फोन : 9988881848, जाति का बंधन नहीं। (CL19115445)

अग्रवाल

आंशिक मंगलीक, गर्ग, 25 अक्तूबर, 1994, स्थान पंचकूला, 17:31 बजे, 5'-2'', B.Com., M.Com., HVPN पंचकूला में कान्ट्रेक्ट आधार पर नौकरीशुदा, सुंदर लड़की के लिए सुयोग्य वर चाहिए। फोन : 9779469967, parveen127gupta@gmail.com (CL19113726)

रिक्त स्थान

महिला आफिस असिस्टेंट चाहिए। बी.कॉम., जो कि टैली 9 जानती हो तथा अंग्रेजी में धारा प्रवाह हो। आवेदन करें : सेंट पाल'ज़ हाई स्कूल अम्बाला शहर, 9729754367, 9996020363, info@stpaulsambala.org (CL19115855)

हकलाना

हकलाहट तुतलाहट, 1964 से विख्यात इलाज। पब्लिक स्पीकिंग इंस्टिच्यूट, पिपली टाउन मनीमाजरा, चंडीगढ़, 098729-92038, 093161-30083. (CL19113392)

इमीग्रेशन कंसल्टेंसी

क्या आप जर्मनी की इमिग्रेशन के इच्छुक हैं? हम कन्सलटेंसी प्रदान करते हैं। संपर्क करें : +9197795-98060, +491715288452. (CL19112498)

बिज़नेस

Indiiz.com फ्री शिपिंग सहित भारत में ऑनलाइन बिक्री का सबसे सस्ता एवं सरल प्लेटफार्म। सहायता के लिए संपर्क करें : 8281462019. (CL19112501)

प्रापर्टी बिकाऊ

बिक्री हेतु 02 अदद दुकानें, निकट शिव मंदिर, मेन बाजार, नूरपुर बेदी, जिला रोपड़, पंजाब में, संपर्क करें : 96460-12407. (CL19104487)

एससीओ पेयर प्लाट्स मेन एयरपोर्ट रोड पर, सेक्टर-66, मोहाली प्राइम लोकेशन। श्री साई एस्टेट 8568888879. (CL19115429)

एक कनाल प्लाट उपलब्ध है, फेसिंग पार्क, बी रोड पर, फेज़-VII, मोहाली, प्रमुख लोकेशन। श्री साई एस्टेट 8568888879. (CL19115512)

फेज-7 मोहाली में बेसमेंट सहित खाली शोरूम उपलब्ध, शानदान लोकेशन, श्री साई एस्टेट, 95688-88879. (CL19115516)

05 बेडरूम 04 बाथरूम ड्राइंग डायनिंग नया 10 मरला मकान जीरकपुर तथा 01/02 फ्लोर, 01 कनाल मकान सेक्टर-21, चंडीगढ़ में। सम्पर्क करें : 9815280500, 9888861666. (CL19115861)

प्रापर्टी बिकाऊ

83 गज का चार कमरों का मकान (डबल स्टोरी) विजय नगर, अम्बाला शहर में बिकाऊ है। 9996111079, 7988959630. (CL19115570)

प्लाट बिकाऊ

प्लाटों की बुकिंग शुरू, डीएलएफ वैली, पंचकूला, सुपुर्दगी के लिए तैयार, प्लाट साइज 300 वर्ग गज। संपर्क करें : 09876685092. (CL19113183)

जीरकपुर रिहायशी प्लाट 250 वर्ग गज लाजपत नगर पीछे मैरीलैंड होटल, सीधी डील, 9878139908. (CL19115923)

ज़मीन बिकाऊ

30 मरला जमीन बिकाऊ है, गांव मोगीनंद के साथ (एमेजोन टावर के लगभग पीछे और सेक्टर 25 पेट्रोल पंप, पंचकूला के सामने)। धनोआ, फोन : 8146414828, 9814015945. (CL19114678)

फ्लैट बिकाऊ

फ्री होल्ड मोटर योग्य 2 और 3 BHK फ्लैट, कवर्ड पार्किंग सहित, अप्पर समर हिल, शिमला। फोन : 8219575187, 8279330329. (CL19112884)

सार्वजनिक सूचना

मैं, Vimmi Nischal उर्फ Vimmy Nishchal पुत्री संजीव कुमार निवासी 419/2, काजीवाड़ा अम्बाला शहर ने अपना नाम बदलकर Vimmy Nischal रख लिया है। संबंधित नोट करें। (CL19115811)

मैं, Yaspal पुत्र देश राज निवासी गांव जागधौली, तहसील जगाधरी ने अपना नाम बदलकर Yashpal रख लिया है। सम्बद्ध नोट करें। (CL19115830)

मैं, आनन्द गाबा स्वरूप पुत्र स्व. एलआर गाबा निवासी म.नं. 182, सेक्टर-10, पंचकूला घोषित करता हूं कि मेरा पुत्र गौरव धवज गाबा तथा उसकी पत्नी नीतू निवासी म.नं. 946, सेक्टर-9, पंचकूला मेरे नियंत्रण से बाहर हैं। मैं उन्हें अपनी चल -अचल जायदाद से बेदखल करता हूं। उनके साथ लेन -देन करने वाला ऐसा स्वयं के जोखिम पर करेगा। (CL19115905)

मैं, सन्दीप कुमार (16018332पी) पुत्र स्व. करन सिंह निवासी खोरड़ा, मातनहेल, झज्जर। मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम मुकेश देवी गलत है। सही नाम मुकेश कुमारी है। (CL19115960)

मैं, टीना पत्नी स्व. सतपाल निवासी मकान नं. 617/2, वार्ड 27, बाल्मीकि मोहल्ला, नजदीक रेलवे स्टेशन, कैथल, ने अपने अविवाहित पुत्र सुमित को अपनी सभी चल- अचल संपत्तियों से बेदखल कर दिया है। सुमित से लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। (CL19115963)

मैं, हरविन्द्र कौर विधवा जसमेर सिंह निवासी गांव खरौदी, तहसील गुहला, जिला कैथल, बयान करती हूं कि मेरी पुत्री सोनिया रानी मेरे कहने- सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। उससे लेन- देन करने/ संबंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। (CL19115967)

मैं, राम कुमार गुप्ता पुत्र शिव प्रसाद गुप्ता निवासी 60/9, चक्रपाणि मोहल्ला, किला चौक, पिहोवा, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपने पुत्र सचिन गुप्ता तथा पुत्रवधू दीपिका सिंघल दोनों को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उपरोक्त दोनों मेरे कहने- सुनने से बाहर हैं। इनके द्वारा किए गए किसी भी लेन- देन या असामाजिक कार्य के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। (CL19115978)

आवश्यक सूचना

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचारपत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

लड़की पर गोली चलाने का मामला

आरोपियों की गिरफ्तारी को डीएसपी से मिले ग्रामीण

सफीदों, 16 नवंबर (निस)

उपमंडल के मुवाना गांव में करीब एक सप्ताह पहले युवकों द्वारा एक घर में फायरिंग करने के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीण शनिवार को डीएसपी अजीत सिंह शेखावत से मिले।

बता दें कि इस घटना में घर में मौजूद लड़की पैर में गोली लगने से घायल हो गई थी और तीनों बदमाश घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गए थे। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मुआना गांव के ग्रामीण व पीड़ित परिवार के लोग डीएसपी अजीत सिंह शेखावत से मिले। डीएसपी ने उन्हें आश्वासन दिया कि तीनों आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पत्रकारों से बातचीत में ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस ने 2 दिनों में आरोपियों की पकड़ने का आश्वासन दिया था

लेकिन आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ग्रामीणों ने साफतौर पर कहा कि अगर आरोपियों को जल्द गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो वे उच्चाधिकारियों से मिलेंगे और फिर भी कोई सुनवाई नहीं होती है तो वे धरना-प्रदर्शन करने पर ग्रामीण मजबूर होंगे।

14 हजार के कपड़े खरीदे रूपये मांगे तो किया फायर

पलवल (हप्र) : न्यू कालोनी स्थित दुकान पर कपड़े खरीदने आए 3 युवक हजारों रुपये के कपड़े खरीदकर हवाई फायर कर मौके से फरार हो गए। कैंप थाना पुलिस ने दुकान संचालक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई लक्ष्मी नारायण ने बताया कि न्यू कालोनी निवासी रोहित कुमार ने शिकायत दर्ज कराई है कि न्यू कालोनी मार्ग पर बिजली बोर्ड कार्यालय के पास उसकी कपड़ो की दुकान है। बीती शाम बाइक पर 3 युवक आए और लगभग 14 हजार रुपये के कपड़े खरीदे। जब रुपये मांगे तो तीनों युवक हवाई फायर कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित दुकानदार ने आरोप लगाया कि भागते हुये तीनों युवक दुकान के बाहर भी फायर कर गये। घटना के बाद से ही दुकान स्वामी काफी भयभीत है। मामला दर्ज करने के बाद पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

केंद्रों पर हुई वीडियोग्राफी, दूसरे चरण की परीक्षा आज, रहेंगे पुख्ता इंतजाम

एचटेट परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

चरखी दादरी में शनिवार को एचटेट परीक्षा के दौरान एक परीक्षा केंद्र पर अपना रोल नंबर चैक करते परीक्षार्थी। - निस

भिवानी में शनिवार को एचटेट परीक्षा से पहले लंबी लाइन में लगे परीक्षार्थी। -हप्र

रोहतक, 16 नवंबर (निस)

हरियाणा पात्रता परीक्षा (एचटेट) की पहले चरण की परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को सही ढंग से नकल रहित करवाने के लिए सभी सेंटरों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। जिले में 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

रविवार को 2 चरणों में एचटेट परीक्षा होगी। जिले में स्थापित सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए व परीक्षा के दौरान वीडियोग्राफी भी हुई। हालांकि सभी सेंटरों पर परीक्षार्थियों की भीड़ देखी गई। समय से पहले ही परीक्षार्थी सेंटरों पर पहुंच गए। जिला प्रशासन द्वारा धारा 144 लागू की गई थी।

समय पर पहुंचे परीक्षार्थी

भिवानी (हप्र) : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एचटेट लेवल-3 की परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। प्रदेश भर में शनिवार को 90 हजार के करीब भावी अध्यापकों ने ये परीक्षा दी। परीक्षा को लेकर बोर्ड प्रशासन द्वारा हर तरह के पुख्ता प्रबंध किए हुए थे। गृह जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाने का असर दिखाई दिया। न तो शहर में बाहर से अधिक संख्या में वाहन आए और न ही जाम की स्थिति बनी। परीक्षार्थी भी अपने परीक्षा केंद्रों पर समय पर पहुंचे।

परीक्षार्थियों की गहनता से जांच की गई और सबकी विडियों रिकॉर्डिंग की गई। परीक्षा केंद्र के हर कक्ष में सीसीटीवी व जैमर लगाए गए हैं। जिलाधीश सुजान सिंह द्वारा परीक्षा केंद्र के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू की गई।

सुरक्षा के बीच प्रश्न पत्रों को केंद्र तक पहुंचाया

फतेहाबाद (निस) : जिले में नियुक्त किए गए संयोजक एवं उपमंडलाधीश सुरजीत सिंह नैन की देखरेख में खजाना कार्यालय से प्रश्न पत्रों को कड़ी सुरक्षा में परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग, डीएफओ रघुबीर जांगु, डीआईसी उप निदेशक जेसी लांग्यान, जीएम रोडवेज आरएस पूनिया, कार्यकारी अभियंता शमशेर सिंह, भिवानी बोर्ड से उच्चाधिकारी, ड्यूटी मेजिस्ट्रे, नोडल अधिकारी मौजूद थे।

यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए परिवहन विभाग व पुलिस विभाग द्वारा उचित व्यवस्था की गई है।

नकल रहित रही एचटेट परीक्षा

चरखी दादरी (निस) : एचटेट परीक्षा नकल रहित व पारदर्शी व्यवस्था से करवाने के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। ड्यूटी मजिस्ट्रेट व सुरक्षा के कड़े प्रबंधों के बीच चरखी दादरी के 12 परीक्षा केंद्रों पर एचटेट की लेवल श्री की परीक्षा आयोजित की गई। डीएसपी शमशेर दहिया ने बताया कि सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रही।

सेंटर नजदीक होने से मिली राहत

पहले परीक्षा देने के लिए परीक्षार्थियों को काफी दूर सेंटरों पर जाना पड़ता था। लेकिन इस बार परीक्षार्थी के क्षेत्र से 50 किलोमीटर के दायरे में ही परीक्षा देने के निर्णय से भी परीक्षार्थियों को राहत मिली। बहादुरगढ़ से रोहतक एचटेट परीक्षा देने आई सविता ने बताया कि वह 2 बार एचटेट परीक्षा दे चुकी हैं, लेकिन इससे पहले उसे दूर दराज स्थित सेंटरों पर जाना पड़ता था, जिससे समय की बर्बादी व अतिरिक्त खर्च करना पड़ता था। लेकिन इस बार सेंटर नजदीक होने के चलते वह समय पर पहुंच सकीं।

पुलिस कर्मचारी से 65 हजार ऐंठने वाली युवती समेत 2 गिरफ्तार

बलात्कार के आरोप में फंसाने की धमकी देकर किया ब्लैकमेल

नारनौल, 16 नवंबर (हप्र)

नारनौल रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारी को बलात्कार के आरोप में फंसाने के भय दिखाकर ब्लैकमेल करने के आरोप में शहर थाना पुलिस ने एक महिला व एक युवक को गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपियों को अदालत में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार 2 नवंबर को रेलवे पुलिस में तैनात कर्मचारी अपनी पत्नी के साथ पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन से मिला और ब्लैकमेल करने की लिखित शिकायत दी। शिकायत में पीड़ित की पत्नी ने आरोप लगाया कि सतनाली क्षेत्र की महिला व उतर प्रदेश निवासी विशाल उसके पति को बलात्कार के झूठे मुकदमे में फंसाने का भय दिखाकर रुपये ऐंठ रहे हैं और अब तक 65 हजार रुपये ले भी चुके हैं जिसके कारण उसका पति मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहा है।

पीड़ित पुलिस कर्मचारी ने बताया कि वह 2016 से नारनौल रेलवे स्टेशन पर तैनात है। करीब 2 वर्ष पहले ड्यूटी के दौरान एक महिला व उसका पिता उसके पास आये और कहने लगे कि लड़की को मुंबई जाना है टिकट नहीं बनने के कारण उन्होंने मदद की गुहार लगायी। इस पर उसने गाड़ी के टीटी से कहा कि इनको मुंबई जाना है टिकट बनाकर सीट दिलवा देना। उस दिन के बाद वह लड़की कई बार नारनौल से मुंबई गई और दोनों की फोन पर बात होने लगी। आरोप लगाया कि एक बार लड़की ने वीडियो कॉलिंग पर बात करते हुये स्क्रीन शॉट ले लिया। इसके बाद विशाल नाम का युवक उसे ब्लैकमेल करने लगा और बलात्कार के आरोप में फंसाने की बात कहकर आरोपियों ने उससे 65 हजार रूपये ऐंठ लिये।

पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि रिमांड के दौरान पुलिस पूरी छानबीन करेगी कि इन्होंने ओर कितने लोगों को अपना शिकार बनाया है और इनका किसी गिरोह के साथ ताल मेल तो नहीं है।

राव गोपाल देव सहित शहीदों को किया नमन

रेवाड़ी में शनिवार को राव गोपाल देव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग। - निस

रेवाड़ी, 16 नवंबर (निस)

क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी राजा राव गोपाल देव 16 नवंबर 1857 को नसीबपुर के मैदान में अंग्रेजी सेना से लोहा लेते हुए 5 हजार सैनिकों के साथ शहीद हो गए थे। उनकी स्मृति में शहर के नारनौल रोड स्थित राव गोपाल देव चौक पर स्थापित उनकी प्रतिमा पर शहीद के वंशजों सुनील राव, नरेंद्र राव एडवोकेट व गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी और शहीदों को याद किया।

आध्यात्मिक मेले को लेकर निकाली शांति दूत यात्रा

सफीदों, 16 नवंबर (निस)

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सफीदों की ओर से शनिवार को नगर में शांतिदूत यात्रा निकाली गई। यात्रा की अगुवाई प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहन सरला व बहन स्नेहलता ने की। यात्रा में 108 माताएं चल रही थी और समाज को शांति का संदेश दे रही थी।

वहीं अनेक ब्रह्मकुमार व ब्रह्मकुमारियों ने हाथ में बैनर व झंडे लेकर शांति मार्च किया। यात्रा में शामिल विभिन्न झांकियों के माध्यम से आगामी 22 से 27 नवंबर को आयोजित होने वाले हेल्थ, वेल्थ व हैप्पीनेस अध्यात्मिक मेले को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।

काम से लौट रहे मजदूर की कार से टक्कर में मौत

फतेहाबाद, 16 नवंबर (निस)

गांव गोरखपुर के समीप तेज गति कार की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस को दी शिकायत में गांव गोरखपुर निवासी आनन्द उर्फ पप्पू ने कहा है कि गत दिवस वह अपने भतीजे जयबीर के साथ मजदूरी का काम करके शाम करीब साढ़े 6 बजे गांव गोरखपुर के वॉटर वर्क्स के सामने से होते हुए खेत में बनी अपनी ढाणी की तरफ जा रहे थे।

इसी दौरान पीछे से गांव जाण्डली की ओर से एक कार तेज गति से आई, जिसके चालक ने कार को लापरवाही से चलाते हुए जयबीर को टक्कर दे मारी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

4 अधिकारियों की कमेटी करेगी स्कूल की निगरानी

सिरसा, 16 नवंबर(निस)।

होली फेथ कॉन्वेंट स्कूल नानूआना के प्रबंधक के निधन के बाद बंद हुए स्कूल से छात्रों की प्रभावित हो रही पढ़ाई को लेकर अभिभावकों द्वारा किए गए प्रदर्शन के बाद जिला प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी रानियां को कमेटी गठन करने व सोमवार को विधिवत रूप से स्कूल खुलवाने के निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार ने कमेटी का गठन कर दिया है जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार, रानियां के सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य जगमिंद्र सिंह, सीनियर सेकेंडरी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य करतार सिंह व सुलतानपुरिया के मुख्याध्यापक नरेंद्र सिंह को शामिल किया गया।

वहीं स्कूल की प्रॉपर्टी को लेकर ऐलनाबाद के पुलिस उपाधीक्षक में 4 गणमान्य सदस्यों की कमेटी बनाई गयी है।

गांव में स्थापित किया केसरी निशान साहिब

जलियांवाला बाग की तर्ज पर होगी हौंद-चिल्लर गांव की पहचान

रेवाड़ी, 16 नवंबर (निस)

84 के दंगों की भेंट चढ़ा जिला का छोटा सा गांव हौंद अब 35 वर्षों से वीरान पड़ा है। हौद-चिल्लर सिख इंसाफ कमेटी द्वारा शनिवार को गांव में केसरी निशान साहिब स्थापित किया गया है। सभी सिख संगठनों ने खंडहर हुए यहां की इमारतों को जलियांवाला बाग की तरह संभालने की अपील की है।

वहां गुरुद्वारा प्रधान सिंह सभा संतोष सिंह साहनी, गुरजीत सिंह पटौदी, हौंद सिख कमेटी के महासचिव व चिल्लर गांव के सरपंच बलराम सिंह, बलकरण सिंह ढिल्लो, राजेंद्र सिंह, सरबजोत सिंह ढांगू पटौदी थे। प्रधान दर्शन सिंह घोलिया ने बताया कि 2 नवंबर 1984 में सिख विरोधी दंगों में गांव के 32 सिखों को जिंदा जला दिया गया था। 35 वर्ष पूर्व इस गांव में चहल पहल थी।

रेवाड़ी में शनिवार को के गांव हौद-चिल्लर में केसरी निशान साहिब स्थापित करते प्रधान दर्शन सिंह घोलिया व अन्य। - निस

ट्रांसपोर्टर को गोली मारने का मामला

रिमांड पर बड़ी मात्रा में हथियार, गोलियां बरामद

रेवाड़ी, 16 नवंबर (निस)

कुछ दिन पूर्व क्षेत्र के एक ट्रांसपोर्टर को गोली मारने वालों से रिमांड पर रामपुरा थाना पुलिस को बड़ी मात्रा में हथियार व जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।

बता दें कि जिला के गांव हरिनगर निवासी ट्रांसपोर्टर कृष्ण कुमार को पुलिस का मुखबिर होने के शक में हरिनगर के ही अनिल उर्फ कमांडो, हरविन्द्र उर्फ सोनू व कुतुबपुर निवासी महेश ने दो दिन पूर्व धोखे से प्लाट पर बुलाकर कनपटी पर गोली मार दी थी। इसी दौरान कृष्ण की पत्नी के शोर मचाने पर उसके परिवार के लोगो को मौके पर आता देख आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। उसे गंभीर हालत में रोहतक दाखिल कराया गया।

पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही तीनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर रिमांड प्राप्त किया था। रिमांड के दौरान पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपियों के ठिकानों से 6 पिस्तौल, 5 मैगजीन व 89 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

epaper.dailytribuneonline.com

चालक ने कूदकर बचायी जान

कागज की रद्दी से भरा कैंटर जला

अग्निशमन की 2 गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

जुलाना/जींद, 16 नवंबर (हप्र)

राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 352 पर गांव किनाना के निकट कागज की रद्दी से भरे एक कैंटर में शनिवार को अचानक आग लग गई। जिसमें कैंटर चालक बाल-बाल बच गया। जुलाना व जींद से पहुंची अग्निशमन की 2 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार पटियाला निवासी रमेश कैंटर में रद्दी लेकर दिल्ली से पटियाला जा रहा था। शनिवार को जब वह जींद-रोहतक राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 352 पर किनाना गांव के पास पहुंचा तो अचानक कैंटर में आग लग गई। आग की लपटों को देखकर कैंटर चालक ने गाड़ी रोकी और उससे कूदकर अपनी जान बचाई। इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड कार्यालय को दी गई। जींद व जुलाना से फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन इससे पहले कैंटर में रखी कागज की रद्दी व कैंटर जल गया। कैंटर चालक ने बताया कि चलते-चलते गाड़ी के पहिए जाम हो गए और शॉर्ट-सर्किट के कारण ही कैंटर में आग लगी है।

जुलाना क्षेत्र के किनाना गांव के पास एनएच पर शनिवार को आग में जला कैंटर एवं मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ी। -हप्र

शॉर्ट सर्किट से गाड़ी में लगी आग

भिवानी (हप्र) : भिवानी में शनिवार शाम एक गाड़ी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। गाड़ी में सवार भूपेंद्र ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। गांव फूलपुरा निवासी भूपेंद्र किसी काम से भिवानी के बाजार में आ रहा था तभी भिवानी में चारा मंडी के निकट अचानक उसकी गाड़ी में आग लग गई। भूपेंद्र ने गाड़ी से कूद कर अपनी जान बचाई। वहीं सूचना पाकर अग्निशमन विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि गाड़ी में सीएनजी किट फिट थी।

स्पोर्ट्स कार्नर

कबड्डी प्रतियोगिता के तीसरे दिन कड़े मुकाबले

गोहाना, 16 नवंबर (निस)

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय में चल रही नॉर्थ जोन अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में कड़े मुकाबले हुए। कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने मैच शुरू होने से पहले टीमों का परिचय लिया।

खेल विभाग की निदेशक डा. सुमन दलाल ने बताया कि प्रतियोगिता के तीसरे दिन रोहतक स्थित महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की टीम ने दिल्ली विश्वविद्यालय की टीम को 39-12 अंक के अंतर से, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने पंजाब विश्वविद्यालय को 47-33 अंक के अंतर से, अमृतसर स्थित गुरु नानक देव विश्वविद्यालय की टीम ने पटियाला स्थित पंजाबी विश्वविद्यालय की टीम को 35-30 अंक के अंतर से और हिमाचल विश्वविद्यालय की टीम ने जींद स्थित सीआरएस विश्वविद्यालय की टीम को 40-26 अंक के अंतर से हराया। वहां डा. योगेश ठाकुर, डा. हिमांशु परमार, डा. संजीत मलिक और मनोज मलिक मौजूद रहे।

गोहाना में शनिवार को कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। - निस

बास्केटबाल में उपविजेता रहा गीतांजलि स्कूल

सोनीपत (हप्र) : गीतांजलि स्कूल बड़वासनी की बास्केटबाल टीम ने जिला स्तरीय सीनियर महिला बास्केटबाल में उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। शनिवार को स्कूल परिसर में पहुंचने पर उपविजेता टीम के खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया। संस्था के चेयरमैन नरेंद्र सूरा, निदेशक एमएस आर्या, प्राचार्या ए. शर्मिला व नर्सिंग की प्राचार्या राजकुमारी रंजीता देवी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। टीम ने प्रताप स्कूल खरखौदा की टीम को 55-25 व सर छोटूराम स्कूल रतनगढ़ टीम को 54-29 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में टीकाराम गर्ल्स कालेज व गीतांजलि स्कूल की टीम के बीच फाइनल मुकाबला बेहद संघर्षपूर्ण रहा। टीकाराम गर्ल्स कालेज की टीम ने यह मुकाबला 56-54 से जीता।

सोनीपत में शनिवार को महिला बास्केटबाल उपविजेता टीम के साथ प्रबंधन के सदस्य। -हप्र

खबर है...

असामाजिक तत्वों को नहीं पनपने दिया जाएगा : कौशिक

बहादुरगढ़ (निस) : पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने कहा कि बहादुरगढ़ हलके में असामाजिक तत्वों को प्रवेश करने नहीं दिया जाएगा। हलके के व्यापारियों से उन्होंने आह्वान किया है कि जबरन चंदे की पर्ची कटवाने आ रहे असामाजिक तत्वों को महत्व न दें। कौशिक शनिवार को रेस्ट हाउस में स्थानीय व्यापारियों से पिछले कई दिनों से मिल रही शिकायत पर आयोजित पत्रकार वार्ता में शहर के व्यापारियों का आह्वान कर रहे थे। पूर्व विधायक कौशिक ने कहा कि बहादुरगढ़ के उद्यमियों व व्यापारियों से अवैध वसूली का धंधा पूर्व की विपक्षी सरकारों के कार्यकाल में खूब फला फूला है इसी कारण असामाजिक तत्व फिर से पांव पसारने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन पिछले पांच साल में जिस तरह से उन्हें यहां नहीं पनपने दिया गया ठीक उसी प्रकार इन पांच सालों में भी असामाजिक तत्व, गुंडागर्दी करने वालों के लिए बहादुरगढ़ में कोई स्थान नहीं है। इस दौरान पूर्व नप चेयरमैन कर्मवीर राठी, जिला परिषद पूर्व चेयरमैन सतीश छिक्कारा सहित अन्य कार्यकर्ता साथ रहे।

कट्टों के उठान के बाद धान से अटी जुलाना की मंडी

जुलाना की नयी अनाज मंडी में शनिवार को धान की खरीद करते आढ़ती। -हप्र

जुलाना/जींद (हप्र) : खरीदी गई धान के कट्टों का उठान होने के बाद शनिवार को कस्बे की नयी अनाज मंडी धान से पूरी तरह अट गई। शुक्रवार को खरीद बंद होने के बाद शनिवार को सुबह ही धान की खरीद शुरू हो गई। बता दें कि मंडी में धान की आवक बढ़ने व उठान कार्य नहीं होने से मंडी में जाम लग गया था। आढ़तियों ने धान की आवक व खरीद पर रोक लगाकर शुक्रवार को केवल धान के कट्टों का उठान करवाया और गेट बंद कर ट्रैक्टर-ट्राली की एंट्री पर रोक लगा दी थी। शनिवार सुबह मंडी का गेट खोला गया और ट्रैक्टर-ट्रालियों ने मंडी में प्रवेश किया। इसके बाद धान की खरीद शुरू की गई और मंडी पूरी तरह से धान से अट गई। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान राजपाल ने कहा कि खरीद और उठान का कार्य व्यवस्था के साथ किया जा रहा है। इससे किसानों व आढ़तियों को कोई परेशानी नहीं होगी।

महिला ने फंदा लगा कर दी जान

बहादुरगढ़ (निस) : महावीर पार्क में रहने वाली एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में भिजवाया। जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश की मूल निवासी सरोज जो कि यहां किराये के मकान में रहती थी, ने बीती रात को अपने कमरे में फंदा लगा लिया। जब उसके पति की नजर इस पर पड़ी तो उसने तुरंत संभाला और इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भी लेकर गया लेकिन डाक्टर ने उसे जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। महिला 2 बच्चों की मां थी। परिवार के सदस्यों का कहना था कि वह मानसिक तौर पर परेशान थी। उधर जांच अधिकारी पवन ने बताया कि फिलहाल घटना को इतफाक मानते हुए कार्रवाई की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट व जांच में क्या कुछ सामने आता है तो उसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

लड़की लापता, अपहरण का केस दर्ज

जींद (हप्र) : शहर के लक्ष्मी नगर से 20 वर्षीय एक लड़की संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीनगर के एक व्यक्ति ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी 14 नवम्बर को राजकीय महिला कॉलेज जींद गई थी, लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। उसने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को कोई अज्ञात बहला-फुसलाकर ले गया और उसको कहीं छुपा दिया है। जांच अधिकारी एएसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

ट्रक पलटने से चालक घायल

बहादुरगढ़, 16 नवंबर (निस)

शनिवार सुबह कुंडली-मानसेर-पलवल एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक पलट गया जिससे उसमें सवार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को शहर के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चरखी दादरी निवासी कृष्ण ट्रक लेकर फरीदाबाद से सोनीपत के लिए चला था, जब वह बहादुरगढ़ क्षेत्र के निकट पहुंचा तो अचानक ट्रक पलट गया। ट्रक चालक द्वारा नियंत्रण खोने से पलटा या फिर अन्य कारण रहे इस को लेकर पुलिस जांच कर रही है। दुर्घटना की जानकारी किसी ने आसौदा थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची आसौदा थाना पुलिस ने राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद चालक को बाहर निकाला और उपचार के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।

घायलों की हालात सामान्य

गोलीकांड में मृतक की पत्नी के बयान दर्ज

नारनौंद, 16 नवंबर (निस)

पेटवाड़ गोलीकांड में मृतक अनिल की पत्नी भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई थी। पुलिस ने शनिवार को उसके बयान दर्ज किए।

इस मामले में पुलिस अलग अलग पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच करने में जुटी हुई है। वहीं अनिल की मौत के कारणों की छानबीन की जा रही है। बता दें कि गांव पेटवाड़ में 14 नवंबर की सुबह अनिल उर्फ लीलू ने अपनी रिवाल्वर से अपनी पत्नी सुमन, भाई रमेश, भतीजी पूजा व पुनीत को गोली मार दी थी जिसमें पूजा की मौत हो गई थी और तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका उपचार हिसार के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं अनिल की भी मौत हो गई थी। शनिवार को पुलिस ने मृतक अनिल की पत्नी सुमन के बयान दर्ज किए तो सुमन ने बताया कि वो पिछले काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी हुई है।

थाना प्रभारी दलबीर सिंह लाठर ने बताया कि मृतक की पत्नी सुमन के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस जांच को आगे बढ़ा रही है।

595 विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रेवाड़ी (निस) : शहर के होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में 2 दिवसीय खेलकूद वार्षिकोत्सव का शनिवार को समापन किया गया। स्कूल निदेशक अनिरुद्ध सचदेवा ने प्रतियोगिता में 595 विजेता खिलाड़ियों को पदक देकर पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता के परिणामानुसार लड़कों के सीनियर वर्ग के ग्रुप ए में बैडमिटन में तुषार, ऊंची कूद और लंबी कूद में विक्की अग्रवाल, गोला फेंक और 200 मीटर दौड़ में वरुण, 100 मीटर दौड़ में संस्कार, 400 मीटर दौड़ में तुषार, शतरंज में सौरव, क्रिकेट में द्रोणाचार्य सदन, 400 मीटर दौड़ में अग्नि सदन, खोखो में नीलगिरी सदन, बास्केटबॉल में नालंदा सदन, वॉलीबाल और रस्साकसी में अग्नि सदन ने बाजी मारी।

रेवाड़ी में शनिवार को होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में आयोजित रस्साकसी प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। -निस

140 पेटी अवैध शराब समेत काबू

बहादुरगढ़, 16 नवंबर (निस)

थाना सदर एरिया में एक व्यक्ति के कब्जे से 140 पेटी अवैध शराब बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ संबंधित कार्रवाई अमल में लाई गई है। जानकारी के अनुसार मुख्य सिपाही रवि कुमार की टीम जब कानोंदा के पास गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि एक व्यक्ति टैम्पो में अवैध शराब की पेटियां भरकर उसे बेचने के लिए ले जा रहा है जिस पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कानोंदा-जोंती रोड पर नाकेबंदी करते हुए वाहन को कब्जे में ले लिया। हालांकि टैम्पो चालक ने भागने की कोशिश भी की लेकिन वह सफल नहीं हुआ। गाड़ी से देसी शराब की 130 व अंग्रेजी शराब की 10 पेटियां बरामद हुईं। अवैध शराब के साथ पकड़े गए व्यक्ति की पहचान किड़ौली निवासी सत्येंद्र के तौर पर हुई है।

जोहड़ से मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

नारनौल, 16 नवंबर (हप्र)

सतनाली-डिगरोता सड़क मार्ग पर शनिवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थिति में मिला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार डिगरोता सड़क मार्ग पर फरड़ जोहड़ में एक अधेड़ व्यक्ति की लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। मृतक के गले में फंदा डला हुआ मिला जिससे गला घोंट कर उसकी हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए महेन्द्रगढ़ भिजवा दिया जहां पोस्टमार्टम उपरांत पहचान के लिए शव को शवगृह में रखवाया गया है।

स्कूल गई नाबालिग घर नहीं लौटी

जींद, 16 नवंबर (हप्र)

शहर के एसडी स्कूल में पढने गई एक नाबालिग वापस घर नहीं लौटी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण करने के तहत केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 नवम्बर को उसकी 15 वर्षीय बेटी शहर के एसडी स्कूल में पढने के लिए गई थी, लेकिन वह वापस घर नहीं लौटी। उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कहीं भी उसका सुराग नहीं लगा।

जांच अधिकारी एसआई कृष्ण कुमार ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण करने के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेलों में एसडी स्कूल के विद्यार्थियों का दबदबा

कनीना (निस) : जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला के विद्यार्थियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ब्रांज मेडल प्राप्त किया है। सिरसा में आयोजित जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में विद्यार्थी दलीप ने 100 किलोग्राम से अधिक भारवर्ग तथा हिसार में आयोजित फ्री-स्टाईल रेसलिंग प्रतियोगिता में निखिल ने ब्रान्ज मेडल प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य ओमप्रकाश ने सम्मानित किया। वहां राजेन्द्र यादव, आरएस यादव, पूर्ण सिंह, नरेंद्र यादव उपस्थित थे।

कनीना में शनिवार को खिलाड़ियों को सम्मानित करता विद्यालय प्रबंधन। - निस

बंदियों को दिये तनाव मुक्त रहने के टिप्स

जींद जेल में शनिवार को बंदियों को संबोधित करते डिप्टी सीएमओ डा. राजेश भोला। -हप्र

जींद, 16 नवंबर (हप्र)

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के पदाधिकारियों ने जींद जेल में बंदियों को तनाव मुक्त रहने के टिप्स दिये। संस्था के अध्यक्ष राजकुमार भोला, सरंक्षक व डिप्टी सिविल सर्जन डा. राजेश भोला, कैशियर एडवोकेट दर्शन सिंह ढांडा, कानूनी सलाहकार सुशीला धनखड़, सुरेश चौहान, सज्जन सैनी, मनजीत भोंसला,नरेंद्र मलिक एवसं जेल प्रशासन की ओर से डीएसपी राकेश लोहचब आदि मौजूद रहे।

संस्था के सरंक्षक व डिप्टी सिविल सर्जन डा. राजेश भोला ने बंदियों को मानसिक तनाव से बचने के बारे में अवगत करवाया। एडवोकेट दर्शन सिंह ढांडा व एडवोकेट सुशीला धनखड़ ने बंदियों को कानूनी जानकारी उपलब्ध करवाई।

महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने बंदियों को संस्था की ओर से हरसंभव भरोसा दिलाया। डिप्टी सीएमओ डा. राजेश भोला ने कहा कि आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में स्ट्रेस डिप्रेशन तनाव एक गंभीर बीमारी का रूप ले रही है। इंसान अपने काम या अपनी परेशानियों को इतना बड़ा बना लेता है उसे कई तरह की गंभीर बीमारियां होने लग जाती हैं। डिप्रेशन एक मानसिक समस्या है जिसमें कई लोग असामान्य हो जाते हैं और अपना मानसिक संतुलन खो बैठते हैं। तनाव कम करने के लिए सुबह जल्दी उठें, बेवजह किसी भी काम को न टालें, नशे से दूर रहें। नियमित व्यायाम करें और पोष्टिक भोजन खाएं।

अनिल ने रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता मेडल

फतेहाबाद (निस) : मनोहर मैमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलों व सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया। कॉलेज के बीए तृतीय वर्ष के छात्र अनिल कुमार ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी रेसलिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर सीडीएलयू व एमएम कॉलेज का नाम रोशन किया। एमएम एजुकेशन सोसायटी के सचिव एडवोकेट विनोद मेहता ने बताया कि कॉलेज के खिलाड़ी ने कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष प्रो. रामगोपाल काजल व प्रो. पुनीत की देखरेख में इस चैंपियनशिप को लेकर कड़ी मेहनत की थी। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने विजेता खिलाड़ी को बधाई दी है।

प्रताप स्कूल की नीशू को बाक्सिंग में गोल्ड मेडल

सोनीपत, 16 नवंबर (हप्र)

बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल खरखौदा की छात्रा नीशू ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। शनिवार को विद्यालय प्रागंण में पहुंचने पर स्कूल के खेल निदेशक एवं साई के चीफ कुश्ती कोच ओमप्रकाश दहिया, प्रधानाचार्य धर्मप्रकाश आर्य, बॉक्सिंग कोच संदीप, सौरभ सेहरावत व शिक्षा ने स्वागत किया। सभी ने नीशू को पदक जीतने पर बधाई दी तथा भविष्य में भी अच्छा प्रदर्शन कर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने का आशीर्वाद दिया। बॉक्सिंग कोच संदीप ने बताया कि इससे पहले नीशू राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर चुकी है।

अटेली शहर खुले में शौच मुक्त घोषित

लाखों के मोबाइल टॉयलेट देखभाल के अभाव में कंडम

नारनौल, 16 नवंबर (हप्र)

अटेली कस्बे को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) करने के लिए नगर पालिका द्वारा लाखों रुपए खर्च कर सार्वजनिक स्थानों पर 8 मोबाइल टॉयलेट लगाए गए थे। लेकिन जैसे ही शहर ओडीएफ घोषित किया गया यह टॉयलेट कबाड़ बन कर रह गए हैं।

उल्लेखनीय है कि इन मोबाइल टॉयलेट में एक माह भी ठीक से पानी नहीं डाला गया तथा न ही इनकी सफाई की गई। कुछ मोबाइल टॉयलेट को पहले सार्वजनिक स्थानों पर लगाया गया था लेकिन अब उन्हें वहां से उठाकर पुरानी तहसील भवन के पास कंडम सामान में डाल दिया गया है। जहां लाखों रुपए के मोबाइल टॉयलेट अब पड़े-पड़े कबाड़ बन रहे हैं। जबकि लोगों को शौच के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि अटेली में सार्वजनिक शौचालयों का अभाव था, ऐसे में शहर को ओडीएफ करने के लिए मोबाइल टॉयलेट एक विकल्प के रूप में उन स्थानों पर रखे गए जहां लोगों का आवागमन अधिक रहता है। करीब छह लाख की कीमत से यह मोबाइल खरीदे गए थे। लेकिन इनमें समय पर पानी न डाले जाने से बदबू आने लगी जिससे वह उपयोग करने की स्थिति में भी नहीं रहे।

अटेली में कबाड़ हो रहे लाखो रुपये के मोबाइल टॉयलेट। -हप्र

नपा ने पुरानी तहसील भवन के पास डलवाए टॉयलेट

नगर पालिका द्वारा कुछ मोबाइल टॉयलेट को उठाकर अब पुरानी तहसील भवन के पास डलवा दिया गया है। सफाई व पानी के अभाव में लाखों रुपए के मोबाइल टायलेट अब कबाड़ बन कर रह गए हैं।

कहानी

गिरगिट

चेख़व

चित्रांकन : संदीप जोशी

पुलिस का दारोगा ओचुमेलोव नया ओवरकोट पहने, हाथ में एक बण्डल थामे बाजार के चौक से गुज़र रहा है। लाल बालों वाला एक सिपाही हाथ में टोकरी लिये उसके पीछे-पीछे चल रहा है। टोकरी जब्त की गयी झड़बेरियों से ऊपर तक भरी हुई है। चारों ओर ख़ामोशी। चौक में एक भी आदमी नहीं। दुकानों व शराबखानों के भूखे जबड़ों की तरह खुले हुए दरवाज़े ईश्वर की सृष्टि को उदासी भरी निगाहों से ताक रहे हैं। यहां तक कि कोई भिखारी भी आसपास दिखायी नहीं देता है।

'अच्छा! तो तू काटेगा? शैतान कहीं का!' ओचुमेलोव के कानों में सहसा यह आवाज़ आती है। 'पकड़ लो, छोकरो! जाने न पाये! अब तो काटना मना है! पकड़ लो! आ-आह!'

कुत्ते के किकियाने की आवाज़ सुनायी देती है। ओचुमेलोव मुड़ कर देखता है कि व्यापारी पिचूगिन की लकड़ी की टाल में से एक कुत्ता तीन टांगों से भागता हुआ चला आ रहा है। एक आदमी उसका पीछा कर रहा है—बदन पर छींट की कलफदार कमीज, ऊपर वास्कट और वास्कट के बटन नदारद। वह कुत्ते के पीछे लपकता है और उसे पकड़ने की कोशिश में गिरते-गिरते भी कुत्ते की पिछली टांग पकड़ लेता है। कुत्ते की कीं-कीं और वही चीख़— 'जाने न पाये!' दोबारा सुनायी देती है। ऊंघते हुए लोग गर्दनें दुकानों से बाहर निकल कर देखने लगते हैं, और देखते-देखते एक भीड़ टाल के पास जमा हो जाती है, मानो ज़मीन फाड़ कर निकल आयी हो।

'हुजूर! मालूम पड़ता है कि कुछ झगड़ा-फसाद है!' सिपाही कहता है।

ओचुमेलोव बायीं ओर मुड़ता है और भीड़ की तरफ़ चल देता है। वह देखता है कि टाल के फाटक पर वही आदमी खड़ा है, जिसकी वास्कट के बटन नदारद हैं। वह अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाये भीड़ को अपनी लहूलुहान उंगली दिखा रहा है। उसके नशीले चेहरे पर साफ़ लिखा लगता है, 'तुझे मैंने सस्ते में न छोड़ा, साले!' और उसकी उंगली भी जीत का झण्डा लगती है। ओचुमेलोव इस व्यक्ति को पहचान लेता है। वह सुनार ख्रूकिन है। भीड़ के बीचोंबीच अगली टांगें पसारे, अपराधी— एक सफ़ेद ग्रेहाउंड पिल्ला, दुबका पड़ा, ऊपर से नीचे तक कांप रहा है। उसका मुंह नुकीला है और पीठ पर पीला दाग है। उसकी आंसू भरी आंखों में मुसीबत और डर की छाप है।

'क्या हंगामा मचा रखा है यहां?' ओचुमेलोव कन्धों से भीड़ को चीरते हुए सवाल करता है, 'तुम उंगली क्यों ऊपर उठाये हो? कौन चिल्ला रहा था?'

'हुजूर! मैं चुपचाप अपनी राह जा रहा था,' ख्रूकिन अपने मुंह पर हाथ रख कर खांसते हुए कहता है। मित्री मित्रिच से मुझे लकड़ी के बारे में कुछ काम था। एकाएक, मालूम नहीं क्यों, इस कमबख्त ने मेरी उंगली में काट लिया। हुजूर माफ़ करें, पर मैं कामकाजी आदमी ठहरा और फिर हमारा काम भी बड़ा पेचीदा है। एक हफ्ते तक शायद मेरी यह उंगली काम के लायक न हो पायेगी। मुझे हर्जाना दिलवा दीजिये। और, हुजूर, यह तो कानून में कहीं नहीं लिखा है कि ये मुए जानवर काटते रहें और हम चुपचाप बर्दाश्त करते रहें। अगर हम सभी ऐसे ही काटने लगें, तब तो जीना दूभर हो जाये'

'हुंह अच्छा' ओचुमेलोव गला साफ़ करके, त्योरियां चढ़ाते हुए कहता है, 'ठीक है अच्छा, यह कुत्ता है किसका? मैं इस बात को यहीं नहीं छोड़ुंगा! यों कुत्तों को छुट्टा छोड़ने का मजा चखा दूंगा! लोग कानून के मुताबिक नहीं चलते, उनके साथ अब सख्ती से पेश आना पड़ेगा! ऐसा जुर्माना ठोकूंगा कि दिमाग़ ठीक हो जायेगा बदमाश को! फ़ौरन समझ जायेगा कि कुत्तों और हर तरह के ढोर-डंगर को ऐसे छुट्टा छोड़ देने का क्या मतलब है! मैं ठीक कर दूंगा, उसे! येल्दीरिन! सिपाही को सम्बोधित कर दारोगा चिल्लाता है, पता लगाओ कि यह कुत्ता है किसका, और रिपोर्ट तैयार करो! कुत्ते को फ़ौरन मरवा दो! यह शायद पागल होगा। मैं पूछता हूं यह कुत्ता है किसका?'

'यह शायद जनरल झिगालोव का हो!' भीड़ में से कोई कहता है। 'जनरल झिगालोव का? हुं, येल्दीरिन, जरा मेरा कोट तो उतारनाओफ, बड़ी गर्मी है। मालूम पड़ता है कि बारिश होगी। अच्छा, मैं भी जानता हूं। जनरल साहब के सब कुत्ते अच्छी नस्ल के हैं, एक से एक कीमती कुत्ता है उनके पास। और यह! यह भी कोई कुत्तों जैसा कुत्ता है, देखो न! बिल्कुल मरियल खारिश्ती है। कौन रखेगा ऐसा कुत्ता? तुम लोगों का दिमाग़ तो खराब नहीं हुआ? अगर ऐसा कुत्ता मास्को या पीटर्सबर्ग में दिखायी दे, तो जानते हो क्या हो?

एक बात मेरी समझ में नहीं आती कि इसने तुम्हें काटा कैसे?' ओचुमेलोव ख्रूकिन की ओर मुड़ता है। 'यह तुम्हारी उंगली तक पहुंचा कैसे? यह ठहरा जरा-सा जानवर और तुम पूरे लहीम-शहीम आदमी। किसी कील-वील से उंगली छील ली होगी और सोचा होगा कि कुत्ते के सिर मढ़ कर हर्जाना वसूल कर लो। मैं ख़ूब समझता हूं! तुम्हारे जैसे बदमाशों की तो मैं नस-नस पहचानता हूं!'

'इसने उसके मुंह पर जलती हुई सिगरेट लगा दी, हुजूर! बस, यूं ही मज़ाक़ में। और यह कुत्ता बेवकूफ़ तो है नहीं, उसने काट लिया। ओछा आदमी है यह हुजूर!'

'अबे! काने! झूठ क्यों बोलता है? जब तूने देखा नहीं, तो झूठ उड़ाता क्यों है? और सरकार तो ख़ुद समझदार है। सरकार ख़ुद जानते हैं कि कौन झूठा है और कौन सच्चा। और अगर मैं झूठा हूं, तो अदालत से फैसला करा लो। कानून में लिखा है। अब हम सब बराबर हैं, ख़ुद मेरा भाई पुलिस में है बताये देता हूं, हां।'

'बन्द करो यह बकवास!'

'नहीं, यह जनरल साहब का नहीं है,' सिपाही गंभीरतापूर्वक कहता है 'उनके पास ऐसा कोई कुत्ता है ही नहीं, उनके तो सभी कुत्ते शिकारी पोण्टर हैं।

'तुम्हें ठीक मालूम है?'

'जी, सरकार।'

'मैं भी जानता हूं। जनरल साहब के सब कुत्ते अच्छी नस्ल के हैं, एक से एक कीमती कुत्ता है उनके पास। और यह! यह भी कोई कुत्तों जैसा कुत्ता है, देखो न! बिल्कुल मरियल खारिश्ती है। कौन रखेगा ऐसा कुत्ता? तुम लोगों का दिमाग़ तो खराब नहीं हुआ? अगर ऐसा कुत्ता मास्को या पीटर्सबर्ग में दिखायी दे, तो जानते हो क्या हो? कानून की परवाह किये बिना एक मिनट में उसकी छुट्टी कर दी जाये! ख्रूकिन! तुम्हें चोट लगी है और तुम इस मामले को यूं ही मत टालो। इन लोगों को मजा चखाना चाहिए! ऐसे काम नहीं चलेगा।'

'लेकिन मुमकिन है, जनरल साहब का ही हो।' कुछ अपने आपसे सिपाही फिर कहता है, 'इसके माथे पर तो लिखा नहीं है। जनरल साहब के अहाते में मैंने कल बिल्कुल ऐसा ही कुत्ता देखा था।'

'हां, हां, जनरल साहब का ही तो है!' भीड़ में से किसी की आवाज़ आती है।

'हुंह येल्दीरिन, जरा मुझे कोट तो पहना दो, हवा चल पड़ी है, मुझे सरदी लग रही है। कुत्ते को जनरल साहब के यहां ले जाओ और वहां मालूम करो। कह देना कि इसे सड़क पर देखकर मैंने वापस भिजवाया है और हां, देखो, यह भी कह देना कि इसे सड़क पर न निकलने दिया करें। मालूम नहीं कितना कीमती कुत्ता हो और अगर हर बदमाश इसके मुंह में सिगरेट घुसेड़ता रहा, तो कुत्ता तबाह हो जायेगा। कुत्ता बहुत नाजुक जानवर होता है और तू हाथ नीचा कर, गधा कहीं का! अपनी गन्दी उंगली क्यों दिखा रहा है? सारा कुसूर तेरा ही है।

'यह जनरल साहब का बावर्ची आ रहा है, उससे पूछ लिया जाये। ए प्रोखोर! इधर तो आना भाई! इस कुत्ते को देखना, तुम्हारे यहां का तो नहीं है?'

'अमां वाह! हमारे यहां कभी भी ऐसे कुत्ते नहीं थे!'

'इसमें पूछने की क्या बात थी? बेकार वक्त खराब करना है', ओचुमेलोव कहता है, 'आवारा कुत्ता है। यहां खड़े-खड़े इसके बारे में बात करना समय बरबाद करना है। कह दिया न आवारा है, तो बस आवारा ही है। मार डालो और काम ख़त्म!'

'हमारा तो नहीं है', प्रोखोर फिर आगे कहता है, 'पर यह जनरल साहब के भाई साहब का कुत्ता है। उनको यह नस्ल पसन्द है।'

'क्या? जनरल साहब के भाई साहब आये हैं? व्लीदीमिर इवानिच?' अचम्भे से ओचुमेलोव बोल उठता है, उसका चेहरा आह्लाद से चमक उठता है। 'जरा सोचो तो! मुझे मालूम भी नहीं! अभी ठहरेंगे क्या?'

'हां'

'जरा सोचो, वह अपने भाई से मिलने आये हैं और मुझे मालूम भी नहीं कि वह आये हैं। तो यह उनका कुत्ता है? बड़ी ख़ुशी की बात है। इसे ले जाओ कुत्ता अच्छा और कितना तेज़ है। इसकी उंगली पर झपट पड़ा! हा-हा-हा बस-बस, अब कांप मत। गुर्र-गुर्र, शैतान गुस्से में हैकितना बढ़िया पिल्ला है'

प्रोखोर कुत्ते को बुलाता है और उसे अपने साथ लेकर टाल से चल देता है। भीड़ ख्रूकिन पर हंसने लगती है।

'मैं तुझे ठीक कर दूंगा', ओचुमेलोव उसे धमकाता है और अपना ओवरकोट लपेटता हुआ बाजार के चौक के बीच अपने रास्ते चल देता है।

स्मृति शेष

प्रगतिशील चेतना के पैरोकार का जाना

अशोक भाटिया



प्रगतिशील चेतना संपन्न, हरियाणा के वयोवृद्ध साहित्यकार पूरन मुद्गल नहीं रहे। अठासी वर्षीय कवि-कथाकार मुद्गल की लेखनी लगभग छह दशकों तक निरंतर चलती रही। एम.ए. हिंदी, बी.टी. तक शिक्षित मुद्गल हरियाणा शिक्षा विभाग से खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में सेवानिवृत्त होकर साक्षरता अभियान से जुड़े रहे।

हरियाणा साहित्य अकादमी से बालमुकुन्द गुप्त सम्मान प्राप्त मुद्गल जीवन और लेखन दोनों क्षेत्रों में क्रांतिकारी सोच से संचालित रहे। सन् 1950 के आसपास प्रसिद्ध कथाकार यशपाल की किताब 'मार्क्सवाद' पढ़ी, जिसने उनकी सोच के नए द्वार खोल दिए। इससे उनमें 'उदारता, वैज्ञानिक विवेक, मानवीय दृष्टि' का विकास हुआ। उनकी सामाजिक सक्रियता ने उनके चिंतन को नई धार दी। वर्ष 1973 में अध्यापकों के एक आन्दोलन में शामिल होकर चार दिन जेल में रहे। साहित्य सम्मेलन, साक्षरता अभियान आदि के अलावा 1982 में प्रगतिशील लेखक संघ हरियाणा से जुड़कर कई सक्रिय भूमिकाएं निभाईं।

ज्यादातर लेखक कविता से शुरुआत करते हैं, पर पूरन मुद्गल की कलम पहले कहानी-लेखन पर चली। फिर लघुकथा से होते हुए कविता, जीवनी आदि की तरफ गए। उनका प्रमुख रूप कवि और चिन्तक का रहा। इनके पांच कविता-संग्रहों में 'एक चिड़िया उसके भीतर' (2004) और 'नचिकेता अपना-अपना' (2009) अधिक चर्चित हुए। हिंदी में आठवें दशक में हुई लघुकथा की धमक से मुद्गल भी प्रभावित हुए बिना न रह सके। नतीजा, 1982 में 'निरंतर इतिहास' लघुकथा-संग्रह आया। इनकी 'अमरता', 'अबीज', 'जूनून', 'विकल्प', 'अविश्वास', 'निरंतर इतिहास' रचनाएं चर्चा में रहकर बार-बार छपीं।

उनके साहित्य में मानवीय संवेदना की धड़कन और सामाजिक संरचना के लिए बेचैन बुलंद आवाज़ दोनों खूबियां जुगलबंदी करती चलती हैं।

पूरन मुद्गल की जन्मस्थली (फाजिल्का) और कर्मस्थली (सिरसा) दोनों द्विभाषी शहर हैं। उन्होंने दोनों भाषाओं के चार-चार प्रमुख साहित्यकारों के जीवन और सृजन की राहों को अपनी बहुचर्चित पुस्तक 'शब्द के आठ कदम' पुस्तक में संजोया है। इस तरह एक भाषा की खिड़की को दूसरी भाषा के आंगन में खोला है। इसके अलावा भी अनुवाद, संपादन, बाल-साहित्य आदि की दर्जन-भर किताबें इनके अध्ययन और लेखन की व्यापकता को रेखांकित करती हैं। चाहे भगत सिंह विचार मंच के संस्थापक होने के बाद भगत सिंह की जीवनी पर लिखी दो किताबें हों या आतमजीत के पंजाबी नाटक 'फर्श विच उग्या रुख' पूरन मुद्गल की प्रगतिशील चेतना हर स्थान पर दस्तक देती है। उनकी प्रगतिशील सोच आगे उनकी बेटी शमीम शर्मा में देखी जा सकती है।

मुद्गल साहित्यकार की भूमिका को भलीभांति समझते थे। उनके साथ विभिन्न मंचों, गोष्ठियों, रेडियो, दूरदर्शन आदि पर साझा किए अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि उनके लेखकीय सरोकार बड़े स्पष्ट थे और वे हमेशा जिम्मेवारी के साथ बोलते थे। जाते-जाते अपनी देह दान करके वे उसे भी उपयोगी बना गए। बेबाकी से बात रखने और उम्र की दूरियां मिटाने दोनों में ही माहिर पूरन मुद्गल के विचार, अंदाज़-ए-बयां और ठहाके बहुत याद आएंगे।

यादें

दुखों की टीस से उबरकर ऋषिकर्म-सा सृजन

राधेश्याम भारतीय

साहित्य मेरे लिए हवा भी है, पानी भी है, और धूप भी। इन्हें पाने और सहेजने के लिए मैं अक्सर भटका भी हूं और अटका भी।

हरियाणा साहित्य अकादमी के बालमुकुन्द गुप्त पुरस्कार से सम्मानित मूर्धन्य साहित्यकार रामकुमार आत्रेय आज हमारे बीच नहीं रहे। वे स्वयं कहा करते थे— 'साहित्य मेरे लिए हवा भी है, पानी भी है, और धूप भी। इन्हें पाने और सहेजने के लिए मैं अक्सर भटका भी हूं और अटका भी। इसी राह पर आगे बढ़ते रहने पर मैंने झटका भी खाया है और पटका भी। इस प्रक्रिया के दौरान मेरे तन-मन पर गहरे निशान जन्म लेते रहे हैं। तन पर पड़े निशान तो समय पाकर क्रमानुसार मिटते रहे और फीके पड़ते रहे। परन्तु मन पर पड़े निशान निरन्तर सालते रहे हैं। उनका फीका पड़ना, मिटना, मेरे वश में कभी नहीं रहा। निशान पड़ने की यह प्रक्रिया आज भी जारी है। लगता है जब तक जिंदा रहूंगा तब तक जारी ही रहेगी।'

इसी साहित्यिक-साधना के बल पर आत्रेय जी ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई। देश की ऐसी कोई पत्र-पत्रिका नहीं रही, जिसमें उनकी रचनाएं ससम्मान प्रकाशित न हुई हों। बहुत-सी रचनाओं के अनुवाद अंग्रेजी, उड़िया, पंजाबी, मराठी, गुजराती, डोगरी तथा उर्दू भाषाओं में हुए। आत्रेय जी को अनेक पुरस्कारों से अलंकृत भी किया गया।

आत्रेय जी का जन्म कैथल जिले के करोड़ा गांव में नेकी राम शर्मा और माता राज देवी के घर 1 फरवरी, 1944 को हुआ। उन्होंने दसवीं तक की शिक्षा अपने गांव के विद्यालय से प्राप्त की। उसके बाद प्राथमिक अध्यापक का प्रशिक्षण प्राप्त कर अध्यापक नियुक्त हो गए। सेवाकाल के दौरान अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए प्राचार्य पद तक जा पहुंचे।

उनकी जिंदगी में झांक कर देखें तो सुख कभी ढंग से उनके जीवन में ठीक से ताल न मिला सका। छह वर्ष की आयु में उनके पिता का निधन हो गया। आगे चलकर 30 वर्ष की आयु में एक बीमारी में धर्मपत्नी छोटे-छोटे बच्चों को छोड़कर इस लौकिक संसार से विदा हो गई। उनके जाते ही वे भी भयंकर बीमारी की चपेट में आ गए। फिर ढलती आयु में नेत्र ज्योति साथ छोड़ गई। पर उनका जीवट इतने कमाल का था कि उन्होंने दुखों से कभी हार नहीं मानी। इसके बावजूद वे अपने दुखों को भूलकर आम आदमी की पीड़ा को शब्दों में पिरोकर समाज को एक नई राह दिखाने का प्रयास करने लगे थे।

यदि उनके साहित्य की बात करें तो वे स्वयं को मूलतः कवि मानते थे। वे बताते थे— मैंने शुरुआती दिनों में ही विष्णु प्रभाकर और रामधारी सिंह दिनकर का साहित्य पढ़ा। मुझे विष्णु प्रभाकर के नाटकों में और रामधारी सिंह दिनकर की कविताओं में बड़ा आनन्द आता था और दिनकर की कविताओं से प्रेरित हो मेरे मन में काव्य के अंकुर फूटने लगे। वैसे ये अंकुर बचपन में ही फूटने लगे थे। उसके बाद 'बुझी मशालों का जुलूस', 'बूढ़ी होती बच्ची', 'आंधियों के खिलाफ', 'रास्ता बदलता ईश्वर' और 'नींद में एक घरेलू स्त्री' काव्य-संग्रह प्रकाशित हुए। इनकी कविताएं बिना किसी आडम्बर के सीधी-सरल भाषा में लिखी गई हैं। आत्रेय जी का मानना है कि मात्र कला के नाम पर लिखी गईं कविताओं में भाषा की जटिलता और सर्वथा अप्रचलित बिम्बों की बोझिलता एक गुण हो सकती है, लेकिन दुःख-दर्द की भाषा किसी आडम्बर की मोहताज नहीं होती। फिर मैं तो उस कविता को कविता नहीं मानता जो पाठक के दण्ड पेलने पर भी उसकी समझ में न आए।

अब तक आत्रेय जी के तीन कहानी संग्रह 'पिलूरे तथा अन्य कहानियां', 'आग, फूल और पानी' और 'सिर्फ कहानी नहीं' प्रकाशित हो चुके हैं। इनकी कहानियां पाठक को अन्याय के विरुद्ध एक हथियार थमाती हैं। आत्रेय जी की लगभग 250 लघुकथाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। इनके चार लघुकथा संग्रह 'इक्कीस जूते' (1993), 'आंखों वाले अंधे'(1999), 'छोटी-सी बात' (2006) और (2012) में 'बिन शीशों का चश्मा' प्रकाशित हो चुके हैं। उनकी लघुकथाओं में समकालीन समाज की चिंताएं तीक्ष्ण और यथार्थपरक ढंग से पाठकों के सामने उपस्थिति दर्ज करवाती हैं।

उनकी रचनाओं में हरियाणा की माटी की खुशबू बड़ी शिद्दत से महसूस की जा सकती है। उनका हरियाणवी भाषा में एक दोहा संग्रह 'सच्चाई कड़वी घणी' और 'माटी की आवाज' प्रकाशित हो चुके हैं।

आत्रेय जी लगातार तीन वर्षों तक दैनिक ट्रिब्यून के लिए 'खरी-खोटी' नामक स्तम्भ लेख लिखते रहे, जिसमें वे समसामयिक विषयों को आधार बनाकर व्यंग्यात्मक शैली में आम जन की बात कहते थे।

इस प्रकार इनका व्यक्तित्व और कृतित्व दोनों समान रूप से अनुकरणीय रहे। नेत्रज्योति साथ छोड़ जाने के बाद भी आत्रेय जी का एक तपस्वी की भांति लेखन से जुड़े रहे। वे 14 सितम्बर, 2019 को घरौंडा करनाल में वीएचसीए के सौजन्य से करवाए जा रहे हिंदी दिवस समारोह में भाग लेकर वापस लौट रहे थे। एक कार चालक उन्हें टक्कर मारकर भाग गया। उपचार के बावजूद 29 सितंबर, 2019 को साहित्य का वो तारा डूब गया। लेकिन हमें विश्वास है वह सितारा आसमान में ध्रुव तारा बनकर हमेशा चमकता रहेगा।

पुस्तक समीक्षा

महिला सशक्तीकरण का सच

यश गोयल

पुस्तक : अपणायत रौ अैसास
लेखिका : सावित्री चौधरी
प्रकाशक : दीपक पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, जयपुर
पृष्ठ : 112
मूल्य : रु. 250.

राजस्थानी और हिंदी भाषा की लेखिका सावित्री चौधरी की नई किताब : अपनेपन का अहसास (अपणायत रौ अैसास) संग्रह में 15 कहानियां हैं, जो आज की नारी के संघर्ष और उसके सशक्तीकरण पर उसका प्रतिनिधित्व कर रही हैं।

सावित्री के पूर्व में प्रकाशित राजस्थानी कहानी संग्रह : मनचाही आजादी, और असली बैरी काफी प्रचलित रहे हैं। इनकी कहानियों में घर-परिवार और वर्किंग वूमन के इर्द-गिर्द बुना गया कथ्य काफी मुखरता लिये हुए है। रास्ते का उजाला, बड़ा पहाड़, असली आदमी, जहां इच्छा वही राह, अपनेपन का अहसास, कर्मों का फल, और लाखों में एक कहानियों में महिलाओं का सकारात्मक पहलू बहुत प्रभावपूर्ण तरीके से लिखा गया है। रास्ते का उजाला और असली आदमी में एक महिला दृष्टिहीन होते हुए भी दूसरों का मार्ग प्रशस्त करती है। सावित्री जो खुद एक कुशल अनुवादक भी है, ने कहानियों में समाज की असली चेहरे के खुरदरेपन पर प्रहार किया है।

कहानियों में बचपन के दिन, बच्चों के खेल और रूठना-मनाना भी दिलचस्प है। इनकी कहानियों के पात्रों में समाज के वर्तमान समय और जीवन के बदलाव की ओर भी प्रकाश डालती है।

पुस्तक फ्लैप पर डॉ. मंगल बादल ने लिखा है कि ये सभी कहानियां आम आदमी की बोलचाल की भाषा (राजस्थानी) में पाठकों को आकर्षित करती है। जाने-माने लेखक, पत्रकार और शिक्षाविद् ओम थानवी कहते हैं कि राजस्थानी की मान्यता की बात तो हम सभी करते आ रहे हैं मगर समाज में रहते हुए, खासतौर पर शहरों में हम राजस्थानी भाषा में बतियाते भी नहीं हैं। यही कमी भाषा की मान्यता में बाधक है।

परवरिश पर सशक्त हस्ताक्षर

मीनाक्षी वाशिष्ठ

पुस्तक : कैसे मां-बाप हैं आप?
लेखिका : डॉ. स्वाति लोढ़ा
प्रकाशक : डायमंड पॉकेट, नयी दिल्ली
पृष्ठ : 224
मूल्य : रु. 295.

कैसे मां-बाप हैं आप? डॉ. स्वाति लोढ़ा द्वारा परवरिश पर लिखी गयी इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता है इसका सतत प्रवाह। सरल भाषा में लिखी गयी इस पुस्तक में 27 अध्याय हैं जिनमें चंद्रमा की यात्रा के साथ परवरिश के विभिन्न दौरों को जोड़ा गया है। 27 नक्षत्रों का हवाला देते हुए महाराजा दक्ष की 27 पुत्रियों के साथ चंद्रमा के विवाह का जिक्र किया गया है। स्वाति ने भारतीय पौराणिक कथाओं का आश्रय लेते हुए कथाओं को स्वप्न के रूप में दर्शाते हुए परवरिश के फलसफे को प्रस्तुत किया है।

पुस्तक मुख्यतः छह भागों में विभाजित है जिनमें परवरिश यात्रा का शुभारंभ, बच्चों का संसार, क्या अभिभावक महत्वपूर्ण हैं, परवरिश की सात शैलियां, मून पेरेंटिंग और पांच की शक्ति का विस्तृत उल्लेख है। पौराणिक पात्रों अश्विनी कुमार, सूर्यदेव, रानी संध्या, देव कार्तिकेय, कृतिका, रोहिणी, भगवान कृष्ण, विष्णु, रुद्रदेव, सरस्वती, लक्ष्मी, शिव-पार्वती, ऋषि वशिष्ठ, कामधेनु गाय एवं उसकी पुत्री नंदिनी, तक्षक, राजा द्रुपद और उनकी संतानों धृष्टद्युम्न और द्रौपदी के किस्सों का बखान करते हुए अभिभावकों की दुविधाओं, जिम्मेदारियों और महत्वाकांक्षाओं को उजागर किया गया है।

पुस्तक के अंतिम भाग 'मून पेरेंटिंग-2' में पांच की शक्ति यानी 5 आधार, 5 अनुशासन, 5 अधिकार, 5 सत्य एवं 5 कर्तव्यों को बच्चों के भीतर समाहित करने पर बल दिया गया है। इस भाग में गौतम बुद्ध हल्की मुस्कुराहट के साथ चंद्रमा को कहते हैं, 'माता-पिता और बच्चों के बीच सेतु बनाये रखना जरूरी है। तुम भी पांच शक्तियों के माध्यम से परवरिश की नयी व्याख्या करो।' लेखिका इन्हीं 5 शक्तियों को स्तंभों के रूप में हर बच्चे के जीवन में स्थापित करने पर बल देती हैं। लेखिका ने कई प्रकार के उदाहरण देते हुए परवरिश जैसे महत्वपूर्ण विषय को आसानी से समझाने का प्रयास किया है।

सभ्यता की धूप और धुंध

कमलेश भारतीय

पुस्तक : धुंध, धुआं और धूप
कवि : सुरेशचंद्र सर्वहारा
प्रकाशक : साहित्यागार, धामाणी मार्केट, जयपुर
पृष्ठ : 120
मूल्य : रु. 200.

यह बात बिल्कुल सही है। कवि समाज को न केवल समझता है बल्कि अपनी कविताओं के माध्यम से अच्छे-बुरे हर बदलाव पर कमेंट भी करता है। सचेत करता है समाज को और नयी पीढ़ी को। यही कोशिश—धुंध, धुआं और धूप काव्य संग्रह के कवि सुरेशचंद्र सर्वहारा ने की है। इनकी कविताओं में सभ्यता के विकास, बिखराव और भटकाव पर उंगली रखी गयी है।

कविताओं के माध्यम से गांव, शहर, साहित्य, वृद्धावस्था में उपेक्षा और पर्यावरण जैसी सभी चिंताओं को समेटने व बताने की कोशिश की गयी है। संग्रह की सबसे अंतिम कविता कैलाश की मां कविता कम और व्यथा-कथा अधिक है वृद्धावस्था में उपेक्षा की। चिमनी का धुआं में फिक्र है औद्योगीकरण से हो रहे प्रदूषण का तो अंतहीन सड़क में गांवों में शहरी सभ्यता के फैलने को अंतहीन बताया गया है।

वैसे तो भूमिका में सुरेशचंद्र सर्वहारा ने अपनी मंशा जाहिर कर दी कि संवेदनशील होने के कारण समाज के दुखों का सबसे बड़ा उपभोक्ता लेखक ही होता है और जीवन को और अधिक सुंदर बनाने की कोशिश भी वही करता है। इन कविताओं में जीवन को बांधने का प्रयास किया गया है। इनमें संबंधों की टूटन, बिखराव, हताशा, अजनबीपन और अलगाव के स्वर सुनाई देंगे और निःसंदेह सुनायी दे रहे हैं। कविताओं में जहां आतंकवाद पर चिंता है, वहीं सकारात्मक सोच में अच्छे दिनों की आस भी जताई गयी है। शहर की सभ्यता में न पेड़ का स्थान और महत्व रहा और न ही चिड़िया जैसे प्यारे-प्यारे पंछियों का। पेड़ पिछवाड़े में ही दिखते हैं तो ट्यूबलाइट की रोशनी पूरी पेड़ रोके इसलिए घोंसले तोड़े जा रहे हैं पंछियों के।

कुल मिलाकर एक सशक्त काव्य-संग्रह है सर्वहारा का।

कश्मीर में आज से रेल सेवा होगी बहाल

कश्मीर के नौगाम से श्रीनगर के बीच शनिवार को रेलवे के ट्रायल का एक नजारा। - प्रेट्र

श्रीनगर-बनिहाल रेल मार्ग पर हुआ सफलतापूर्वक परीक्षण

श्रीनगर, 16 नवंबर (एजेंसी)

कश्मीर घाटी में रेलवे सेवाओं को पुनः शुरू करने से पहले शनिवार को श्रीनगर-बनिहाल रेलमार्ग पर सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। कश्मीर में रेल सुविधाएं सुरक्षा कारणों से 3 महीने से अधिक समय से निलंबित थी। रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा जांच के बाद यह परीक्षण किये गये। उन्होंने कहा कि श्रीनगर-बनिहाल मार्ग पर रेल सेवाएं रविवार को शुरू होंगी। सुरक्षा कारणों से निलंबित किए जाने के बाद इसे पहली बार पूरी तरह बहाल किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के फैसले की 5 अगस्त को घोषणा से पहले घाटी में रेल सेवाओं को 3 अगस्त से निलंबित कर दिया गया था।

कक्षा पांच से नौवीं तक वार्षिक परीक्षाएं शुरू

इस बीच कश्मीर में स्थिति सामान्य हो रही है और शनिवार से माध्यमिक कक्षाओं के छात्रों की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गयीं। एक अधिकारी ने बताया कि कक्षा पांच से नौवीं तक की वार्षिक परीक्षाएं शनिवार से शुरू हुईं। परीक्षाएं सोमवार से शुरू होने वाली थीं लेकिन घाटी में भारी बर्फबारी के कारण पहले दो पेपर स्थगित कर दिए गए थे।

जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग तीसरे दिन भी बंद

बनिहाल/जम्मू, 16 नवंबर (एजेंसी)

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग शनिवार को तीसरे दिन भी बंद रहा जबकि भारी बारिश ने रामबन जिले में भूस्खलन के कारण जमा हुए मलबे को हटाने का कार्य बाधित कर दिया। यातायात विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राजमार्ग बंद होने से आवश्यक वस्तुओं को कश्मीर तक ले जाने वाले ट्रकों समेत हजारों वाहन फंस गये। डिगडोल में बृहस्पतिवार रात 9 बजे के करीब कश्मीर को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले इस एकमात्र राजमार्ग पर हुए भारी भूस्खलन के कारण यातायात अवरुद्ध हो गया।

अधिकारियों ने बताया कि सड़क से मलबा हटाने का काम तुरंत शुरू कर दिया गया था लेकिन शुक्रवार रात से ही रुक-रुक कर हो रही बारिश ने काम बाधित कर दिया। अधिकारियों ने कहा आज सुबह मरूग सहित कई स्थानों पर राजमार्ग से पत्थर हटा दिये गये हैं। ।

15000 से अधिक ट्रक, 600 हल्के वाहन फंसे

रामबन बेल्ट में 15 हजार से अधिक ट्रक और 600 हल्के मोटर वाहन अवरुद्ध सड़क के दोनों ओर फंसे हुए हैं। जम्मू क्षेत्र के पुंछ और राजौरी जिलों को दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले से जोड़ने वाले मुगल रोड पर शनिवार को लगातार 11वें दिन भी यातायात बंद रखा गया। 6 नवंबर को मौसम की पहली बड़ी बर्फबारी के बाद बंद कर दी गई थीं। मुगल रोड के आसपास कुछ दिनों से बर्फबारी हो रही है।

1.30 लाख बुजुर्गों, विधवाओं को पेंशन मंजूर

जम्मू (एजेंसी) : जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल जीसी मुर्मू ने शनिवार को वरिष्ठ नागरिकों, विधवाओं और दिव्यांग लोगों के एक लाख से अधिक नये पेंशन मामलों को मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित पेंशन कार्यक्रम - एकीकृत समाजिक सुरक्षा योजना और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत मामलों को मंजूरी दी गयी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि केंद्र शासित क्षेत्र में लंबित पेंशन मामलों के मुद्दों की समीक्षा के लिए उपराज्यपाल की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक में फैसला लिया गया। समाज कल्याण विभाग के आयुक्त ने कहा कि वर्तमान में आईएसएसएस और एनएसएपी से 6,12,950 लाभार्थी लाभ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभाग के समक्ष तीन लाख से अधिक मामले लंबित हैं।

राफेल मुद्दे पर कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन

कोलकाता/नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

भाजपा के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राफेल मुद्दे पर कई जगह कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने राफेल लड़ाकू विमानों के सौदे पर 'झूठ' फैलाने को लेकर कांग्रेस और इसके नेता राहुल गांधी द्वारा 'माफी' मांगे जाने की मांग की। विभिन्न जगहों पर प्रदर्शन के दौरान भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस बीच, मुंबई से प्राप्त एक खबर के मुताबिक महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रकांत पाटिल ने कहा कि राहुल के आरोपों ने देश को बदनाम किया है। उन्होंने कहा, 'उन्होंने (राहुल और कांग्रेस) केवल अपने निजी हित के लिए भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शर्मिंदा करने की कोशिश की, जिन्होंने दुनिया भर में देश को गौरवपूर्ण स्थान दिलाया है। जबकि उन्होंने (राहुल और कांग्रेस) दुनिया में भारत को बदनाम किया।' प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष को 'चोर' कहते हुए नारेबाजी की। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने मोदी पर निशाना साधते हुए कई बार 'चौकीदार चोर है' कहा था। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस ने बार-बार राफेल सौदे का मुद्दा उठाया था और इस पर सवाल खड़े किए थे। उल्लेखनीय है कि सुप्रीमकोर्ट ने भारतीय वायुसेना के लिये फ्रांस की कंपनी दसाल्ट एविऐशन से 36 राफेल लड़ाकू विमान की खरीद के मामले में बृहस्पतिवार को मोदी सरकार को क्लीन चिट दी।

कांग्रेस की 'भारत बचाओ' रैली 30 को

नयी दिल्ली (ट्रिन्यू) : आर्थिक मंदी समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस की 'भारत बचाओ' रैली 30 नवंबर को रामलीला मैदान में होगी। कांग्रेस के महासचिवों, प्रदेश अध्यक्षों तथा फ्रंटल संगठनों के अध्यक्षों की यहां शनिवार को हुई बैठक में यह फैसला किया गया। इस बैठक के बाद पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल और मीडिया विभाग प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भाजपा की नीतियों से देश मंदी और तालाबंदी की कगार पर खड़ा है। देश बेरोजगारी और भुखमरी की ओर बढ़ रहा है। इसलिए कांग्रेस देशभर में मोदी सरकार के खिलाफ आंदोलन चला रही है। लगभग 60 फीसदी राज्यों में यह आंदोलन पूरा हो चुका है, लेकिन कुछ प्रदेशों में राम मंदिर को लेकर सुप्रीमकोर्ट के फैसले के मद्देनजर इसे रोक दिया था। सुरजेवाला ने कहा कि यह रैली भाजपा से भारत बचाओ', बेरोजगारी से 'भारत बचाओ', लुटते हुए किसान की दुर्दशा से 'भारत बचाओ', भुखमरी से 'भारत बचाओ', मंदी से 'भारत बचाओ', तालाबंदी से 'भारत बचाओ', बंद होते उद्योग, छोटे-छोटे दुकानदार के लुटते हुए व्यवसाय से 'भारत बचाओ' को लेकर है।

पेट्रोल कीमतों में वृद्धि के बाद ईरान में प्रदर्शन, एक की मौत

बगदाद में शनिवार को प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने बैरियर लगाये। - प्रेट्र

तेहरान, 16 नवंबर (एजेंसी)

ईरान में पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ हुए प्रदर्शन के एक दिन बाद समाचार एजेंसी ईएसएन ने शनिवार को बताया कि सीरजान शहर में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। सीरजान के कार्यवाहक गवर्नर मोहम्मद महमूदाबादी ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोई मारा गया। उन्होंने कहा कि मौत के कारण और क्या हैं यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्रदर्शन के दौरान कई अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

महमूदाबादी ने कहा कि सुरक्षा बलों को गोली मारने की अनुमति नहीं दी गई है और वे केवल चेतावनी के लिए गोली चला सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह शांतिपूर्ण आयोजन था लेकिन कुछ लोगों ने इसका इस्तेमाल सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, पेट्रोल पंप में तोड़फोड़ करने और तेल कंपनी के मुख्य ईंधन डिपो तक पहुंचने एवं उसमें आग लगाने के लिए किया।

राशनिंग, 50 फीसदी महंगा होने से फैला गुस्सा

शुक्रवार को ईरान ने पेट्रोल की राशनिंग शुरू करने के साथ-साथ कीमतों में कम से कम 50 फीसदी की वृद्धि की घोषणा की थी। सरकार का कहना है कि इससे मिले राजस्व से जरूरतमंद नागरिकों की मदद की जाएगी। सीरजान के लावा अबादान, अहवज़, बंदर अब्बास, बीरजंद, गतसरन, खोराम शहर, महशहर, मशहंद और सीराज में भी पेट्रोल कीमतों में वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन हुए।

मुआवजे के लिए प्रदर्शन कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज

उन्नाव (यूपी), 16 नवंबर (एजेंसी)

जमीन के बेहतर मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों और पुलिस के बीच शनिवार को संघर्ष हुआ। आवासीय परियोजना के लिए अधीग्रहीत की गई जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिए अधिकारियों के मौके पर पहुंचने के दौरान संघर्ष हुआ। पुलिस ने लाठीचार्ज किया व आंसू गैस के गोले दागे। पानी की बौछारें भी छोड़ी। कई किसान घायल हो गए।

जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि प्रदर्शनकारियों द्वारा किए गए पथराव में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। किसान कानपुर के निकट प्रस्तावित आवासीय परियोजना ट्रांस गंगा सिटी के लिए अधीग्रहीत की गई जमीन के लिए बेहतर मुआवजे की मांग कर रहे थे। पांडेय ने कहा कि किसानों को पर्याप्त मुआवजा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समाधान किए जाने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्व अपने स्वार्थ साधने के लिए किसानों व अन्य को भ्रमित कर रहे हैं।

सुदर्शन पटनायक इटली के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित



सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक (इनसेट) ने रोम में महात्मा गांधी की रेत से मूर्ति बनायी। - प्रेट्र

नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

प्रख्यात भारतीय रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक को रोम में एक समारोह में 'इटैलियन गोल्डन सैंड आर्ट अवार्ड, 2019' से सम्मानित किया गया है। रेत कला में अपने योगदानों के लिये इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को जीतने वाले वह पहले भारतीय हैं। इटली के लेचे में 13 नवंबर से 17 नवंबर तक आयोजित 'इंटरनेशनल स्कोरानो सैंड नेटिविटी' कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पटनायक ने रूसी कलाकार पैवेल मिनिकोव के साथ मिलकर महात्मा गांधी की 10 फुट ऊंची रेत आकृति बनायी। पटनायक ने ट्वीट किया, 'रोम में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में प्रोमूवी इंटरनेशनल स्कोरानो सैंड नेटिविटी के अध्यक्ष वितो माराशिओ से यह पुरस्कार मिला। भारतीय दूतावास की उपराजदूत निहारिका सिंह भी पुरस्कार समारोह में उपस्थित थीं।' महोत्सव में हिस्सा लेने वाले विभिन्न देशों से आठ मूर्तिकार थे। 'पद्मश्री' से सम्मानित पटनायक ने कहा, 'इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को पाकर गौरवान्वित और सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' पटनायक ने 60 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेत कला महोत्सवों और दुनियाभर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है तथा भारत के लिये कई पुरस्कार जीते हैं।

रेत पर कलाकृतियां उकेरने पर मिला 'इटैलियन गोल्डन सैंड अवार्ड'

अनिल ने रिलायंस कम्युनिकेशंस का निदेशक पद छोड़ा

नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

अनिल अंबानी ने कर्ज के बोझ से दबी कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजारों को यह सूचना दी। कंपनी ने कहा है कि अंबानी के साथ ही छाया विरानी, रायना करानी, मंजरी काकर, सुरेश रंगाचर ने आरकॉम के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले मणिकंतन वी ने कंपनी के निदेशक एवं मुख्य वित्त अधिकारी का पद छोड़ा था। कंपनी ने कहा है कि इन इस्तीफों को कंपनी के ऋणदाताओं की समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा। आरकॉम फिलहाल दिवाला प्रक्रिया में है। सांविधिक बकाया पर सुप्रीमकोर्ट के फैसले की वजह से कंपनी को देनदारियों के लिए भारी-भरकम प्रावधान करना पड़ा है। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी को 30,142 करोड़ का एकीकृत घाटा हुआ है।

बीना मोदी बनीं मोदी एंटरप्राइजेज की चेयरपर्सन

नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

डॉ. बीना मोदी ने मोदी एंटरप्राइजेज के नए चेयरपर्सन का पद संभाल लिया है। केके मोदी के निधन के बाद गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड और इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड दोनों कंपनियों के निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से डॉ बीना मोदी के नाम का प्रस्ताव पारित कर दिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि उन्हें तत्काल प्रभाव से गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा इंडोफिल इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चेयरपर्सन एवं प्रबंधक निदेशक चुना गया है। डॉ. मोदी इससे पहले गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड के बोर्ड की सदस्य रही हैं और कंपनी की सीएसआर समिति में भी शामिल रही हैं। पद संभालने के बाद मोदी ने कहा, 'इस जिम्मेदारी को पाकर मैं सम्मानित अनुभव कर रही हूं और मेरा सतत प्रयास रहेगा कि अपने पति के सपनों को जीवित रखूं।'

केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा

यातायात संचालन में निजी सुरक्षाकर्मियों का हो इस्तेमाल

नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने शनिवार को कहा कि निजी सुरक्षा गार्ड ड्रोन तथा सीसीटीवी की मदद से यातायात प्रबंधन, प्रदूषण निगरानी और भीड़ प्रबंधन जैसे मामलों में सरकारी एजेंसियों की मदद कर सकते हैं। सड़क, परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री सिंह यहां पीएचडी चैंबर में केंद्रीय निजी सुरक्षा उद्योग संघ द्वारा आयोजित 'सुरक्षा नेतृत्व सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय निजी सुरक्षा उद्योग संघ द्वारा आयोजित बयान में सिंह के हवाले से कहा गया, 'आज सरकारों के पास आम जनता की दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन और श्रमशक्ति नहीं हैं। यहां निजी सुरक्षा एजेंसियां अहम भूमिका निभा सकती हैं, लेकिन उन्हें सरकारी एजेंसियों का विश्वास हासिल करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी में अपने जवानों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है।' उन्होंने कहा कि निजी सुरक्षा एजेंसियों के लिए भविष्य की चुनौतियों के लिहाज से अपार अवसर हैं। भारतीय निजी सुरक्षा उद्योग को विदेशों में पकड़ बढ़ानी चाहिए।

जिंदगी लाइव

शानदार रहा यह साल : अमायरा दस्तूर

मुंबई (एजेंसी) : अमायरा दस्तूर का कहना है कि उनके लिए यह साल बेहतरीन रहा। बॉलीवुड के अलावा दक्षिण फिल्मों के बीच भी उनका काम जारी है। वह इस साल तीन महान प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बनकर खुश हैं। पहली नेटफ्लिक्स ओरिजनल 'राजमा चावल', बालाजी की 'जजमेंटल है क्या' और 'प्रस्थानम। अमायरा कहती हैं, 'हर प्रोजेक्ट किरदार, कहानी लाइनों और शैली के मामले में एक दूसरे से अलग और अद्वितीय रहा है। 2019 एक अच्छा साल रहा है और इस साल भगवान की दया सच में मुझ पर बनी रही हैं! जजमेंटल है क्या अपने आप में एक अनुभव था। मुझे इसमें मेरी आइडल कंगना रणौत के साथ काम करनेका मौका मिला।यह शारीरिक रूप से भी काफी कठिन अनुभव था, क्योंकि मुझे कुछ सीन्स के लिए छह से सात घंटे तक अपने प्रोस्थेटिक मेकअप पर काम करना पड़ता था।'

तेलुगू फिल्म के रीमेक की तैयारी में अक्षय

मुंबई (एजेंसी) : बॉलीवुड में लगातार काम करने के तौर पर जाने वाले अक्षय कुमार अब एक और रीमेक में नजर आएंगे। बॉलीवुड के खिलाड़ी कहे जाने वाले अक्षय सुपरहिट तेलुगू फिल्म 'भागमती' का रीमेक बनाने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि अक्षय कुमार सुपरहिट तेलुगू फिल्म भागमती का हिंदी रीमेक बनाने जा रहे हैं। इस बारे में बताया गया कि अक्षय, विक्रम मल्होत्रा के साथ मिलकर फ़िल्म का सह-निर्माण करेंगे। कहा जा रहा है कि फ़िल्म में लीड रोल्स के लिए भूमि पेडनेकर और आर माधवन को फाइनल कर लिया गया है। फ़िल्म का निर्देशन जी अशोक ही करेंगे, जिन्होंने मूल फ़िल्म को निर्देशित किया था। अक्षय के फ़िल्म में कैमियो करने की भी चर्चा है। बता दें कि वर्ष 2018 में प्रदर्शित भागमती हॉरर सस्पेंस थ्रिलर फ़िल्म है, जिसमें अनुष्का शेट्टी ने फीमेल लीड रोल निभाया था।

जमशेदपुर में शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान जनजातीय समुदाय की महिलाएं। - प्रेट्र

'मिर्जापुर' की सालगिरह पर दूसरे सीजन की झलक की शेयर

मुंबई (एजेंसी) : 'मिर्जापुर' की सालगिरह पर इसके दूसरे सीजन की झलक को शेयर किया गया है। इससे जुड़े रहे पंकज त्रिपाठी उर्फ कालीन भैया ने इंस्टाग्राम की दुनिया में अपना डेब्यू भी किया है। इस मौके पर पंकज ने लिखा, 'मिर्जापुर को एक साल हो गया है, और यह एक दमदार साल रहा है! मिर्जापुर वह शो है जिसके माध्यम से मुझे दर्शकों से बेशुमार प्यार और प्रशंसा मिली है। यह शो इस कदर आइकोनिक बन गया है कि मैं जहां भी जाता हूं, मुझे प्रशंसक अक्सर कालीन भैया के नाम से संबोधित करते है। अमेज़न प्राइम वीडियो ने शानदार तरीके से शो को प्रस्तुत किया है।' टीजर शेयर करते हुए बताया गया कि यह दो भाइयों की कहानी है जो सत्ता के आइडिया से प्रभावित है। यह एक ऐसी दुनिया है जो नशीली दवाओं, बंदूकें और अयोग्यता से भरी हुई है, जहां जाति, शक्ति, अहंकार और तपस्या से छेड़छाड़ करते हैं और हिंसा ही जीवन का एकमात्र तरीका है।

जेपी इन्फ्राटेक के 2207 फ्लैट बेचेगी एनबीसीसी

नयी दिल्ली (एजेंसी) : सार्वजनिक क्षेत्र की एनबीसीसी कर्ज बोझ तले दबी और दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही जेपी इन्फ्राटेक के अधिग्रहण के लिये लगाई जाने वाली नई बोली में कंपनी के 1,750 करोड़ रुपये के बिना बिके फ्लैटों को रिणदाताओं के सुपुर्द करने के बजाय उन्हें बेचने की जिम्मेदारी खुद ले सकती है। अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) अनुज जैन ने एनबीसीसी और सुरक्षा रीयल्टी से उनकी संशोधित पेशकश सौंपने को कहा है। इससे पहले एनबीसीसी ने 1,756 करोड़ रुपये के 2,207 बिना बिके फ्लैट ऋणदाताओं को देने की पेशकश की थी। लेकिन बैंकर इसके लिए तैयार नहीं थे। बाद में एनबीसीसी ने इन फ्लैट के लिये अपनी पेशकश को 1,300 करोड़ रुपये कर दिया लेकिन बैंकर इसके बाद भी तैयार नहीं हुए। बहरहाल, अब सुप्रीमकोर्ट के निर्देश पर अंतरिम समाधान पेशेवर (आईआरपी) जैन ने एनबीसीसी और सुरक्षा रीयल्टी से संशोधित पेशकश आमंत्रित की है और उसके बाद सीओसी की बैठक बुलाई है। कोर्ट ने जेपी इन्फ्राटेक की दिवाला प्रक्रिया को 90 दिन में पूरा करने का निर्देश दिया है।

आज के ट्वीट

धन्यवाद सुनंदा वशिष्ठ कि आपने 4 लाख कश्मीरी हिंदुओं की ओर से बात रखी। ये कश्मीरी आतंक से पीड़ित थे। आपने बेहद मर्यादित और सत्यता के साथ अपनी बात कही। कभी-कभी एक इंसान की पीठ सीधी होने से करोड़ों लोगों की रीढ़ की हड्डी भी सीधी हो सकती है।

अनुपम खेर, बॉलीवुड कलाकार

'न्यू रूल्स' कार्यक्रम में लाइव रहने का फैसला किया दुआलिपा से सीखने का बेहतर मौका है। वह बेहद खूबसूरत सुंदर युवती है और उसकी आवाज बहुत अच्छी है। उसे सफलता के लिए मेरा प्यार और शुभकामनाएं।

शाहरुख खान, बॉलीवुड अभिनेता

epaper.dainiktribuneonline.com

दुकान पर वारदात

बर्तन कारोबारी को मारी गोली, दिल्ली भर्ती

सोनीपत, 16 नवंबर (हप्र)

प्याऊ मनियारी स्थित बर्तन की दुकान में बैठे दुकानदार को देर रात अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। गोली उनके कूल्हे में लगी है। वारदात को अंजाम देकर हमलावर फरार हो गया। घायल को नरेला के सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घायल के बयान पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्याऊ मनियारी की गली नंबर-3 का रहने वाला राकेश कुमार प्याऊ मनियारी में ही बर्तन की दुकान चलाता है। वह रात को अपनी दुकान पर बैठा था। राकेश का आरोप है कि इसी दौरान एक युवक उसकी दुकान पर आया। इससे पहले वह कुछ समझ पाता युवक ने अचानक पिस्तौल निकालकर उस पर गोली चला दी। गोली उसके कूल्हे में जा लगी। गोली लगते ही वह वही गिर गया। इसके बाद हमलावर वहां से पैदल ही फरार हो गया।

पुलिस का कहना है कि हमलावर का सुराग लगाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं। इस बारे में कुंडली थाना प्रभारी रविंद्र कुमार का कहना है कि दुकानदार ने अज्ञात युवक पर अचानक दुकान में आकर गोली मारने का आरोप लगाया है। हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक ने गोली मारकर की आत्महत्या

गुरुग्राम के गांव पातली में शनिवार को मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी। -हप्र

गुरुग्रा (हप्र) : गांव पातली में एक युवक ने नशे की हालत में खुद को गोलीमार आत्महत्या कर ली। मृतक का अपराधिक रिकार्ड रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। गांव नाहरपुर में मोबाइल की दुकान चलाने वाले अनिल ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका भाई हरीश (27) खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चला गया था। सुबह जब वह अपने कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन उसके कमरे में पहुंचे। वह कमरे के बैड पर खून से लथपथ पड़ा हुआ था। उसने बताया कि वह नशा करने का आदी था। उसने अंदेशा जताया कि उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। हरीश के हाथ में पिस्तौल थी। माना जा रहा है कि उसने अपनी कनपटी पर पिस्तौल रखकर गोली चलाई है। पुलिस के अनुसार हरीश अपराधिक किस्म का युवक था। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज थे। हाल ही में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का भी मामला दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार फिलहाल पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद उसका शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

धूमधाम से निकली 80 दूल्हों की बारात

फरीदाबाद, 16 नवंबर (हप्र)

महाराजा अग्रसेन विवाह समिति का 20वां सर्वजातीय 80 जोड़ों का सामूहिक विवाह धूमधाम से किया गया। बारात अग्रसेन भवन सेक्टर-19 से ओल्ड फरीदाबाद मार्केट से होती हुई बैंड-बाजे के साथ दशहरा मैदान सेक्टर.16ए पहुंची। कार्यक्रम में मुख्य रूप में हनुमान मंदिर यमुना बाजार दिल्ली के पं. वैभव शर्मा, बीएम जिंदल, आईडी महाजन, संत गोपाल गुप्ता, नगर निगम उपमहापौर मनमोहन गर्ग, मा. दुलीचंद अग्रवाल, ओमप्रकाश गुप्ता आदि अतिथियों का स्वागत प्रधान ब्रह्मप्रकाश गोयल व संरक्षक अनिल गुप्ता, इन्द्रपाल गर्ग ने किया। मंच संचालन युगल मित्तल ने किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष मनोहर लाल सिंघल, वरिष्ठ उपप्रधान मुकेश गर्ग, संजीव कुशवाहा मौर्य, उपप्रधान बलराज गुप्ता, राकेश गर्ग कई लोगों की भूमिका रही।

हत्यारोपी और साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चचेरे भाई की हत्या में नामजद आरोपी ने मारी थी पिता-पुत्र को गोली

सोनीपत, 16 नवंबर (हप्र)

खरखौदा थाना इलाके के गांव खांडा में कन्फेक्शनरी की दुकान चलाने वाले युवक व उसके पिता को गोली चचेरे भाई की हत्या में नामजद आरोपी ने ही मारी थी। पुलिस ने आरोपी व उसके साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को गांव खांडा निवासी सुरेंद्र बस स्टैंड स्थित अपनी कन्फेक्शनरी की दुकान पर था। उसके साथ उनके पिता रामेहर भी दुकान पर थे। सुरेंद्र दुकान के बाहर सामान रख रहा था और उसका पिता अंदर था। इसी दौरान बाइक सवार 2 हमलावरों ने गोलियां चला दी थी। सुरेंद्र के पेट में गोली लगी थी। बाद में उसका पिता बाहर आया तो हमलावरों ने उसके पैर में गोली मार दी और फरार हो गए।

इस मामले को लेकर रामेहर ने शिकायत दी है कि गोली चलाने वाला उनके गांव का ही सोनू व एक अन्य था।

रामेहर ने बताया है कि उसके भतीजे संदीप की 11 फरवरी की रात को लाठी-डंडों व ईंट से पीटकर हत्या कर दी गई थी। इसमें गांव का ही सोनू व अन्य नामजद हैं। सोनू इस हत्याकांड में फिलहाल फरार है। रामेहर ने बताया कि सोनू ने ही उसे व उसके बेटे सुरेंद्र को गोली मारी है। वह भागते हुए कह रहा था कि संदीप के परिवार की मदद करने का अंजाम देख लिया। पुलिस ने सोनू व अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

खरखौदा थाना प्रभारी अरुण सिंह का कहना है कि घायल व्यक्ति के बयान पर गांव के एक युवक को नामजद किया गया है। उस पर व्यक्ति के भतीजे की भी हत्या का आरोप है। एक नामजद समेत दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बिश्नोई ने ओझा निवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि

फरीदाबाद, 16 नवंबर (हप्र)

पूर्व मुख्यमंत्री भजनलाल के पुत्र एवं आदमपुर से विधायक कुलदीप बिश्नोई आज कांग्रेस के वयोवृद्ध नेता एवं पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. बी.आर.ओझा के निवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ओझा के पुत्र राजन ओझा से मिलकर उनको ढांढस बंधाते हुए कहा कि उनके पिता चौधरी भजनलाल के साथ मिलकर स्व. ओझा ने फरीदाबाद का समग्र विकास कराया था, जिसे भुलाया नहीं जा सकता।

इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए बिश्नोई ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि फरीदाबाद को स्मार्ट सिटी बनाने का दावा करने वाली भाजपा सरकार ने आज फरीदाबाद को देश का ही नहीं बल्कि पूरे विश्व का नम्बर वन प्रदूषित शहर बना दिया है। इस मौके पर आजाद भड़ाना, इकराम खान, आलोक मेहता, बलजीत बिश्नोई भी मौजूद थे।

'शहीदों के विचार विद्यार्थियों तक पहुंचाने की जरूरत'

रोहतक, 16 नवंबर (हप्र)

एसएफआई की यूनिट इकाई ने शहीद करतार सिंह सराभा के शहादत दिवस पर मदवि में एक सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में एसएफआई के पूर्व राज्य सचिव सुमित मौजूद रहे। मदवि एसएफआई प्रधान अंजू ने कहा कि आज शहीदों के विचारों को विद्यार्थियों तक पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि करतार सिंह सराभा गदर आंदोलन के मुख्य नेता रहे हैं। शहीद भगत सिंह भी उन्हें अपना गुरु भाई कहते थे। मुख्य वक्ता सुमित ने बताया कि गदर आंदोलन मुख्य रूप से अप्रवासी भारतीयों द्वारा चलाया गया था। करतार सिंह सराभा ने कहा था कि गुलामी दो प्रकार की होती है शारीरिक गुलामी और मानसिक गुलामी, गदर पार्टी ने मानसिक दासता से छुटकारा पाने के लिए गदर नामक अखबार निकाला। गदर आंदोलन में कुछ भी गोपनीय नहीं था। गदर पार्टी अपनी गतिविधियों का खुलासा करते थे। लाला हरदयाल, सोहन सिंह भकना, करतार सिंह सराभा आंदोलन के मुख्य नेता रहे हैं जिन्होंने भारत से बाहर लोगों को संगठित किया।

14 साल से झेल रहे हैं परेशानी

सोनीपत, 16 नवंबर (हप्र)

करीब 14 साल से मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे असावरपुर के ग्रामीणों ने अब गांव के विकास के लिए डिप्टी सीएम के नाम पत्र लिखा है। इसमें ग्रामीणों ने जिक्र किया है कि पहले विभागों की आपसी खींचतान व अनदेखी के चलते उनके गांव का विकास रुका रहा, अब अधिकारियों ने भी ऐसी ही स्थिति कर दी है, जिसके चलते गांव के हालात बदतर होते जा रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि 2005 में उनके गांव असावरपुर की जमीन राजीव गांधी एजुकेशन सिटी के लिए अधिग्रहण की गई थी। इस दौरान हूडा विभाग ने उनके गांव के विकास कार्य करवाने के लिए गोद लिया था। गोद लेने के बाद गांव में कुछ विकास कार्यों की शुरूआत की गई। इनमें अधिकतर कार्य शुरू होने से पहले ही विभागों की खींचतान के चलते अधर में लटक गए। इसके बाद उनके गांव सहित 26 गांवों को नगर परिषद सोनीपत में जोड़कर नगर निगम का गठन किया गया। लेकिन नगर निगम ने जो शर्तें लागू की, उनका ग्रामीणों ने विरोध किया। विरोध के चलते गांव को निगम से बाहर कर दिया। ऐसे में दो-दो विभागों में जाने के बाद भी आज तक गांव में सीवरेज लाइन की व्यवस्था तक नहीं की गई।

मूनक नहर में गिरी अनियंत्रित कार और टैंकर

■ दोनों चालकों समेत 3 की बची जान

सोनीपत, 16 नवंबर (हप्र)

गांव महलाना के पास अलग-अलग स्थानों पर अनियंत्रित कार व कैंटर पश्चिमी यमुना लिंक नहर में गिर गए। गनीमत रही की कार सवार दोनों साथी व कैंटर चालक सकुशल बाहर निकल आए। हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गए। मामले को लेकर पुलिस को सूचना नहीं दी गई।

सोनीपत निवासी रोहित अपने साथी के साथ कार में जा रहा था। जब वह महलाना पुल पर पहुंचे तो अचानक कार चालक नियंत्रण खो बैठा। इस पर कार पुल की रेलिंग को तोड़ती हुई पश्चिमी यमुना लिंक नहर में जा गिरी। हादसे के बाद कार सवार रोहित व उसका साथी खिडक़ी खोलकर बाहर निकल गए। हादसे के बाद उनकी कार पानी के बहाव में काफी दूर तक बहकर निकल गई। कार सवार युवकों का कहना था कि अचानक कार अनियंत्रित हो गई थी। वहीं, दूसरे मामले में महलाना के पास ही शनिवार तड़के खरखौदा की तरफ जा रहे खरखौदा के पवन का कैंटर अनियंत्रित होकर नहर में गिर गया। हादसे में पवन को हल्की चोट भी आई। पवन ने बताया कि तडक़े अचानक उसे कैंटर चलाते ही झपकी लग गई। इससे उसका कैंटर नहर में जा गिरा। इसके बाद वह खिडक़ी खोलकर बाहर निकल आया।

सदर थाना प्रभारी महेंद्रपाल का कहना है कि महलाना नहर में 2 वाहनों के गिरने की सूचना नहीं मिली है। अगर कोई शिकायत आएगी तो कार्रवाई की जाएगी।

सोनीपत में शनिवार को पश्चिम यमुना नहर में गिरी कार और कैंटर। -हप्र

खुले में कूड़ा जलाकर फैलाया जा रहा प्रदूषण

ग्रामीणों ने की फैक्टरियां बंद रखने की मांग

गन्नौर, 16 नवंबर (निस)

बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरी संचालक पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर सजग दिखाई नहीं दे रहे हैं। औद्योगिक क्षेत्र में कई फैक्ट्रियों से निकलने वाले कूड़े को खुले में रखकर जलाया जा रहा है, जिससे परेशान होकर भाकियू नेता जयभगवान मलिक, विपिन त्यागी आदि के नेतृत्व में ग्रामीणों ने एचएसआईडीसी के एजीएम को ज्ञापन सौपा।

उन्होंने बताया कि बड़ी में लगी फैक्ट्रीयों में न तो चिमनी अच्छी लगी है न ही गंदे पानी की निकासी का प्रबंध है। अवैध तरीके से गंदा पानी जमीन में छोड़ा जा रहा है। उन्होंने सभी शिकायतों की जांच करवाने की मांग की। समाजसेवी विपिन त्यागी ने बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सैकड़ों छोटी-बड़ी फैक्ट्रियां हैं, लेकिन उनसे निकलने वाले कूड़े के निस्तारण के लिए कोई पुख्ता प्रबंध नहीं है, जिसके कारण रात के अंधेरे का फायदा उठाकर कंपनी के कर्मचारी मौका देखकर कूड़े को खुले मे डालकर आग लगा कर भाग जाते हैं।

ग्रामीणों ने लल्हेड़ी गांव के सरपंच के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र के कार्यालय में शिकायत देकर इन फैक्ट्रियों को बंद रखने के ही मांग की है।

ब्रेन डेड मरीज बचा सकता है 8 लोगों का जीवन : कुलपति

डेंटल कॉलेज में ओर्गन डोनेशन पर संगोष्ठी

रोहतक, 16 नवंबर (निस)

हरियाणा के लोग बहुत बड़े दिलवाले हैं, जिस प्रकार रक्तदान में हरियाणा के लोग पूरे भारत में अग्रणीय भूमिका अदा कर रहे हैं, उसी प्रकार से आर्गन डोनेशन में भी अदा कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें इसके प्रति जागरूक किया जाए और संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं। यूएसए में रिकोर्ड एक व्यक्ति ने मृत्यु पश्वात अपने 76 ओर्गन डोनेट किए। यह बात यूके से आए डॉ. सत्यव्रत शर्मा ने शनिवार को डेंटल कालेज में ओर्गन डोनेशन मिथक और तथ्य पर आयोजित किए गए व्याख्यान में बतौर मुख्यातिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। डॉ. सत्यव्रत ने बताया कि ब्रेन डेड घोषित किए गए मरीज का हार्ट, लंग, लिवर, पेनक्रियास, किडनी, छोटी बॉउल, आंखें, चमड़ी, लिगामेंट, हाथ, यूटरेस इत्यादि अंगों का दान कर किसी का बहुमुल्य जीवन बचा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 82 तक की उम्र तक अंगदान हो सकता है। इस अवसर पर पीजीआई के कुलपति डॉ. ओ.पी.कालरा ने कहा कि ब्रेन डेड मरीज से करीब 8 लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एच.के. अग्रवाल ने अंगदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण मल्होत्रा, डॉ. वरूण अरोड़ा, डॉ. आदर्श, डॉ. रोहताश यादव, डॉ. ध्रुव चौधरी, डॉ. वीणा सिंह गहलोत सहित कई डाक्टर मौजूद थे।

आटो की आमने-सामने टक्कर, 5 घायल

बल्लभगढ़, 16 नवंबर (निस)

सेक्टर-8 स्थित हनुमान मंदिर रोड पर शनिवार को ऑटो और कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो और कार ड्राइवर सहित 5 लोग घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-7 थाना पुलिस के अनुसार शनिवार को सेक्टर-3 की ओर से एक ऑटो सवारी लेकर फरीदाबाद की ओर जा रहा था। जब वह हनुमान मंदिर के पास पहुंचा, तो सामने से आ रही कार से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर होने के साथ ही ऑटो पलट गया, जिसमें ड्राइवर सहित 4 लोग मौजूद थे। रोड से गुजर रहे लोगों ने ऑटो में दबे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। वहीं कार चालक भी इस दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया।

24 को हो सकती है आंदोलन की घोषणा

किसानों ने मांगा बासमती धान का भाव 6 हजार

गोहाना, 16 नवंबर (निस)

भाकियू ने सरकार से बासमती किस्म के धान का भाव 6 हजार रुपये प्रति क्विंटल की मांग की है। इस मांग को लेकर शनिवार को यूनियन से जुड़े किसानों ने नई अनाज मंडी में प्रदर्शन किया। यूनियन का आरोप है कि सरकार की गलत नीतियों की वजह से किसानों को धान का अच्छा भाव नहीं मिल रहा है। सरकार व्यापारियों से किसानों को लुटवा रही है। भाकियू प्रतिनिधिमंडल नई अनाजमंडी में किसानों से रूबरू होने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल, यूनियन की गोहाना तहसील इकाई के चेयरमैन भगत सिंह, कोच कर्मबीर और संजय नरवाल शामिल थे। प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यवान नरवाल ने कहा कि इस बार धान की पैदावार बहुत कम है और ऊपर से भाव बहुत कम मिलने से किसानों की कमर टूट चुकी है। गोहाना की नई अनाजमंडी में धान की खरीद भी बहुत कम हो रही है और उठान भी देरी हो रहा है। उठान न होने से मंडी में जाम की स्थिति बनी हुई है।

गोहाना में शनिवार को नई अनाज मंडी में धान के कम दामों का विरोध करते किसान। -निस

सत्यवान नरवाल ने कहा कि 24 नवंबर को गांव छिछड़ाना में चौ. छोटूराम की जयंती मनाई जाएगी। अगर तब तक किसानों को धान के अच्छे भाव मिलने शुरू नहीं हुए तो किसान इस जयंती समारोह में सरकार के खिलाफ किसी बड़े आंदोलन की घोषणा कर सकते हैं।

बढ़ते प्रदूषण, गंदगी से मुक्ति दिलाने को किया प्रदर्शन

शहर की एक दर्जन से ज्यादा संस्थाएं आयीं आगे

फरीदाबाद में शनिवार को बढ़ते प्रदूषण एवं गंदगी से मुक्ति दिलाने को बीके चौक पर प्रदर्शन करते विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी। -हप्र

फरीदाबाद, 16 नवंबर (हप्र)

नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा औद्योगिक नगरी फरीदाबाद को प्रदूषण और गंदगी मुक्त करने के लिए बीके चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के समर्थन में शहर की लगभग एक दर्जन से अधिक संस्थाएं शामिल थीं। जिला टैक्स बार एसोसिएशन, शरद फाउंडेशन, युवा ब्राह्मण संगठन, महाराजा अग्रसेन विवाह समिति, मानव जनहित एकता परिषद, यूथ सोसायटी, हरियाणा, अखिल भारत हिन्दू महासभा, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा, हर्ष मानव सेवा ट्रस्ट, हरिमानव सेवा ट्रस्ट, बलराम मानव सेवा ट्रस्ट, मानव सेवा दल, जयहिन्द सेवा दल, गढ़वाल सभा, सेक्टर-52 आरडब्ल्यूए ने प्रदूषण से हो रहे नुकसान और सरकार द्वारा सुस्त व लापरवाहीपूर्ण रवैया अपनाने पर रोष प्रकट किया।

वहीं एनजीटी के आदेशों कि एनसीआर में 15 साल पुराने डीजल चलित वाहन आटो, ट्रेक्टर, ट्रकों, बसों को सडक़ों से हटाया जाए, लेकिन फरीदाबाद पुलिस इन आदेशों की पालना करने में पूरी तरह से विफल साबित हो रही है। सभी संस्थाओं द्वारा निर्णय लिया गया है कि अगर सरकार अब भी न चेती तो ऐसे प्रदर्शन बार-बार किए जाएगें। प्रदर्शन करने वालों में यशपाल शर्मा, संदीप सेठी, मुकेश कौशिक, पंकज पाराशर, हेमलता शर्मा, सचिन तंवर, सुरेन्द्र शर्मा बबली सहित अनेकों लोग शामिल थे।

जश्न-ए-फरीदाबाद कार्यक्रम का शानदार आगाज

'शिक्षा और साहित्य के बिना परिवर्तन नहीं'

बल्लभगढ़, 16 नवंबर (निस)

फरीदाबाद लिटरेरी एंड कल्चर क्लब द्वारा जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के संयुक्त तत्वावधान में विद्यालय परिसर में आयोजित दो दिवसीय जश्न-ए-फरीदाबाद कार्यक्रम का आज शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पुस्तक मेला, संगोष्ठी, नाटक, मुशायरा, गायन तथा विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, कुलसचिव डा. सुनील कुमार गर्ग, फरीदाबाद लिटरेरी एंड कल्चर सेंटर के अध्यक्ष विनोद मलिक, प्रसिद्ध साहित्यकार असगर वजाहत और जीवा संस्थान के अध्यक्ष ऋषि पाल चौहान मुख्य रूप से उपस्थित थे तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर समकालीन विश्व में साहित्य की महत्वता विषय पर परिचर्चा तथा विद्यार्थियों के लिए चित्रकारी प्रतियोगिता आयोजित की गई। परिचर्चा में असगर वजाहत ने समाज में संवेदनशीलता के लिए साहित्य एवं कला को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और साहित्य के बिना समाज में सार्थक परिवर्तन नहीं लाया जा सकता।

बल्लभगढ़ में शनिवार को कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार, विनोद मलिक व अन्य। -निस

युवा पीढ़ी को कला, साहित्य से जोड़ने की जरूरत : कुलपति

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि कला और साहित्य के संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण यह है कि हम किस तरह की शिक्षा ले रहे है। आज सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के युग में युवा पीढ़ी साहित्य से दूर हो रही है, जिसे फिर से कला व साहित्य से जोड़ने की आवश्यकता है। युवा वर्ग सोशल मीडिया पर तो सक्रिय है लेकिन सामाजिक रूप से संवेदनशीलता का अभाव है। उन्होंने फरीदाबाद लिटरेरी एंड कल्चर क्लब द्वारा कला व साहित्य के विभिन्न रूपों को एक ही मंच पर लाने के प्रयासों की सराहना की।

लूट की बढ़ती वारदातों पर व्यापार मंडल ने जताया रोष

सोनीपत, 16 नवंबर (हप्र)

जिले में व्यापारियों के साथ हो रहे लूटपाट के मामलों के चलते जिला व्यापार मंडल ने रोष प्रकट किया है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि व्यापारियों को सुरक्षा प्रदान की जाए। यदि प्रशासन व पुलिस ऐसा करने में नाकाम रहते हैं,तो व्यापारियों को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ेगा।

शनिवार को जिला व्यापार मंडल का एक प्रतिनिधिमंडल सब्जी मंडी में व्यापारी लव गुप्ता व सुरेश गुप्ता के साथ हुई लूटपाट की घटना के बाद उनकी दुकान पर पहुंचा था। यहां पर व्यापार मंडल ने संबंधित चौकी इंचार्ज को मौके पर बुलवाया और बढ़ती लूटपाट की घटनाओं पर आपत्ति दर्ज करवाई। साथ ही आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग भी की। जिला व्यापार मंडल के सभी साथियों ने पीड़ित व्यापारी से सांत्वना प्रकट की। इस मौके पर व्यापार मंडल के संयोजक संजय वर्मा, शहरी प्रधान दिव्या लाल, सब्जी मंडी के प्रधान ललित खत्री, सेक्टर 14 मार्केट के प्रधान सुरेंद्र मदान, कालूपुर चुंगी मार्केट के प्रधान रविंद्र सरोहा, कच्चे क्वार्टर मार्केट प्रधान यशपाल अरोड़ा आदि मौजूद थे।

रितु फोगाट ने चीन में जीता एमएमए का दंगल

चरखी दादरी, 16 नवंबर (निस)

भारतीय पहलवान रितु फोगाट ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स उएंड वन चैम्पियनशिप में शानदार पदार्पण करते हुए दक्षिण कोरिया की नाम ही किम पर तकनीकी नाकआउट जीत हासिल की। रितु ने मुकाबले के शुरुआती सेकेंड में पटखनी देकर बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद फिर उन्होंने एक और पटखनी दी। इसके कुछ देर बाद उन्होंने किम को मैट पर ही रखकर उन्हें कब्जे में रखा जिसके बाद रैफरी ने हस्तक्षेप कर मुकाबले को भारतीय पहलवान के नाम किया। रितु ने कहा, 'मैं अपनी बहनों और परिवार को शुक्रिया कहना चाहती हूं, जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे प्रेरित किया।'

रितु ने दक्षिण कोरिया की खिलाड़ी नेम हि किम को मात्र 90 सेकेंड में हराकर अपनी पहली चैंपियनशीप पर कब्जा किया है। रितु फौगाट की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत के बाद गीता फोगाट ने ट्वीट द्वारा उसे बधाई देते हुए कहा कि रीतू ने अपनी पहली जीत के साथ नयी पारी की शुरुआत की है।

उन्होंने अपने अगले लक्ष्य के बारे में कहा, 'मेरा सिर्फ एक ही लक्ष्य है और वो है अपने देश के लिये 'वन एटमवेट विश्व चैम्पियनशिप' का खिताब जीतना।' महाबीर पहलवान ने अपनी बेटी की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जीत के बाद कहा कि रीतू ने उनकी आशाओं के अनुरूप आगे बढ़ते हुए देश का नाम रोशन किया है।

विश्व में नंबर एक खिलाड़ी के रूप में सत्र का अंत करेंगे नडाल

लंदन, 16 नवंबर (एजेंसी)

राफेल नडाल भले ही अपना पहला एटीपी फाइनल्स का खिताब नहीं जीत पाये लेकिन वह साल के अंत में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने रहेंगे। चोट से जूझने के बाद लंदन आने वाले स्पेनिश खिलाड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उन्हें राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट के पहले मैच में मौजूदा चैंपियन अलेक्सांद्र जेवरेव से सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। नडाल ने इसके बाद डेनिल मेदवेदेव और स्टेफनोस सिटसिपास को हराया लेकिन यह उनके सेमीफाइनल में पहुंचने के लिये पर्याप्त नहीं था। दूसरे ग्रुप में नोवाक जोकोविच भी सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाये जिससे नडाल का नंबर एक पर बने रहना तय हो गया। यह पांचवां अवसर होगा जबकि नडाल साल के आखिर में नंबर एक बने रहेंगे। इस तरह से वह रोजर फेडरर और जोकोविच की बराबरी कर लेंगे।

सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

	8	4	6					
				5		3		7
	3				9			2
		8		7				3
	6		8		4		5	
7				6		8		
9			5				7	
1		2		9				
					1	2	9	

पिछले कल का उत्तर

8	7	4	6	9	1	2	5	3
6	2	1	4	5	3	8	9	7
9	3	5	8	2	7	6	4	1
2	5	3	1	6	8	9	7	4
1	6	7	9	3	4	5	8	2
4	9	8	5	7	2	1	3	6
3	4	6	2	8	9	7	1	5
5	1	9	7	4	6	3	2	8
7	8	2	3	1	5	4	6	9

आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल

रविवार, 17 नवंबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 5 तिथि (सायं 6.23 तक), पुनर्वसु नक्षत्र (रात 10.59 तक), शुभ योग (रात 2.56 तक), मार्गशीर्ष 2 प्रविष्टे।

व्रत पर्व : शहीदी लाला लाजपत राय।

दिशाशूल : पश्चिम दिशा की यात्रा पर पान और घी खाकर जाएं।

राहुकाल : सायं 4.30 से 6.00 तक।

	जम्मू	दिल्ली	चंडीगढ़
सूर्योदय	7.06	6.49	6.54
सूर्यास्त	5.25	5.24	5.20

सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

आज 17 नवंबर को है जन्मदिन तो कैसा रहेगा आपका साल

आने वाले समय में आप आध्यात्म, शिक्षा, साहित्यिक जीवन के अनुभवों की तलाश में संलग्न हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र को लेकर लंबी यात्रायें करनी पड़ सकती हैं। किसी नयी शिक्षा या हुनर को सीखने के लिए प्रयास कर सकते हैं। आध्यात्म को खोजने का अवसर प्राप्त होगा और नये विचार और विश्वास को अपना सकते हैं। इस साल आपको आपकी इच्छाओं से अधिक प्राप्त होने वाला है। फरवरी माह में कुछ असंभव सा लगने वाला कार्य भी कर डालेंगे। कार आदि खरीदने के लिए यह समय काफी शुभ है। कर्मचारियों को उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

शुभ रंग : गहरा नीला, गहरा ग्रे, जामुनी

शुभ दिन : शनिवार, बुधवार

शुभ अंक : 8, 4, 5, 6

शुभ रत्न : नीलम, कैल्सेडोनी, पन्ना

जन्मदिन पर गरीबों को दलिया, गेहूं, हलवा आदि वितरित करें।

राशिफल

मेष 21 मार्च से 20 अप्रैल
ज्योतिष में रुचि हो सकती है। धन मिल सकता है। गुरुजनों से विवाद न करें।

वृष 21 अप्रैल से 21 मई
साझेदारों में विवाद हो सकता है। आलस से बचें। धन मिल सकता है।

मिथुन 22 मई से 21 जून
पदोन्नति की संभावना है। आय में वृद्धि हो सकती है। धर्म में रुचि हो सकती है।

कर्क 22 जून से 22 जुलाई
धर्म में रुचि हो सकती है। दुविधा से बचें। अनुबंध मिल सकता है।

सिंह 23 जुलाई से 22 अगस्त
लोन मिल सकता है। व्यापार में लाभ संभव है। बच्चों की उपलब्धियों से प्रसन्न होंगे।

कन्या 23 अगस्त से 22 सितंबर
निवेश करें। आय-प्रतिष्ठा में वृद्धि संभव है। पदोन्नति संबंधी विवाद सुलझ सकता है।

तुला 23 सितंबर से 23 अक्तूबर
कानूनी विवाद से तनाव हो सकता है। उच्चशिक्षा में विवाद न करें।

वृश्चिक 24 अक्तूबर से 22 नवंबर
विदेश यात्रा में सावधान रहें। लोन-अनुबंध मिलने में समय लग सकता है।

धनु 23 नवंबर से 21 दिसंबर
सामाजिक आयोजन में सराहना हो सकती है। ज्योतिष में रुचि संभव है।

मकर 22 दिसंबर से 20 जनवरी
जमीन विवाद सुलझ सकता है। जीवनसाथी के साथ खरीदारी कर सकते हैं।

कुंभ 21 जनवरी से 18 फरवरी
आय में कमी हो सकती है। निवेश प्रस्ताव पर निर्णय न लें। वाहन खरीद सकते हैं।

मीन 19 फरवरी से 20 मार्च
लोन मिलने में बाधा है। प्रतियोगी परीक्षा में आलस न करें। विवाह प्रस्ताव मिल सकता है।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

epaper.dainiktribuneonline.com

भारत ने पारी और 130 रन से जीता पहला टेस्ट

बांग्लादेश पर रफ्तार का कहर

शमी ने 4, उमेश ने झटके 2 विकेट। अश्विन को मिले 3 विकेट। मयंक बने मैन ऑफ द मैच

इंदौर, 16 नवंबर (एजेंसी)

तेज गेंदबाजों के एक और दमदार प्रदर्शन के दम पर भारत ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शनिवार को तीसरे दिन ही पारी और 130 रन के विशाल अंतर से हराकर 2 मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनायी।

भारत ने शनिवार सुबह अपनी पहली पारी 6 विकेट पर 493 रन पर समाप्त घोषित करके 343 रन की बड़ी बढ़त हासिल की थी। पहली पारी में केवल 150 रन बनाने वाले बांग्लादेश के बल्लेबाज दूसरी पारी में भी नहीं चल पाये और उसकी पूरी टीम तीसरे दिन तीसरे सत्र में 213 रन पर आउट हो गयी। अब दोनों टीमें 22 नवंबर से कोलकाता में दूसरा टेस्ट मैच खेलेंगी जो गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। यह सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के अंतर्गत खेली जा रही है और इस जीत से भारत को 60 अंक मिले जिससे वह कुल 300 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारतीय जीत के नायक उसके तेज गेंदबाज और सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल रहे,। उन्हें उनकी 243 रन की शानदार पारी के लिये 'मैन आफ द मैच' चुना गया।

इंदौर में शनिवार को बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम के आउट की अपील करते भारतीय खिलाड़ी। -एएफपी

स्कोर बोर्ड

बांग्लादेश पहली पारी : 150 रन
भारत पहली पारी : 6 विकेट पर 493 रन (घोषित)

बांग्लादेश दूसरी पारी : 69.2 ओवर/213 रन/आल आउट

शादमान इस्लाम बो इशांत.....06
इमरुल कायेस बो उमेश.....06
मोमिनुल हक पगबाधा बो शमी.....07
मोहम्मद मिथुन कै अग्रवाल बो शमी.....18
मुशफिकुर रहीम कै पुजारा बो अश्विन.....64
महमुदुल्लाह कै रोहित बो शमी.....15
लिट्टन दास कै एवं बो अश्विन.....35
मेहदी हसन मिराज बो उमेश.....38
ताइजुल इस्लाम का साहा बो शमी.....06
अबु जायेद नाबाद.....04
इबादत हुसैन कै उमेश बो अश्विन.....01
अतिरिक्त: 13
विकेट : 1-10, 2-16, 3-37, 4-44, 5-72, 6-135, 7-194, 8-208, 9-208
गेंदबाजी: इशांत 11-3-31-1 उमेश 14-1-51-2 शमी 16-7-31-4 जडेजा 14-2-47-0 अश्विन 14.2-6-42-3

रहीम ही कर पाये संघर्ष

बांग्लादेश की तरफ से दूसरी पारी में केवल अनुभवी मुशफिकुर रहीम ही कुछ संघर्ष कर पाये। उन्होंने शुरू में जीवनदान मिलने के बाद 150 गेंदों का सामना करके 64 रन बनाये। मुशफिकुर ने लिट्टन दास (35) के साथ छठे विकेट 63 रन और मेहदी हसन मिराज (38) के साथ सातवें विकेट के लिये 59 रन की साझेदारी की। बांग्लादेश की दूसरी पारी की शुरुआत भी बेहद खराब रही। उमेश ने बेहतरीन आउटस्विंगर (बायें हाथ के बल्लेबाज के लिये इनस्विंगर) पर इमरुल कायेस (6) को बोल्ड किया। कायेस शुरू से ही संघर्ष करते हुए नजर आये और उमेश ने जल्द ही उनका लेग स्टंप भी उखाड़ दिया। युवा शादमन इस्लाम (छह) को इशांत ने अपनी तेजी और मूवमेंट से लगातार परेशान किया और उनकी एक गेंद ने जल्द ही इस बल्लेबाज के मिडिल स्टंप से गिल्ली हवा में उड़ा दी। बांग्लादेश की उम्मीद कप्तान मोमिनुल हक (7) पर टिकी थी लेकिन वह शुरू से परेशानी में दिखे। उमेश की आफ स्टंप से बाहर जा रही गेंद पर उनके खिलाफ पगबाधा के लिये डीआरएस लिया गया जिसमें फैसला मोमिनुल के पक्ष में गया। कोहली को डीआरएस लेना पड़ा और इस बार उन्हें सफलता मिली।

अब हमारे पास तेज गेंदबाजों का शानदार संयोजन : कोहली

इंदौर, 16 नवंबर (एजेंसी)

भारतीय कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ 3 दिन के अंदर पारी के अंतर से टेस्ट मैच जीतने के बाद कहा कि हमारे पास तेज गेंदबाजों का 'स्वप्निल संयोजन' है जो किसी भी पिच पर और किसी भी टीम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर सकता है। मैच में भारतीय तेज गेंदबाजों के दबदबे का अंदजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इशांत शर्मा, उमेश यादव और मोहम्मद शमी की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने बांग्लादेश के 14 विकेट चटकाए जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविन्द्र जडेजा ने मिलकर 5 विकेट निकाले। भारतीय टीम के मौजूदा प्रदर्शन की तुलना 2000 के शुरुआती दशक में आस्ट्रेलिया के प्रदर्शन से की जा रही है।

भारतीय तेज गेंदबाजों के बारे में कोहली ने कहा कि टीम अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना भी शानदार प्रदर्शन कर रही है जो इस समय चोटिल हैं। मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में कोहली ने कहा, 'ये खिलाड़ी (तेज गेंदबाज) शानदार लय में है। जब वे गेंदबाजी करते हैं तो लगता है कि हर पिच अच्छी पिच है।

गुलाबी गेंद से अभ्यास के लिए इंदौर में ही रुकेगी भारतीय टीम

इंदौर, 16 नवंबर (एजेंसी)

भारतीय टीम ने कोलकाता में 22 नवंबर से खेले जाने वाले दिन-रात्रि मैच की तैयारी के लिए इंदौर में रुकने का फैसला किया है जहां टीम रविवार को शाम के समय अभ्यास करेगी। बांग्लादेश की टीम ने भी भारतीय टीम की तरह यहां रुकने का फैसला किया है ताकि पहले टेस्ट के जल्दी खत्म होने से बचे समय का सही उपयोग कर सके।

पता चला है कि अगले 2 दिन भारतीय टीम का ध्यान 'शाम' के समय अभ्यास करने पर होगा। गुलाबी गेंद से खेलने वाले बल्लेबाजों के मुताबिक शाम के समय स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण होती है। शाम में गेंद का बर्ताव पता करना मुश्किल होता है।

ऐसा रहा गेंदबाजों का प्रदर्शन

इंदौर में शनिवार को बांग्लादेश के तैजुल इस्लाम का विकेट लेने के बाद खुशी जाहिर करते मोहम्मद शमी। -एएफपी

पहली पारी में 3 विकेट लेने वाले मोहम्मद शमी ने दूसरी पारी में भी कमाल दिखाया और 31 रन देकर 4 विकेट लिये। उनके साथी तेज गेंदबाजों उमेश यादव (51 रन देकर 2) और इशांत शर्मा (31 रन देकर एक) ने उनका अच्छा साथ दिया। आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन (42 रन देकर 3) ने भी अपना योगदान दिया। भारत की बांग्लादेश पर यह 10 मैचों में आठवीं जीत है। विराट कोहली की अगुवाई में भारत ने 10वीं बार पारी के अंतर से जीत दर्ज की जो भारतीय रिकार्ड है। महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारत ने 9 मैच पारी के अंतर से जीते थे।

कोहली से मिलने मैदान में घुसा प्रशंसक

इंदौर। भारतीय कप्तान विराट कोहली से मिलने की ख्वाहिश के साथ शनिवार को 22 वर्षीय युवक सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए होलकर स्टेडियम के मैदान में घुस गया। इस वक्त स्टेडियम में भारत-बांग्लादेश टेस्ट मैच चल रहा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मैच के दौरान मैदान में घुसे युवक पर नजर पड़ते ही उसे पकड़कर हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने बताया कि हिरासत में लिया गया युवक अपना नाम सूरज बिष्ट (22) बता रहा है। वह खुद को उत्तराखंड का मूल निवासी बता रहा है। उसने दावा किया कि वह इंदौर के भंवरकुआं इलाके में खाना बनाने का काम करता है। अधिकारियों के मुताबिक शुरुआती पूछताछ में युवक ने बताया कि वह कोहली का बड़ा प्रशंसक है और भारतीय कप्तान से मिलने की ख्वाहिश के साथ दर्शक दीर्घा की जाली फांदकर मैदान में घुसा था। उन्होंने बताया कि युवक ने कोहली का नाम छपी टी-शर्ट पहन रखी थी।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में मैच के दौरान अंदर प्रवेश किये व्यक्ति को बाहर निकाले सुरक्षा कर्मी। -एएफपी

अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय कुश्ती
केयू के विकास, एमडीयू के विशाल के बीच होगा फाइनल

हिसार, 16 नवंबर (निस)

गुजवि में आयोजित अखिल भारतीय अंतरविश्वविद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता दूसरे दिन काफी रोमांचक रही। 70 किलोग्राम वजन का फाइनल मुकाबला कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विकास और एमडीयू के विशाल के बीच खेला जाएगा

खेल निदेशक डॉ. लुथरा के अनुसार 61 किलोग्राम का अंतिम मुकाबला सोल्हापुर विश्वविद्यालय के आत्काले बजरंग और सीएलडीयू अनिल कुमार के बीच खेला जाएगा। उन्होंने बताया कि 74 किलोग्राम में सीडीएलयू सिरसा के मोहित व एमडीयू रोहतक के प्रवीण आमने-सामने होंगे।

शनिवार को प्रतियोगिता के दूसरे दिन कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने चैम्पियनशिप की व्यवस्था का जायजा लिया और पहलवानों के खाने-पीने की जांच की। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार पुंडीर ने दूसरे दिन की प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ किया।

गुजवि में कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता पहलवान को सम्मानित करते वीसी प्रो. टंकेश्वर कुमार। -निस

खेल निदेशक डॉ. एसबी लुथरा ने बताया कि अखिल भारतीय अंतर्विश्वविद्यालय कुश्ती फ्री स्टाइल एंड ग्रीको रोमन पुरुष चैम्पियनशिप के दूसरे दिन फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम, 70 किलोग्राम व 74 किलोग्राम भार वर्ग में तथा ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम, 67 किलोग्राम व 72 किलोग्राम भारवर्ग में 500 से अधिक मुकाबले हुए।

जींद और रोहतक के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

भिवानी, 16 नवंबर (हप्र)

स्थानीय भीम स्टेडियम में 36वीं हरियाणा राज्य पुरूष सीनियर हॉकी प्रतियोगिता का पहला सेमिफाइनल मुकाबला जींद व सोनीपत के बीच खेला गया। मैच का निर्णय पेनाल्टी शूटआउट द्वारा किया गया। जिसमें जींद की टीम ने सोनीपत की टीम को 5-4 से हराकर फाईनल में प्रवेश किया। सोनीपत टीम से भरत छिकारा व जींद की टीम में ओलंपियन प्रदीप मोर का खेल सराहनीय था। मैच के 23वें मिनट में जींद की टीम की तरफ से रजत ने मैदानी गोल कर अपनी टीम का स्कोर 1-0 कर दिया। जींद की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 43वें मिनट में दीपक द्वारा एक गोल और कर अपनी टीम का स्कोर 2-0 कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में 53वीं मिनट में सोनीपत की टीम की तरफ से अभिषेक द्वारा पलंटी कार्नर द्वारा गोलकर अपनी टीम का स्कोर 2-1 कर लिया। सोनीपत की टीम ने एक के बाद एक हमले करते हुए 54वें मिनट में विकास द्वारा मैदानी गोल करके स्कोर 2-2 कर दिया। दूसरा सेमीफाइनल मैच दादरी व रोहतक के मध्य खेला गया। रोहतक ने दादरी को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल मुकाबला जींद और रोहतक के बीच होगा।

रोलर स्केटिंग में फरीदाबाद, गुड़गांव, कुरुक्षेत्र, सिरसा ने बाजी मारी

कैथल, 16 नवंबर (हप्र)

33वीं हरियाणा स्टेट रोलर स्केटिंग (रोलर एंड इनलाइन) प्रतियोगिता हुडा ग्राउंड में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में 4 ग्रुप के खेल मुकाबले हुए जिनमें लड़के और लड़कियों की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में फरीदाबाद, गुड़गांव, कुरुक्षेत्र और सिरसा जिला की टीमों ने बाजी मारी। इन टीमों में से अच्छे खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो राष्ट्रीय स्तर पर विशाखापत्तनम में 18 से 23 दिसम्बर को होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

महिला खिलाड़ियों ने जीते 3 स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य

सफीदों (निस) : सरला देवी मैमोरियल राजकीय महिला महाविद्यालय की एथलेटिक्स टीम ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में आयोजित छठी वार्षिक अंतर महाविद्यालय एथलेटिक प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण, एक रजत व एक कांस्य पदक और ओवरआल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया है। कोमल में ऊंची कूद में स्वर्ण व तिहरी कूद में कांस्य पदक जीता। कुमारी शिवानी ने 100 मीटर व 400 मीटर बाधा दौड़ में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किए तथा कुमारी कांता ने 10000 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया।

रजत शर्मा ने दिया डीडीसीए अध्यक्ष पद से इस्तीफा

सीईओ और सीएसी ने भी छोड़ा पद

नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा ने शनिवार को दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया। इसका कारण उन्होंने संस्था के बीच चल रही 'खींचतान और दबावों' में पद पर बने रहने में असमर्थता बतायी। शर्मा के त्यागपत्र के कुछ घंटों बाद ही सीईओ रवि चोपड़ा ने भी इस्तीफा दे दिया। क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के 2 सदस्यों सुनील वाल्सन और यशपाल शर्मा ने भी अपना पद छोड़ दिया।

शर्मा का लगभग 20 महीने का कार्यकाल उतार-चढ़ाव से भरा रहा। इस बीच उनके महासचिव विनोद तिहाड़ा से मतभेद सार्वजनिक तौर पर सामने आये। तिहाड़ा को संगठन में अच्छा समर्थन हासिल है। शर्मा ने बयान में कहा, 'यहां क्रिकेट प्रशासन हर समय खींचतान और दबावों से भरा होता है। यहां निहित स्वार्थ हमेशा क्रिकेट के हितों के खिलाफ सक्रिय रहे हैं।'

श्रीकांत हांगकांग ओपन से बाहर

हांगकांग, 16 नवंबर (एजेंसी)

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत शनिवार को सेमीफाइनल में स्थानीय प्रबल दावेदार ली चेयुक यिऊ से सीधे गेम में हारकर हांगकांग ओपन से बाहर हो गये। श्रीकांत की हार के साथ टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी को 42 मिनट तक चले मुकाबले में 9-21, 23-25 से पराजय झेलनी पड़ी जिसमें उन्होंने दूसरे गेम में 6 गेम प्वाइंट गंवाये।

इंडिया ओपन सुपर 500 में अंतिम चार में जगह बनाने के बाद यह उनका पहला सेमीफाइनल मुकाबला था। वह उस टूर्नामेंट में उप विजेता रहे थे। श्रीकांत शुरुआती गेम में पहले ही पिछड़ गये जिसमें ली ने 6-1 से बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी ने बराबरी करने की कोशिश की लेकिन वह अंतर को कम नहीं कर सके। दूसरे गेम में श्रीकांत ने 5-1 की बढ़त हासिल कर ली थी लेकिन जल्द ही ली बराबरी पर पहुंच गये। दोनों खिलाड़ियों ने एक दूसरे की बराबरी करने की कोशिश की, श्रीकांत इसमें आगे निकल गये लेकिन लय टूटने के कारण पिछड़ने लगे।

श्रीकांत ने पिछले साल इंडिया ओपन में 23 वर्षीय ली को सीधे गेम में पराजित किया था।

आ रहा है क्रिकेट का नया प्रारूप 100 गेंद का होगा मैच

टी-20 जैसी क्रांति ला सकता है : युवी

अबुधाबी, 16 नवंबर (एजेंसी)

पूर्व भारतीय बल्लेबाज युवराज सिंह को लगता है कि इंगलैंड का 100 गेंद क्रिकेट का नया प्रारूप टी-20 प्रारूप की तरह ही क्रांति ला सकता है। टी-20 की सफलता से कई अन्य तरह के प्रारूप शुरू हुए जिसमें टी-10 भी शामिल है। दो बार के विश्व कप विजेता से जब इस बाबत पूछा गया तो उन्होंने कहा कि 'द हंड्रेड' काफी रोमांचक संभावना दिखती है। युवराज ने कहा, '100 गेंद का नया प्रारूप रोमांचक हो सकता है। यह टी-20 की तरह की क्रांति हो सकती है।' 'द हंड्रेड' 2020 में शुरू हो रहा है और इंगलैंड में पारंपरिक काउंटी क्रिकेट से हटकर इस नये टूर्नामेंट को शुरू किया जायेगा। इसमें टीमें 100 गेंद तक बल्लेबाजी करेंगी जिसमें 10 गेंद के बाद छोर बदले जायेंगे जबकि प्रत्येक गेंदबाज लगातार 5 या 10 गेंद फेंक सकता है।

'एक देश, एक चुनाव' पर मुख्य चुनाव आयुक्त सहमत, बोले-सर्वसम्मति जरूरी

अहमदाबाद, 16 नवंबर (एजेंसी)

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने शनिवार को यहां कहा कि 'एक साथ लोकसभा-विधानसभा के चुनाव' या 'एक देश, एक चुनाव' बहुत जल्द नहीं होने वाला है। उन्होंने कहा कि यह तब तक नहीं हो सकता, जब तक कि राजनीतिक दल साथ बैठकर सर्वसम्मति पर नहीं पहुंच जाते हैं और कानून में जरूरी संशोधन नहीं लाया जाता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग इस मामले में बहुत कुछ नहीं कर सकता है, लेकिन वह ऐसी व्यवस्था को तरजीह देगा।

अरोड़ा ने कहा कि मैं महज इतना कह रहा हूं कि हम लोग सैद्धांतिक रूप से इस पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि यह राजनीतिक दलों पर निर्भर करता है कि वे (इस विषय पर) एकसाथ बैठें और किसी आम राय पर पहुंचे, कानून में संशोधन करें ताकि चुनाव एकसाथ कराये जा सकें। यहां निरमा विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में अरोड़ा ने कहा कि जब तक ऐसा नहीं होता है तब तक सेमिनारों में बात करने के लिये यह एक अच्छा विषय है। लेकिन यह बहुत जल्द भी नहीं होने वाला है।

ईवीएम में खराबी आ सकती है, छेड़छाड़ नहीं : सीईसी

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने कहा कि एकसाथ चुनाव 1967 तक देश में हो रहे थे, उसके बाद कुछ राज्यों में विधानसभाओं के भंग होने और अन्य कारणों के चलते 'इस व्यवस्था में असंतुलन' पैदा हुआ। सीईसी ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है, इसके बावजूद भी कुछ लोग इसके उलट दावा कर रहे हैं। इसमें खराबी आ सकती है जैसा कि आपकी कार या दोपहिया वाहनों में होता है लेकिन इनसे छेड़छाड़ नहीं की जा सकती।

मतदान को लेकर गरीबों में अधिक सक्रियता

छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने कहा कि जब मतदान की बारी आती है तो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोग समाज के समृद्ध वर्ग की तुलना में अधिक सक्रियता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरुकता के लिये ऐसे लोगों को नुक्कड़ नाटक नहीं दिखाया जा सकता है। उनके लिये जागरुकता निश्चित रूप से उनके भीतर से आनी चाहिए।

दिल्ली चुनाव के लिए बिछने लगी सियासी बिसात

हरीश लखेड़ा / ट्रिब्यू

नयी दिल्ली, 16 नवंबर

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अब सियासी बिसात बिछने लगी है। प्रदेश में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस अब चुनावी जंग के लिए अपने-अपने कार्यकर्ताओं की 'फौज' को दुरुस्त करने में जुट गये हैं। तीनों ही दल अब उम्मीदवारों और मुद्दों को लेकर अपने-अपने सर्वे कराने में जुटे हैं। इसके अलावा एक-दूसरे के खिलाफ प्रदर्शनों को दौर तेज हो गया है। दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2020 में समाप्त हो रहा है।

इधर, प्रदेश की मतदाता सूचियों को दुरुस्त करने का काम भी तेजी पर है। राजनीतिक दलों की बैठकें शुरू हो गई हैं। 20 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर भाजपा के लिए यह चुनाव अब 'करो या मरो' जैसी स्थिति वाला है, जबकि सत्तारूढ आम आदमी पार्टी का अस्तित्व ही दिल्ली की राजनीति पर टिका है। कांग्रेस अपने को पुनर्जीवित करने की पुरजोर कोशिश में है।

दिल्ली में सत्तारूढ़ आप तो सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में ही दोबारा चुनावी मैदान में जाने वाली है, लेकिन भाजपा और कांग्रेस अभी दुविधा में हैं कि मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर मैदान में उतरा जाये कि नहीं।

भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष की कमान पूर्वांचल मूल के मनोज तिवारी के पास है, लेकिन भाजपा नेतृत्व 2015 के चुनाव से सबक लेते हुए इस बार मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर असमंजस में है। क्योंकि तब पूर्व पुलिस अफसर किरण बेदी को मुख्यमंत्री का प्रत्याशी बनाने से नाराज भाजपा का कैडर घर बैठ गया था। कांग्रेस के सामने भी यही दुविधा है। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के निधन के बाद कांग्रेस बड़ी मुश्किल से प्रदेश अध्यक्ष तय कर पाई। कांग्रेस ने प्रदेश संगठन की कमान पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा को ही सौंप दी जबकि चुनाव प्रचार कमेटी का अध्यक्ष भाजपा से आये कीर्ति आजाद को बनाया है। यानी कांग्रेस भी भाजपा की राह पर चलते हुए पूर्वांचल के मतदाताओं पर विशेष ध्यान देने जा रही है।

गुरु के सम्मान में...

क्यूबा के हवाना में शनिवार को गुरु नानकदेव जी के 550वें प्रकटोत्सव के मौके पर आतिशबाजी का खूबसूरत नजारा। - प्रेट्र

जीडीपी वृद्धि दर 4.9% रहने का अनुमान

एनसीएईआर ने कहा-मौद्रिक नीति उपायों से भी कोई उम्मीद नहीं

नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

लगभग सभी क्षेत्रों में सुस्ती का रुख जारी रहने से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर घटकर 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर ने यह अनुमान लगाया है। चालू वित्त वर्ष 2019-20 की पहली तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर घटकर पांच प्रतिशत पर आ गई। यह इसका छह साल से अधिक का निचला स्तर है। नेशनल काउंसिल आफ एप्लायड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष में पूरे साल के दौरान भी जीडीपी की वृद्धि दर के घटकर 4.9 प्रतिशत रह जाएगी, जो कि 2018-19 में 6.8 प्रतिशत रही थी। एनसीएईआर ने कहा कि आगे चलकर मौद्रिक नीति उपायों से वृद्धि में सुधार की उम्मीद नहीं है। एनसीएईआर ने इसके बजाय वित्तीय प्रोत्साहन देने का सुझाव दिया है।

शोध संस्थान ने कहा कि वित्तीय प्रोत्साहन का वित्तपोषण भी यदि बेहतर राजस्व सृजन से नहीं होता है, तो यह भी चुनौतीपूर्ण ही साबित होगा। एनसीएईआर के विशिष्ट फेलो सुदीप्तो मंडल ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम के मौके पर अलग से कहा, 'वृद्धि दर में गिरावट अपने निचले स्तर को छू चुकी है या नहीं, इसका पता अगले दो सप्ताह में दूसरी तिमाही के आंकड़े आने के बाद चलेगा। हालांकि, वृद्धि दर में मौजूदा सुस्ती मांग की समस्या की वजह से है। इसे वित्तीय उपायों से दूर किया जा सकता है।' मंडल ने कहा कि वित्तीय उपायों पर विशेष जोर दिया जाना चाहिए।

पीएमसी बैंक घोटाले में भाजपा नेता का पुत्र गिरफ्तार

मुंबई, 16 नवंबर (एजेंसी)

मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने पंजाब एवं महाराष्ट्र सहकारी (पीएमसी) बैंक घोटाला मामले में इसके एक निदेशक रंजीत सिंह को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा के पूर्व विधायक सरदार तारा सिंह के बेटे रंजीत बैंक की कर्ज वसूली कमेटी के सदस्य भी हैं। गौर हो कि 4355 करोड़ रुपये के इस घोटाले के सिलसिले में अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

बाबरी मस्जिद ढहाने की बरसी

रामजन्म भूमि के आसपास सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

अयोध्या (उप्र), 16 नवंबर (एजेंसी)

बाबरी मस्जिद ढहाये जाने की बरसी से पहले अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना 6 दिसंबर, 1992 को हुई थी।

अयोध्या के जिलाधिकारी अनुज झा ने बताया कि 'रेड जोन' उच्च सुरक्षा क्षेत्र में आने वाली रामजन्म भूमि के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और इसके नजदीक स्थित अन्य मुख्य धार्मिक स्थलों की भी कड़ी निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमने फैसला आने तक शहर और जिले के अन्य हिस्सों में कड़ी सतर्कता बरती थी और बाबरी मस्जिद ढहाये जाने की बरसी (6 दिसंबर) तक सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारी अगली चुनौती छह दिसंबर को शांति और सद्भाव बनाए रखने की होगी। जिला अधिकारी ने बताया कि 8 नवंबर को धारा 144 लगाई गई थी, जो 28 दिसंबर तक जारी रहेगी।

भारत को आरसीईपी में शामिल करने के प्रयास तेज

सिंगापुर के मंत्री बोले लंबित मुद्दों को हल किया जाना चाहिए

सिंगापुर, 16 नवंबर (एजेंसी)

सिंगापुर ने उम्मीद जताई है कि भारत को क्षेत्रीय वृहद आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) में होने वाले समझौते में भारत को शामिल करने के लिए उसके द्वारा उठाये गये लंबित मुद्दों को हल करेंगे।

सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री टियो ची हीन ने शनिवार को कहा कि हमें उम्मीद है कि भारत और 15 अन्य देश बकाया मुद्दों को हल करने में सफल रहेंगे। अंततः भारत में इसमें शामिल होगा। इससे एक बड़ा दक्षिण एशियाई बाजार आरसीईपी में आएगा। हम चाहते हैं कि भारत सहित पूरा क्षेत्र एकसाथ मिलकर आगे बढ़े। बैंकॉक में आसियान की हालिया बैठक में भारत ने आरसीईपी में शामिल नहीं होने की घोषणा की थी। वहीं चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, आस्ट्रेलिया और आसियान के सदस्यों सहित 15 देशों में करार के लिए सहमति बनी थी। लेकिन भारत उसकी चिंताओं का समाधान नहीं हो पाने की वजह से समझौते पर हस्ताक्षर के लिये सहमत नहीं हुआ।

गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव की वाशिंगटन में धूम

अमेरिकी सीनेट में सिखों पर प्रस्ताव, मिला बड़ा सम्मान

वाशिंगटन, 16 नवंबर (एजेंसी)

अमेरिकी सीनेट ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के अवसर पर इसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के साथ ही अमेरिका में सिखों के योगदान को रेखांकित किया है।

इन सिखों को किया शामिल

सीनेट के प्रस्ताव में 4 प्रमुख सिखों का भी जिक्र था, जिन्होंने अमेरिका के लिये योगदान दिया। प्रस्ताव में जिन सिखों को शामिल किया गया है, उनमें दलीप सिंह सौंद, डॉ. नरिंदर कपानी, दिनार सिंह बैंस और गुरिंदर सिंह खालसा शामिल हैं। सौंद पहले एशियाई-अमेरिकी सांसद हैं, जो 1957 में इस पद के लिये निर्वाचित हुए थे। कपानी ने फाइबर ऑप्टिक्स का अविष्कार किया था। बैंस आड़ू के सबसे बड़े उत्पादक हैं, जबकि खालसा प्रतिष्ठित रोसा पार्क्स ट्रेलब्लेजर अवार्ड से सम्मानित हैं।

इंडियाना से रिपब्लिकन सीनेटर टॉड यंग और मेरीलैंड से डेमोक्रेटिक सीनेटर बेन कार्डिन द्वारा पेश किये गए सिख धर्म पर अपनी तरह के पहले प्रस्ताव को गुरुवार को सिखों के पहले गुरु के 550वें प्रकाश पर्व पर पारित किया गया।

प्रस्ताव में कहा गया कि अमेरिका और दुनियाभर में सिख समानता, सेवा और ईश्वर के प्रति भक्ति के मूल्यों और आदर्शों के साथ रहते हैं, जिसकी शिक्षा सर्वप्रथम गुरु नानक ने दी थी।

यंग इंडियन से कर छूट वापसी आदेश सही : आईटीएटी

नयी दिल्ली, 16 नवंबर (एजेंसी)

आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) ने यंग इंडियन की आयकर छूट वापस लेने के फैसले को सही ठहराया है। यंग इंडियन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके परिवार तथा अन्य के नियंत्रण वाली इकाई है। आईटीएटी ने अपने आदेश में कहा है कि इसे परोपकारी संगठन नहीं कहा जा सकता। यंग इंडियन ने आयकर छूट वापस लेने के आयकर विभाग के फैसले को आईटीएटी में चुनौती दी थी।

आईटीएटी की दिल्ली पीठ ने 15 नवंबर को जारी आदेश में कहा कि यंग इंडियन का मात्र में 50 लाख रुपये में एसोसिएटेड जर्नल्स लि. (एजेएल) के अधिग्रहण का पूरा प्रयास इसकी संपत्तियों के नियंत्रण और हित साधने के लिए था। एजेएल ने प्रकाशन गतिविधियों को रोक दिया है और उसके पास करोड़ों रुपये की संपत्तियां हैं जिनसे भारी भरकम किराया और पट्टा आमदनी आती है।

आदेश में कहा गया है कि क्या समझदारी यह कह सकती है कि यह अधिग्रहण परमार्थ कार्य को और आगे बढ़ाने या फिर यंग इंडियन के काम को आगे बढ़ाने के लिए किया गया? आदेश में कहा गया है, 'आयकर आयुक्त (छूट) सीआईटी-ई का आकलन वर्ष 2011-12 से पंजीकरण रद्द करने का फैसला न्यायोचित है, क्योंकि यंग इंडियन की कोई भी गतिविधियां उसके उद्देश्यों के अनुरूप नहीं हैं और न ही उसकी गतिविधियों को वास्तविक कहा जा सकता है। इसी के मद्देनजर यंग इंडियन की अपील को खारिज किया जाता है। आकलन वर्ष के दौरान यंग इंडियन के शेयरधारकों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी के अलावा कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा, आस्कर फर्नांडीज, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे शामिल हैं। आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण, आयकर विभाग के फैसले के खिलाफ अपील की पहली सीढ़ी है। करदाता इसके आगे उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में भी अपील कर सकता है।

विकास का परिवार मॉडल : भाजपा

भाजपा नेता और कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि कांग्रेस के सत्तारुढ़ परिवार ने एजेएल में महज 50 लाख के निवेश से 2000 करोड़ रूपये से अधिक की संपत्ति अर्जित कर ली। उन्होंने इसे 'विकास का परिवार मॉडल' करार दिया। वैसे कांग्रेस की तरफ से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है लेकिन उसने पहले भाजपा का ऐसा ही आरोप खारिज कर दिया था और जांच को 'राजनीतिक बदले की मामला' करार दिया था।

यह गैर लाभकारी कंपनी है : कांग्रेस

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और दावा किया कि मोदी एवं उनके दोस्त इस सच्चाई को नहीं बदल सकते कि यह एक गैर लाभकारी कंपनी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, 'जो मामला अदालत के विचाराधीन है उस पर टिप्पणी नहीं की जा सकती। यह कुछ चैनलों की दृष्टि से झटका हो सकता है, लेकिन मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कानून अपना काम करेगा और यह सच सामने आएगा कि यंग इंडियन एक गैर लाभकारी कंपनी है।'

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
सर्कुलेशन : 0172-2670419
या ई-मेल करें : circulation@tribunemail.com
विज्ञापन :
क्लासिफाइड : 0172-2670257
या ई-मेल करें : classified@tribunemail.com
डिस्पले : 0172-2670256
या ई-मेल करें : advt@tribunemail.com

उत्तराखंड वीडियो कान्फ्रेंसिंग से चलेंगे 500 स्कूल

देहरादून, 16 नवंबर (एजेंसी)

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने 500 माध्यमिक स्कूलों को वीडियो कांफ्रेंसिंग वाली कक्षाओं से जोड़ने के लिये एक परियोजना का शनिवार को उद्घाटन किया।

बिल्डर पर केस यूपी की मंत्री ने पुलिस को धमकाया

लखनऊ, 16 नवंबर (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश की मंत्री स्वाति सिंह पर आरोप लगा है कि उन्होंने एक पुलिस अफसर को धमकाया है। इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस महानिदेशक से मामले की रिपोर्ट मांगी है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक ऑडियो क्लिप में मंत्री स्वाति सिंह क्षेत्राधिकारी (सीओ) कैंट बीनू सिंह से अंसल डेवलपर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में पूछताछ करते हुए सुनी जा सकती हैं। मंत्री को इस ऑडियो में प्राथमिकी दर्ज किये जाने पर नाखुशी जाहिर करते हुए और सीओ को आकर मिलने की हिदायत देते हुए भी सुना जा सकता है। मामला सामने आने के बाद मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से इस मामले पर रिपोर्ट मांगी है।

स्वाति सिंह के वायरल ऑडियो के बाद सीएम ने मांगी रिपोर्ट

डीजीपी ओपी सिंह ने कहा कि मंत्री स्वाति सिंह और क्षेत्राधिकारी कैंट के बीच हुई बातचीत की रिपोर्ट शहर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि मैथानी से मांगी गयी है। रिपोर्ट मिलते ही इसे मुख्यमंत्री को सौंप दिया जाएगा।

ऑडियो में मंत्री को कहते सुना जा सकता है कि फर्जी मामले दर्ज किये गये हैं, खत्म कीजिये यह सब, ऊपर बैठे लोग इस मामले के बारे में जानते हैं। वह सीओ से यह भी कहती सुनाई पड़ रही हैं कि 'मामले की जांच हो रही है और यह मुख्यमंत्री के संज्ञान में है। एक दिन आकर बैठ लीजियेगा, अगर यहां काम करना है तो।' ऑडियो क्लिप वायरल होने के बाद विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा है। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट किया, 'मामला हाई प्रोफाइल है।

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, प्लाट नं. 123, सेक्टर-37, पेस सिटी-1, गुरुग्राम से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर CHAHIN/ 2017/ 72698
गुरुग्राम फोन : 0124-2210033, 2210044.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
संपादक : राजकुमार सिंह*
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।

epaper.tribuneindia.com